CMYK

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 20°C

सेंसेक्स 81,148.22
निफ्टी 24,578.35

सोना 97,140
चांदी 97,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 14 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 122 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**गाजा में नाकाबंदी: 57 बच्चों की भूख से मौत**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## CBSE 10वीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**10वीं में 93.60%**
**12वीं में 88.39%**
**परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण**

■ 10वीं में परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत रहा अधिक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने मंगलवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें 10वीं में 93.60 प्रतिशत और 12वीं में 88.39 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

परिणामों के विश्लेषण के अनुसार बोर्ड की 10वीं और 12वीं दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने लड़कों पर बाजी मारी है। 10वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं जबकि उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 92.63 है। 12वीं में छात्राओं की सफलता दर 91.64 प्रतिशत रही, जो छात्रों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंची है। 10वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण कुल परीक्षार्थियों का अनुपात इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 0.06 प्रतिशत अधिक रहा। सीबीएसई ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष 10वीं की परीक्षा में 22,388,27 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे, जिनमें से 20,95,467 उत्तीर्ण हुए। तिरुवनंतपुरम ने 10वीं की परीक्षा में 99.70 प्रतिशत सफलता के साथ पहला स्थान हासिल किया है, जबकि असम के गुवाहाटी में 84.14 प्रतिशत विद्यार्थी ही उत्तीर्ण हो सके। प्रमुख केंद्रों में गुवाहाटी का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार दसवीं की परीक्षा में जवाहर नवोदय विद्यालयों -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायमूर्ति गवई आज लेंगे 52वें सीजेआई की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले होंगे दूसरे व्यक्ति

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई बुधवार (आज) को उच्चतम न्यायालय के 52वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय के इतिहास में यह एक उल्लेखनीय मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन के बाद अनुसूचित जाति समुदाय से न्यायपालिका में शीर्ष पद पर पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। उनकी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के मंगलवार को सेवानिवृत्त होने के बाद हुई है। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया। वह 23 नवम्बर, 2025 को सेवानिवृत्त होंगे। वह प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं।

## शोपियां में सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मार गिराए हैं। भारतीय सेना ने मंगलवार को बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को आतंकियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना मिलने के आधार पर शोकल केलर क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। सेना ने कहा कि अभियान के दौरान, आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सुरक्षा बलों ने माकूल जवाब दिया। इस दौरान तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 13 मई 2025 को, शोकल केलर क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने तलाश अभियान शुरू किया।

## विधायक रमाकांत यादव समेत 4 को तीन माह की सजा

**आजमगढ़।** उप्र में आजमगढ़ जिले की दीवानी न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वर्तमान बाहुबली विधायक व पूर्व सांसद रमाकांत यादव समेत चार अभियुक्तों को एक मामले में धारा 1423 आईपीसी के तहत तीन माह के कारावास एवं एक एक हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इसी मामले में धारा 341 आईपीसी के तहत एक माह के कारावास एवं 300 रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है । सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपी एमएलए कोर्ट अनुपम त्रिपाठी ने मंगलवार को यह सजा सुनाई।

## एयर इंडिया व इंडिगो ने सुरक्षा कारणों से रद्द की कई उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश के मौजूदा हालात को देखते हुए विमानन कंपनी एयर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस ने मंगलवरा को उत्तर और पश्चिम भारत के कई शहरों के लिए अपनी उड़ानों को रद्द कर दिया। एयर इंडिया ने जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानों को मंगलवार के लिए स्थगित करने की घोषणा की।

## अमेरिका खामखा चौधरी न बने

# कश्मीर मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारत की दो टूक, हम पाक के साथ आपस में मिल बैठकर निपटालेंगे मामला
■ पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा, विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के दो दावे नकारे

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष का दखल मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। यह बात विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। सभी मामले द्विपक्षीय तरीके से ही हल होंगे।

दरअसल, भारत के इस जवाब को जम्मू-कश्मीर विवाद को सुलझाने के मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान से जोड़कर देखा जा रहा है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों देशों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। 10 मई को ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर भारत-पाक के बीच सीजफायर होने की जानकारी दी थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे पक्ष की दखलंदाजी मंजूर नहीं है। इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। इसमें कोई बदलाव नहीं है। लंबित मामला सिर्फ पीओके पर कब्जा करने का है। इसी पर ही बात होगी। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं दोनों के साथ मिलकर यह देखने की कोशिश करूंगा कि क्या हजार साल बाद कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। जायसवाल ने कहा कि 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरते सैन्य हालात पर बातचीत होती रही। किसी भी चर्चा में व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। ट्रम्प ने 12 मई को दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से कहा कि अगर वे युद्धविराम पर सहमत होते हैं, तो अमेरिका उन्हें व्यापार में मदद करेगा। अगर नहीं मानते हैं, तो उनके साथ कोई व्यापार नहीं होगा। इसके बाद दोनों देश सीजफायर पर सहमत हो गए थे।

# दुनिया में हुई ऑपरेशन सिंदूर की गूंज, अबकी बार मिट्टी में मिला देंगे: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**70 देशों को बताया ऑपरेशन का सूरतेहाल**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर उसकी ओर से किसी तरह का आतंकवादी या सैन्य दुस्साहस किया जाता है, तो भारत उसे मिट्टी में मिलाने में कसर नहीं छोड़ेगा। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमाओं पर सैन्य कार्रवाई रोके जाने पर बनी सहमति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार सुबह सवेरे आदमपुर वायुसेना स्टेशन पहुंचे और वहां मौजूद वायुयोद्धाओं तथा अन्य जवानों से बातचीत की। पाकिस्तान ने इस वायु सेना स्टेशन पर लड़ाकू विमानों तथा ड्रोन से असफल हमले का प्रयास किया था। श्री मोदी ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली एस 400 के समक्ष जवानों को संबोधित कर पाकिस्तान के उस झूठ का भी पर्दाफाश कर दिया, जिसमें इस प्रणाली को नष्ट करने का दावा किया गया था। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं के निरंतर भारत माता की जयघोष के नारों के बीच उनकी जमकर सराहना की और कहा कि उनकी वीरता और गौरव की कहानी ऑपरेशन सिंदूर की गूंज अब दुनिया भर में सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन यदि मानवता पर हमला होता है, तो यह भारत युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन को मिट्टी में मिलाना भी जानता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था, यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लक्ष्मण रेखा एकदम स्पष्ट है यदि अब कोई आतंकी हमला होगा, तो भारत उसका पक्का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि एयर स्ट्राइक के समय सबने देखा है और ऑपरेशन सिंदूर अब भारत का न्यू नॉर्मल है। हमने तीन सूत्र तय कर दिए हैं। यदि भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो हम अपने तरीके और शर्तों पर तथा अपने समय पर जवाब देंगे । दूसरा भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा। भारत आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक -शेष पृष्ठ दो पर

# सम्भल जामा मस्जिद सर्वे मामले में निर्णय सुरक्षित

■ इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई पूरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सम्भल जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद को लेकर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर मंगलवार को सुनवाई पूरी होने पर दिया। हरि शंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन सम्भल की अदालत में एक मुकदमा किया है, जिसमें यह तर्क दिया गया है कि सम्भल के कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद एक मंदिर को ध्वस्त करने के बाद बनाई गई थी। वादी ने हरिहर मंदिर में प्रवेश के अधिकार की घोषणा की मांग की है। दीवानी अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई को एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था और मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाया था। न्यायालय ने सम्भल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर हाईकोर्ट ने भारतीय एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई हलफनामा दाखिल नहीं होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया।

# खुलासा: पहलगाम हमले से पहले सैटेलाइट इमेज के ऑर्डर मिले थे

नई दिल्ली, वार्ता



■ पाकिस्तानी फर्म से अमेरिकी सैटेलाइट कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने पार्टनरशिप खत्म की

**22 अप्रैल** को पहलगाम में आतंकी हमले से पहले इस इलाके की सैटेलाइट तस्वीरें ली गई थीं।

अमेरिका की स्पेस टेक कंपनी मैक्सार टेक्नोलॉजीस को पहलगाम और उसके आस-पास के इलाकों की हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट तस्वीरें देने के लिए बड़ी मात्रा में ऑर्डर मिले थे। द प्रिंट की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 से 22 फरवरी 2025 के बीच, मैक्सार टेक्नोलॉजीस को कम से कम 12 ऑर्डर मिले। यह सामान्य संख्या से दुगुना था। इस कंपनी के ग्राहकों में पाकिस्तान की बिजनेस सिस्टम्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (बीएसआई) भी शामिल थी। इस कंपनी का नाम अमेरिका में हुए संघीय अपराधों से जुड़ा हुआ है। अब मैक्सार टेक्नोलॉजीस ने बीएसआई से अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार डेटा से यह स्पष्ट नहीं है कि पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के ऑर्डर बीएसआई ने दिए थे या नहीं। पहलगाम की सैटेलाइट तस्वीरों के लिए ऑर्डर जून 2024 से ही आने लगे थे। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले। हर एक सैटेलाइट तस्वीर की कीमत 3 लाख रुपये से शुरू होती है और रेजोल्यूशन के अनुसार इनकी कीमत बढ़ती जाती है। मैक्सार पोर्टल के एक्सेस में पहलगाम के अलावा जम्मू-कशमीर के पुलवामा, अनंतनाग, पुंछ, राजौरी और बारामूला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के सैटेलाइट इमेज मिले।



## संक्षिप्त समाचार

### पट्टे की जमीन पर बनी मस्जिद को मालिकों ने खुद तोड़ा

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर अवैध धार्मिक स्थलों के विरुद्ध अभियान के तहत पीलीभीत के भरतपुर गांव में स्थित एक मस्जिद को अवैध चिह्नित किया गया। पूरनपुर तहसीलदार ने मस्जिद के मालिक दो भाइयों जुम्मन और हैदर को नोटिस जारी कर उन्हें 16 मई तक पट्टा कैंसिल कराने या अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया था। नोटिस मिलने के बाद दोनों भाइयों ने मस्जिद में अजान और नमाज बंद कर दी। प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए वे खुद ही मस्जिद को तोड़ रहे हैं।

### महिलाओं के आगे आने से विकास संभव: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि महिलाओं के आगे आने से संतुलित आर्थिक विकास और सामाजिक वृद्धि संभव है। धनखड़ ने आज यहां मेघालय में गारो हिल्स, खासी हिल्स और जैंतिया हिल्स क्षेत्रों के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति को वित्तीय मदद देने से सशक्तीकरण नहीं होता है, बल्कि उसको सहयोग देने से वह वास्तविक रूप से सशक्त होता है। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक से अधिक समय से चल रहे शासन सुधारों और विकास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह दूरदर्शी नेतृत्व ही है, जो अधिकारियों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।

### पंचतत्व में विलीन हुए डॉ. विक्रम राव

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव का मंगलवार को यहां भैंसाकुंड पर राजकीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित बड़ी संख्या में राजनेता, अधिकारी और पत्रकार मौजूद थे। बैकुण्ठ धाम पर उनके पार्थिव शरीर को बड़े बेटे सुदेव राव ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी ने गार्ड आफ आनर दिया। उनके निधन पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, यूपी सरकार में मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल नंदी, नितिन अग्रवाल आदि ने शोक जताया है।

### हरदोई में नाव पलटने से तीन की मौत

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में रामगंगा नदी में नाव पलटने से सात लोग डूब गए। इनमें से चार लोगों को तो बचा लिया गया, लेकिन तीन लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतकों के परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नाव में सवार लोग तरबूज की खेती करके वापस लौट रहे थे। हरदोई के अरवल थाना क्षेत्र के खैरूद्दीन पुर के चैन सिंह गांव के पास रामगंगा नदी में नाव पलटने से जिन तीन लोगों की मौत हुई, वह सभी एक ही परिवार के थे। उनके खेत में तरबूज की तुड़ाई चल रही है।

## उमर ने एलओसी के पास बंकरों के निर्माण का किया वादा

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सरकारी मदद और अतिरिक्त बंकरों के निर्माण का आश्वासन दिया। अब्दुल्ला ने कुपवाड़ा जिले के तंगधार के गोलाबारी प्रभावित इलाकों के दौरे के दौरान यह आश्वासन दिया। वहां उन्होंने ऐसे परिवारों से मुलाकात की, जिन्होंने संकट के दौरान उल्लेखनीय साहस दिखाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका धैर्य प्रेरणादायक है। सरकार उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, उनके दर्द को अनदेखा नहीं किया जाएगा और उन्हें सम्मान तथा नई उम्मीद के साथ जीवन फिर से शुरू करने में मदद करने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से

**■ गोलाबारी से प्रभावित गांवों को दी जाएगी मदद**

कहा कि वह गोलाबारी से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आए हैं और उन्होंने दोहराया कि राहत और पुनर्वास उपायों के तहत पीड़ितों को पर्याप्त मदद प्रदान की जाएगी। तंगधार में सामुदायिक बंकरों का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने संकट के समय उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। तनाव बढ़ने के समय ये संरचनाएं जीवन रेखा होती हैं। हम संवेदनशील क्षेत्रों में रहने वाले अपने लोगों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बंकरों का निर्माण सुनिश्चित करेंगे। तनाव बढ़ने के दौरान सीमा पर रहने वाले लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत बंकरों के निर्माण का मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

## अचानक सैन्य कार्रवाई रुकने से हम मौका चूके: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम घटना और उसके बाद की कार्रवाई पर सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन जरूर किया लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खतरनाक बयान पर चुप्पी साधकर सबको निराश किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के आतंकवादियों को करारा जवाब देने पर पाकिस्तान के साथ संघर्ष हुआ, जिसमें हमारी बहादुर सेना पाकिस्तान को बर्बाद कर रही थी, लेकिन अचानक हुई सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा ने सबको चौंका दिया और आतंकवाद तथा आतंक को पनाह देने वाले पाकिस्तान को कुचलने का स्वर्णिम अवसर हमारे हाथ से निकल गया। हमारे पास पाकिस्तान के आतंकवाद को हमेशा के लिए नेस्तनाबूद करने का यह एक स्वर्णिम मौका था। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रम्प



**■ ट्रम्प के बयान पर जवाब दें मोदी: अशोक गहलोत**

ने सोशल मीडिया एक्स पर सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की और बाद में कहा कि भारत और पाकिस्तान को व्यापार का हवाला देते हुए उन्होंने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए तैयार किया। अब देश समझ नहीं पा रहा है कि इसे गोपनीय क्यों रखा गया जबकि हमारी सेना ने बहुत अच्छा काम कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया और पूरी दुनिया में इसकी तारीफ हुई। पहलगाम घटना से देश के हर परिवार में दुख था और ऐसे में सेना ने हमला कर घटना से जुड़े 100 आतंकवादियों को मार दिया। कांग्रेस नेता ने कहा कि जब सेना कार्रवाई को अंजाम दे रही थी, तो अचानक ट्रम्प बीच में आ गए और उन्होंने भारत तथा पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने संबंधी पोस्ट कर दिया, जिसने सबको चौंका दिया। अमेरिका ने पहले भी हिंदुस्तान पर दबाव बनाया था, लेकिन हम कभी झुके नहीं और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। शिमला समझौते के वक्त भी हमने किसी दूसरे देश को बीच में आने नहीं दिया। लेकिन अब जिस तरह से ट्रंप बीच में आ रहे हैं, उस पर मोदी और उनकी सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति की पोस्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि डोनाल्ड ट्रंप ने कौन सी ठेकेदारी ले रखी है। ट्रंप या तो खुद ठेकेदार बन गए या हमारी चुप्पी ने उनके हौसले को बढ़ा दिया है, जिस कारण वो सीजफायर की घोषणा कर रहे हैं। अब ट्रंप कह रहे हैं कि कश्मीर मुद्दे को भी वे सुलझाएंगे, जबकि इससे पहले तक भारत की नीति सिर्फ द्विपक्षीय ही रही है।

### पाकिस्तान संघर्ष पर सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेई सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी। इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए।

### अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में बोले सीएम योगी

## बर्ड फ्लू से सुरक्षा को उच्च सतर्कता बरती जाए

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश में एच5 एवियन इंफ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) संक्रमण की आशंका को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्राणी उद्यानों, पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिएहैं।

योगी ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में कहा कि इस संक्रमण को रोकने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की गाइडलाइनों के अनुरूप सभी आवश्यक कदम तत्परता से उठाए जाएं। प्राणी उद्यान परिसरों को नियमित रूप से सैनेटाइज किया जाए और आवश्यकतानुसार ब्लो टॉर्चिंग की प्रक्रिया भी अपनाई जाए। सभी वन्य जीवों एवं पक्षियों की जांच की जाए और उनके आहार की गहन जांच के उपरांत ही उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाए तथा उन्हें पीपीई किट सहित आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। बाड़ों में नियुक्त कर्मचारियों की ड्यूटी इस जोखिम के स्तर को ध्यान में रखते हुए तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी की जाए और पोल्ट्री उत्पादों के आवागमन पर सतत नियंत्रण रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ५5 एवियन इंफ्लुएंजा के मनुष्यों पर पड़ने वाले प्रभावों की भी स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गहन समीक्षा की जाए, ताकि संक्रमण की कोई भी कड़ी मानव समाज तक न पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, स्वास्थ्य मंत्रालय, मत्स्यपालन एवं डेयरी विभाग, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर (बरेली) आदि से लगातार संपर्क बनाकर सुझाव लिए जाएं और आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योगी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बीच समन्वय को सशक्त बनाया जाए ताकि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित हो सके।



**■ सभी प्राणी उद्यानों पक्षी विहारों, नेशनल पार्कों, वेटलैंड क्षेत्रों और गो आसरे स्थलों में संरक्षित पशु-पक्षियों की सुरक्षा प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए**

### फलों-सब्जियों के निर्यात को लक्ष्य तय

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने निर्यात को बढ़ावा देने और खाद्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के लिए राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए बहुआयामी रणनीति शुरू की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बागवानी के विस्तार, स्थानीय प्रसंस्करण को समर्थन तथा वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। देश की श्रम शक्ति का करीब 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि क्षेत्र में समायोजित है, फिर भी प्रच्छन्न बेरोजगारी इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या है। किसान परंपरागत खेती की जगह स्थानीय तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार खेती करें, यही इस समस्या का प्रभावी हल है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को भाजपा सरकार ने किया बर्बाद: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद कर दिया है। यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यूपी में अस्पतालों में लापरवाही चरम पर है। गरीबों को पर्याप्त दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। मेडिकल कॉलेजों में इलाज के लिए पर्याप्त दवाएं, जांच, प्रोफेसर, डाक्टर, नर्स तकनीकी स्टाफ आदि की सुविधाओं का अभाव है। बड़े अस्पतालों में दलालों का बोलबाला है। दवाओं और मशीनों की खरीद बिक्री में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार ने पूरी व्यवस्था को पंगु बना दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास बयानबाजी के सिवा कुछ नहीं है। भाजपा सरकार ने अपने पूरे कार्यकाल में जिलास्तर का कोई अस्पताल नहीं बनाया। वह समाजवादी सरकार में बने अस्पतालों में सुविधाएं नहीं दे रही है। प्रदेश में स्थित पीएचसी और सीएचसी में हालत बेहद खराब है। इनमें इलाज कराने से मरीज डरते है। कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर अधूरे भवन खड़े है। वहां पर मरीजों के लिए एम्बुलेंस और स्ट्रेचर तक की सुविधा नहीं है। अस्पतालों में अग्निकांड लापरवाही की वजह से हो रहे है। मरीजों की जान जोखिम में है। सुरक्षा मानकों का कोई पालन नहीं किया जा रहा है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने गंभीर रोगों हार्ट, लीवर, किडनी, कैंसर के इलाज की विशेष व्यवस्था की थी। भाजपा ने कैंसर अस्पताल की सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्था में बदल दी। सरकार मेडिकल कॉलेजों को आवश्यकतानुसार बजट नहीं दे रही है। मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ डाक्टरों की भारी कमी है। कई अच्छे डॉक्टर इस्तीफा देकर चले गए है।

## अमृतसर में जहरीली शराब पीने से 14 श्रमिकों की मौत

**अमृतसर, वार्ता**

पंजाब के अमृतसर में मजीठा क्षेत्र के तीन गांवों में ज़हरीली शराब पीने से भट्टा पर काम करने वाले 14 श्रमिकों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

अमृतसर की जिला उपायुक्त साक्षी साहनी ने मंगलवार को बताया कि मृतकों में भंगाली, थरियावाल और मुरारी कलां गांव के लोग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार की है। उन्होंने बताया कि शराब पीने से कुछ लोगों की मौत हो गई और रात तक मृतकों की संख्या बढ़ने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती छह लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। पी गई शराब के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। मजीठा थाना के प्रभारी (एसएचओ) आबताब सिंह ने बताया कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने इस सिलसिले में मुख्य आरोपी प्रभजीत सिंह सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभजीत नकली शराब



**■ मृतकों में तीन गांवों के लोग शामिल, छह की हालत बनी है गंभीर**

की आपूर्ति करने वाले गिरोह का सरगना है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम कुलबीर सिंह उर्फ जग्गू, जो मुख्य आरोपी प्रभजीत का भाई है। साहिब सिंह उर्फ सराय निवासी गांव मारड़ी कलां, गुरजंट सिंह और निंदर कौर पत्नी जीता निवासी गांव थीरेवाल को भी पकड़ा गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रविवार (11 मई) की शाम को एक ही जगह से यह शराब खरीदी गई थी, इनमें से कुछ लोगों की सोमवार की सुबह ही मौत हो गई थी, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं मिली। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार मृतकों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोगों की हालत नाजुक बनी हुई हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि लोगों ने अवैध कच्ची शराब का सेवन किया था।

## अर्थ व्यापार

## चौतरफा मुनाफावसूली से ढह गया शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**

**विश्व** बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर सोमवार की तूफानी तेजी के बाद ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा मुनाफावसूली से आज शेयर बाजार ढह गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला स्नवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1281.68 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत का गोता लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 81,148.22 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 346.35 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24578.35 अंक पर बंद हुआ।

हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.17 प्रतिशत



बढ़कर 43,806.83 अंक और स्मॉलकैप 0.99 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,176.68 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4101 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2559 में तेजी जबकि 1402 में गिरावट रही, वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2959 कंपनियों में से 1948 में लिवाली जबकि 937 में बिकवाली हुई, वहीं 74 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार कल के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला, जहां निफ्टी ने 916 अंकों की छलांग लगाई। यह उछाल युद्धविराम की खबरों के बाद आई सकारात्मक भावना के चलते हुआ, लेकिन इसका समर्थन संस्थागत निवेश से नहीं मिला। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थानगत निवेशक (डीआईआई) की कुल शुद्ध खरीद महज 2,694 करोड़ रुपए रही, जिससे साफ है कि तेजी मुख्य रूप से शॉर्ट, कवरिंग और खुदरा एवं उच्च नेटवर्थ निवेशकों की खरीदारी के कारण हुई। यह स्थिति संकेत देती है कि यदि आगे भी संस्थागत निवेशक सक्रिय नहीं होते हैं, तो इस तेजी की गति बनाए रखना कठिन हो सकता है। बाजार की दिशा अब इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या संस्थागत निवेश में मजबूती आती है या फिर यह हालिया तेजी अल्पकालिक ही साबित होती है। दूसरी ओर वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के बीच 90 दिनों के लिए टैरिफ घटाने का समझौता सकारात्मक संकेत दे रहा है। इससे व्यापार युद्ध के समाप्त होने की संभावना बढ़ी है, जो वैश्विक बाजारों को राहत पहुंचा सकती है। अमेरिका में मंदी की आशंका घटने से भारतीय आईटी कंपनियों को वहां की कंपनियों द्वारा बढ़े हुए प्रौद्योगिकी खर्च से लाभ हो सकता है। वहीं फार्मा क्षेत्र के लिए स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ट्रंप द्वारा दवाओं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दिए गए कार्यकारी आदेश से भारतीय फार्मा निर्यातकों को प्राइस प्रेशर का सामना करना पड़ सकता है, इन कंपनियों के स्टॉक्स पर नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 35 रिंगिट बढ़कर 3825 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.27 सेंट गिरकर 49.66 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और



गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सीबीएसई...** (जेएनवी) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का अनुपात 99.49 प्रतिशत के साथ सबसे ऊंचा रहा। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.45 प्रतिशत सफलता दर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। निजी (स्वतंत्र) स्कूलों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का प्रतिशत 94.17 प्रतिशत रहा। दसवीं में केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) में 91.53 प्रतिशत, सरकारी स्कूलों में 89.26 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की श्रेणी में उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 83.94 रहा। सीबीएसई दसवीं की परीक्षा इस वर्ष 15 फरवरी से 18 मार्च के बीच आयोजित की गई थी। सीबीएसई ने मंगलवार को ही कक्षा 12 के परिणाम भी जारी किए, जिसमें 88.39 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 0.41 प्रतिशत अधिक रहा। 12वीं में 91 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं और उनकी सफलता का अनुपात लड़कों की तुलना में 5.94 प्रतिशत ऊंचा है। इस वर्ष सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परिणाम पिछले साल से 0.41 प्रतिशत बेहतर है। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का अनुपात 2024 के 87.98 प्रतिशत से बढ़कर 88.39 प्रतिशत हो गया है। परीक्षा देने वाले 16,92,794 छात्र-छात्राओं में से 14,96,307 उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई 12वीं कक्षा के नतीजों में जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) 99.29 प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षार्थियों के साथ सूची में शीर्ष पर रहे। केंद्रीय विद्यालय (केवी) 99.05 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि केंद्रीय तिब्बती स्कूलों (एसटीएसएस) ने भी 98.96 पास प्रतिशत के साथ शानदार प्रदर्शन किया। अन्य श्रेणियों में, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों का पास प्रतिशत 91.57 रहा और सरकारी स्कूलों ने 90.48 प्रतिशत दर्ज किया। इस बार स्वतंत्र (निजी) स्कूल ने थोड़े पिछड़ते हुए भी 87.94 प्रतिशत का पास प्रतिशत हासिल किया। विज्ञप्ति में बताया गया कि 12वीं की परीक्षा में प्रयागराज परीक्षाफल तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहा, जिसमें करीब 80 फीसदी छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। सीबीएसई कक्षा 10वीं की 2025 परीक्षाएं 26675 स्कूलों के 7837 केंद्रों पर आयोजित की गई थीं। परीक्षाएं भारत में 7,842 केंद्रों और विदेशों में 26 स्थानों पर आयोजित की गईं।

**दुनिया में...** के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखता और अब दुनिया भी भारत के इस नए रूप को देखते हुए आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय केवल उद्घोष नहीं है यह उन सैनिकों की कसक है, जो मां भारती के लिए जान की बाजी लगा देती है, यह उस हर नागरिक की आवाज है, जो देश के लिए कुछ करना चाहता है। यह मैदान में भी गूंजती है और मिशन में भी। उन्होंने कहा कि जब हमारे वीर जय बोलते हैं, तो दुश्मन के कलेजे कांप जाते हैं। जब फौज न्यूक्लियर ब्लैकमेल की हवा निकाल देती है और भारत के ड्रोन तथा मिसाइल सनसनाती हुई दुश्मन के यहां जाती हैं, तो दुश्मन को भी सुनाई देता है भारत माता की जय। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सामान्य सैन्य अभियान नहीं था यह भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उन्होंने कहा कि यह बुद्ध की भी धरती है और गुरु गोविंद सिंह की भी धरती है। धर्म की स्थापना के लिए सशस्त्र उठाना हमारी परंपरा है। जब हमारी बहनों का सिंदूर छीना गया, तो हमारी सेनाओं ने आतंकियों को उनके घर में घुसकर कुचल दिया। जो कायरों की तरह छिपकर आए थे, लेकिन वे भूल गए कि उन्होंने जिसे ललकारा वह हिन्द की सेना है। आपने उन्हें सामने से हमला करके मारा है। उन्होंने कहा कि सौ से अधिक आतंकवादियों की मौत से आतंकवाद के आकाओं को समझ में आ गया है कि भारत की ओर नजर उठाने का अंजाम तबाही होगा। उन्होंने वायु योद्धाओं की सराहना करते हुए कहा कि जब-जब भारत के इस पराक्रम की चर्चा होगी, भारत के इतिहास की चर्चा होगी, तो आपके अध्याय की भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि वह वीरों की इस धरती से वायुसेना, नौसेना, सेना और बीएसएफ के वीरों को सलाम करता हूं। श्री मोदी ने वायु योद्धाओं से कहा कि उनके पराक्रम की वजह से ऑपरेशन सिंदूर की गूंज हर कोने से सुनाई दे रही है। उन्होंने कहा कि पूरे ऑपरेशन के दौरान हर भारतीय आपके साथ खडा रहा, उनकी प्रार्थना आपके साथ रही। हर देशवासी सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञ और ऋणी है। उन्होंने पाकिस्तान और आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया कि यदि निर्दोष लोगों की मौत होगी, तो विनाश तथा महाविनाश होगा। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना के भरोसे आतंकवादी बैठे थे, भारतीय सेनाओं ने उस पाकिस्तानी सेना को भी धूल चटा दी है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तानी फौज को भी बता दिया है कि पाकिस्तान का ऐसा कोई ठिकाना नहीं है जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बदले का मौका भी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों की सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी। मोदी ने स्वदेशी हथियारों की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से जुड़ी कविता की पंक्तियों का हवाला दिया और कहा कि ये पंक्तियां भारत के स्वदेशी और आधुनिक हथियारों पर भी फिट बैठती हैं। उन्होंने सशस्त्र सेनाओं की वीरता तथा दृढ़ता का उल्लेख किया और कहा कि आपने इस कार्रवाई से देश का आत्मबल बढ़ाया है देश को एकता के सूत्र में बांधा है। सीमाओं की रक्षा की है, स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी है। आपने अभूतपूर्व और अकल्पनीय अदभुत काम किया है। प्रधानमंत्री ने वायु योद्धाओं से कहा कि आपकी कार्रवाई से पाकिस्तान के एयर बेस ही नहीं उनके नापाक इरादे तथा दुस्साह दोनों की हार हुई है। उन्होंने तीनों सेनाओं तथा अन्य बलों के बीच तालमेल की सराहना करते हुए कहा कि सभी के बीच तालमेल शानदार था और ऑपरेशन सिंदूर का एक-एक क्षण भारतीय सेनाओं के सामर्थ्य की गवाही देता है। उन्होंने कहा कि नौसेना ने समुद्र पर दबदबा बनाकर रखा, सेना ने बॉर्डर पर मजबूती रखी और वायुसेना ने प्रहार भी किया और रक्षा भी की, तो बीएसएफ भी मोर्चे पर मजबूती से डटी रही। वायु रक्षा प्रणाली ने भी शानदार काम किया और यही एकीकरण है तथा यह सेनाओं की मजबूत पहचान बन चुकी है। उधर भारत ने 70 देशों के राजनयिकों को मंगलवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पाकिस्तान द्वारा चलाए गए दुष्प्रचार का भी पर्दाफाश किया। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा ने भारत-पाक संबंधों में नए मानदंड स्थापित करने वाले ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन में नए युग के युद्ध में सैन्य श्रेष्ठता के माध्यम से भारत की शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रदर्शन किया गया। ले. जनरल राणा ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए थल सेना और वायुसेना के सटीक ऑपरेशन तथा जोरदार जवाब के बारे में चर्चा की। बातचीत के दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी हथियारों की युद्ध प्रभावशीलता के साथ संयुक्तता और एकीकरण के माध्यम से हासिल समन्वित बल प्रयोग पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने पाक के द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी दुष्प्रचार अभियान और क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव का की भी जानकारी दी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# व्यक्ति का शव घर में फांसी पर लटका मिला

## शांतिनगर में पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था मृतक रामबीर

■ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र के मौहल्ला शांतिनगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी तक पुलिस इस बात की छानबीन मे लगी है कि मृतक ने आत्महत्या का रास्ता क्यो चुना है घटना के बाद मृतक का परिवार भी यहां पहुंचा और सभी लोग गम में डूब गए।

मंगलवार को नई मंडी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि 48 वर्षीय रामबीर पुत्र अतर सिंह मूलनिवासी तितावी क्षेत्र के गांव लालूखेडी का रहने वाला था और वह काफी समय से अपनी बीवी व दो बच्चों के साथ मौहल्ला शांतिनगर में रहता था। बीती रात अज्ञात कारणों के चलते रामबीर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पडौस के लोगों को मंगलवार की सवेरे इसकी भनक लगी तो उन्होने घटना की जानकारी मंडी पुलिस को दी। कुछ ही देर बाद पुलिस व विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम मौके पर पहुंच गई और घटना की छानबीन शुरू की। सूचना के बाद परिवार के लोग भी रोते-बिलखते यहां पहुंचे। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जानकारी में लगी हुई है पुलिस का मानना है कि किसी तनाव या मानसिक तनाव के चलते मृतक रामबीर ने कदम उठाया है फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और पीएम के लिए भेज दिया। जब इस संबंध में थाना अध्यक्ष नई मंडी से बात की गई तो उनका मानना है कि घरेलू रंजिश के चलते आत्महत्या की गई है। थाना प्रभारी इस मामले में ओर भी जानकारी दे रहे है उनका कहना है कि मृतक घटना के समय नशे में हो सकता है।

## चित्तौड़ा झाल में मिला 21 साल की युवती का शव

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को सिखेडा क्षेत्र के चित्तौडा झाल के निकट 21 वर्षीय युवती का शव मिला है। पहचान न होने के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका का शव रूड़की की ओर से बहकर आया है और वह पहाडों की रहने वाली हो सकती है। सिखेडा क्षेत्र के चित्तौडा झाल पुल के निकट 21 वर्षीय युवती का शव मिला है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बाहर निकाला और मृतक युवती की पहचान कराने के प्रयास किया। पुलिस घंटेभर शव की शिनाख्त कराने में लगी रही। मृतक के गले में काला धागा पडा हुआ था और उसके बाए हाथ पर त्रिसूल गुदा हुआ है। इस सयम यहां काफी संख्या में आस-पास के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो चुकी थी, लेकिन मृतका युवती की शिनाख्त कोई नहीं कर सका। यहां इकट्ठा हुई भीड़ का मानना था कि शव रूड़की की ओर से गंग नहर में बहकर इधर आया है। मृतक युवती का चेहरा पाहडी लोगों से मिल रहा था जिससे पुलिस का मानना था कि वह पहाडों की हो सकती है यह बात अलग है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का है या फिर यह हादसा है फिल्हाल पहचान होने के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया गया। मृतका के फोटो भी आस-पास के थानों में भेज दिए है।



कोचिंग संचालक मर्डर केस में नहर से पिस्तोल बरामद करती पुलिस।

## साक्ष्य के अभाव में मुजफ्फरनगर 2013 दंगे के 11 आरोपी कोर्ट से हुए बरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिला न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ने वर्ष 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगे के दौरान एक घर में लूट और आगजनी के मुकदमे की सुनवाई करते हुए 11 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

मुजफ्फरनगर में 12 वर्ष पहले सन 2013 में हुए दंगे के दौरान फुगाना क्षेत्र के गांव लिसाढ में एक घर पर भीड ने हमला बोल दिया था। इस मामले में गृह स्वामी उमरदीन ने घटना के 13 दिन बाद मुकदमा दर्ज कराया था। उमरदीन ने आरोप लगाया था कि आठ सितंबर 2013 को वह अपने घर पर परिवार के अन्य लोगों के साथ मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी घर में घुस आए और 3.5 तोला सोना और चार किलो चांदी, 1.80 लाख रुपये नगर सहित घर में रखा जरूरत का करीब 7.5 लाख रुपये का सामान लूट लिया। लूट करने करने के बाद आरोपियों ने घर में आग लगा दी। उनके परिवार ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। फिर गांव छोड कर झिंझाना स्थित अपने भाई के घर जाकर शरण ली। पुलिस ने मुकदमे की विवेचना कर अदाल में चार्जशीट दाखिल की थी। इन आरोपियों के विरुद्ध चल रहा था मुकदमा उमरदीन की तरफ से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। दर्ज मुकदमे की विवेचना कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। विवेचक पंकज कुमार त्रिपाठी की ओर से 15 मई और 25 फरवरी 2015 को अलग-अलग दो चार्जशीट दाखिल की गई थीं। चार्जशीट में सुभाष, पप्पू, मनवीर, विनोद, प्रमोद और नरेंद्र, राम किशन, रामकुमार, मोहित विजय और राजेन्द्र निवासी लिसाढ को आरोपी बनाया गया था इसके बाद कोर्ट में सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई थी। सुनवाई के उपरांत कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अपने बयान से मुकर गए थे पिता और पुत्र मुकदमे की सुनवाई के दौरान वादी उमरदीन और उसका पुत्र जियाउल हक अपने बयान से मुकर गए थे। इसके बाद अभियोजन की याचना पर कोर्ट दोनों गवाहों को पक्षद्रोही घोषित किया था, जबकि तीसरी गवाह उमरदीन की पत्नी बाला का निधन गवाही से पहले हो गया था।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शौर्य रघुवंशी एवं यतिका अरोड़ा बने जिला टॉपर

■ अभिभावकों में खुशी की लहर, बांटी मिठाईयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जैसे ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम जारी किए वैसे ही परीक्षार्थियों ने अच्छा परिणाम पाकर जमकर जश्न मनाया। दोनों ही कक्षा में जनपद टापर 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ घोषित हुए। इंटरमीडिएट में लालूखेडी स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के शौर्य रघुवंशी ने जिला टाप किया। वहीं हाईस्कूल में एसडी पब्लिक स्कूल की यतिका अरोरा ने जनपद टापर की सूची में अपना नाम हांसिल किया। परीक्षा परिणाम जारी होते ही परीक्षार्थी और अभिभावकों की सांसे काफी देर तक परिणाम के अंतिम इंतजार में अटकी रही। सीबीएसई परीक्षा के 10वीं और 12वीं के परिणाम मगलवार को अचानक जारी हुए। दोपहर करीब 12 बजे 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी हुआ, जिसके बाद बोर्ड परीक्षार्थियों सहित स्कूलों व अभिभावकों में हलचल मच गई।

इसके बाद करीब दो बजे तक स्कूलों में 12वीं के परीक्षा परिणाम निकाले। इसी दौरान 10वीं कक्षा का भी परिणाम जारी हो गया, जिससे शाम पांच बजे तक स्कूल ने व्यक्तिगत निकालकर छात्रों की सूची बनाई। मुजफ्फरनगर जनपद में 12वीं कक्षा टाप करने वाला छात्र ग्रामीण अंचल से सामने आया। लालूखेडी स्थित ज्ञानद्वीप पब्लिक स्कूल में पढने वाले गांव मुकंदपुर निवासी शौर्य रघुवंशी ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले का टाप कर इतिहास रच दिया। वहीं जिले में दूसरे स्थान पर एसडी पब्लिक स्कूल के छात्रा उत्तरा मलिकरही, जिन्होंने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जनपद में तीसरे स्थान पर 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली शारदेन स्कूल की छात्रा आन्या कुमार रही। इसके साथ ही हाईस्कूल के परीक्षा परिणामों में जिले को टाप करने वाली एसडी पब्लिक स्कूल की छात्रा यतिका अरोरा रही, जिन्होंने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ जिले का नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर एमजी पब्लिक स्कूल के आरव शर्मा रहे, जिन्होंने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जिले में तीसरे स्थान पर 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले तीन छात्र-छात्राएं संयुक्त अंकों के साथ रहे, जिसमें हाली एंजेल्स कांवेंट स्कूल की छात्रा अवनी श्रेयांस पुत्री सतीश पाल, एमजी पब्लिक स्कूल के छात्र अनंत जैन और एसडी पब्लिक स्कूल के मनसा अरोरा रही। जनपद में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में टाप थ्री सूची में शामिल छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से सम्मान हुआ। इसके अलावा विद्यालयों मेधावियों को सम्मानित कर खुशियां मनाई।



मुजफ्फरनगर: एसडी पब्लिक स्कूल में सफलता से प्रसन्नचित्त विद्यार्थी अपनी खुशी जताते हुए।

# कोचिंग संचालक कांड: नहर से मिली पिस्टल

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हरकत में आई पुलिस, आरोपी जल्द होगा पुलिस के शिकंजे में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** भोपा क्षेत्र मे बीते एक सप्ताह से जारी कोचिंग सेंटर के संचालक प्रसिद्ध कोच अनिरुद्ध उर्फ अन्नू चौधरी के गायब होने के सप्ताह बाद गंग नहर से शव बरामद होने पर अन्नू चौधरी की मौत आत्महत्या मान ली गयी। सोमवार को पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मे मृतक के शव पर गोली का घाव मिलने से सनसनी फैल गयी। अन्नू चौधरी की हत्या होने की आशंका के चलते परिजनों द्वारा हत्या मुकदमा दर्ज कराया गया। मंगलवार को पुलिस ने गंगनहर से पिस्टल को बरामद कर व मृतक द्वारा बनाई गयी वीडियो से आत्महत्या के कारणों को स्पष्ट कर दिया। जबकि परिजन अन्नू चौधरी की हत्या होने को लेकर घंटो थाने पर मौजूद रहे।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी अनिरुद्ध उर्फ अन्नू चौधरी का शव बीते रविवार की शाम क्षेत्र की गंग नहर से बरामद हुआ था। सोमवार को पोस्ट मार्टम रिपोर्ट मे गोली का घाव मिलने से हड़कंप मच गया था। पुलिस द्वारा मृतक के तहेरे भाई अक्षय सहरावत की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया था।हत्या की आशंका के बाद पुलिस ने गोताखोर टीम को पिस्टल की तलाश मे उस स्थान के पास नहर मे भेज दिया। जहां बीते पांच मई की शाम मृतक का सामान बरामद हुआ था। घंटो की कड़ी मशककत के बाद गौतखोरों ने 32 बोर के एक देसी पिस्टल को नहर से ढूढ निकाला। पिस्टल मे एक गोली भी पड़ी मिली।

बरामद पिस्टल को फॉरेनसिक टीम द्वारा जांच के लिए भेज दिया गया।कथित आत्महत्या करने वाले स्थान के पास से पिस्टल बरामद होने पर पुलिस ने अन्नू चौधरी द्वारा आत्म कर लेना माना। किन्तु परिजन हत्या होने को लेकर घंटो तक थाने पर मौजूद रहे। जहां प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया की मृतक अनिरुद्ध उर्फ अन्नू के मोबाइल फोन मे मिली वीडियो की जांच की जा रही हैं।

अन्नू चौधरी मुजफ्फरनगर के शान्ति नगर कॉलोनी मे परिवार संग निवास करते थे। अन्नू चौधरी भोपा के निकट यूसुफपुर गांव मे अन्नू क्लासेस के नाम से कोचिंग सेंटर संचालित करते थे। बीते पांच मई की दोपहर लगभग दो बजे अन्नू चौधरी सेंटर पर जाने के लिये मुजफ्फरनगर से निकले थे।

शाम पांच बजे के लगभग उनकी बाइक, मोबाईल, जूते व बुक्स आदि क्षेत्र के निरगाजनी झाल के पास गंगनहर पटरी के पुरकाजी मार्ग पर पड़े मिले थे। जहां खेत मे काम कर रहे किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

जहां पुलिस को बाइक व एक थैले मे रखा मोबाइल व किताबें तथा जूते रखे मिले। डूब जाने की आशंका को लेकर पुलिस ने परिजनों संग पीएसी के गोताखोरों के साथ गंगनहर में युवक की तलाश शुरू कर दी थी।

# बंद होटल में होता मिला अनैतिक कार्य, दोबारा सील

■ बालिग होने पर आधा दर्जन युवक व युवतियों को पुलिस ने छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली पुलिस द्वारा हाइवे पर सील किए गए होटल में अनैतिक कार्य होने की सूचना पर छापेमारी की। पुलिस की छापेमारी के दौरान होटल का पिछला गेट खुला हुआ मिला। पुलिस ने होटल से कुछ युवक व युवतियों को हिरासत में लिया था। हालांकि बाद में बालिग होने के कारण सभी को छोड दिया गया। पुलिस ने होटल मालिक को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कुछ दिन पूर्व नई मंडी कोतवाली पुलिस ने अनैतिक कार्य की शिकायत पर बागोवाली बाइपास के पास स्थित होटल लीऑन को सील किया था।

मंगलवार को नई मंडी कोतवाली पुलिस को शिकायत मिली कि सील किए गए होटल में अनैतिक कार्य चल रहा है। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।




छापेमारी के दौरान होटल का पिछला गेट खुला हुआ मिला। पुलिस ने होटल के अंदर से कुछ युवक व युवतियों को हिरासत में लिया था।

थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल का कहना कि हिरासत में लिए गए युवक व युवतियों के बालिग होने के कारण छोड दिया गया। पुलिस ने होटल मालिक को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। होटल के पिछले गेट को भी सील कर दिया गया है।

# छेड़छाड़ के मामले में युवक को तीन साल की सजा

■ कोर्ट ने सबूत व गवाहों के आधार पर पांच हजार का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 5 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

एडीजीसी प्रदीप बालियान ने बताया कि थाना सिविल लाइंस निवासी एक व्यक्ति ने 13 मई-2015 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी नाबालिग बेटी कक्षा आठवीं की छात्रा है, जो घर से ट्यूशन पढने जा रही थी।

रास्ते में उसे युवक मनीष ने रोककर उसके छेडछाड की। विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा के साथ मारपीट की। लोगों के एकत्र होने पर आरोपी छात्रा को धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मामले में पाक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी।

पुलिस ने आरोप के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को विशेष पोक्सो एक्ट कोर्ट प्रथम मंजुला भालोटिया के न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने छात्रा से छेडछाड के आरोपी मनीष को 3 साल की सजा व 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।



बेडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वाले खिलाडियों को सम्मानित करते एसएसपी।

# 42वीं अन्तरजनपदीय प्रतियोगिता में नाम रोशन करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

■ सचिन, अनुज व पुष्पेन्द्र ने पाया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** 42 वीं अन्तरजनपदीय पुलिस बैडमन्टिन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 2025 (महिला/पुरूष वर्ग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाली आरक्षियों व मुख्य आरक्षियों को एसएसपी संजय कुमार ने सम्मानित किया।

पुलिस लाइन शामली में आयोजित हुई 42 वी अन्तरजनपदीय पुलिस बैडमन्टिन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता 2025 (महिला/पुरूष) में जनपद मुजफ्फरनगर पुलिस के खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एसएसपी संजय कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर मुजफ्फरनगर पुलिस को गौरवान्वित करने वाली महिला व पुरुष आरक्षियों वमुख्य आरक्षियों को सम्मानित किया। टीम चैम्पियनशिप टेबिल टेनिस प्रतियोगिता-पुरुष वर्ग का. सचिन कुमार - गोपनीय कार्यालय, का. अनुज कुमार-आंकिक शाखा, का. पुष्पेन्द्र कुमार - पुलिस लाइन चैम्पियनशिप में मुजफ्फरनगर पुलिस टीम द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

टीम चैम्पियनशिप टेबिल टेनिस प्रतियोगिता-महिला वर्ग, है. का. अर्चना तोमर-रेडियो शाखा, का. कुसुम -पुलिस लाइन, का. रश्मि-थाना रतनपुरी चैम्पियनशिप में मुजफ्फरनगर पुलिस टीम द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। ओपन टेबिल टेनिस प्रतियोगिता-पुरुष वर्ग, का. सचिन कुमार गोपनीय कार्यालय, का. अनुज कुमार-आंकिक शाखा चैम्पियनशिप में मुजफ्फरनगर पुलिस टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। टीम चैम्पियनशिप बैडमन्टिन-महिला वर्ग, है.का. अर्चना तोमर-रेडियो शाखा, का. कुसुम पुलिस लाइन चैम्पियनशिप में मुजफ्फरनगर पुलिस टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया।



मुजफ्फरनगर: दिन में भीषण गर्मी के कारण रहा जनजीवन बेहाल।

# बदमाशों पर भारी पड़ी सोमवार की रात, 7 घायल

■ पुलिस की गोली खाने वाले तीन बदमाशों पर घोषित था इनाम

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस सोमवार रात जंगल में दौड़ती रही और गोली का जवाब गोली से देती रही। नतीजा यह रहा कि इन मुठभेड़ों में सात शातिर बदमाश पुलिस की गोली का निशाना बने इनमें से तीन बदमाशों पर दस से लेकर 20 हजार रूपये का ईनाम घोषित था। एसएसपी ने मुठभेड़ में शामिल टीमों को पुरस्कृत करने की घोषणा की ।

जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में पोलिस में मुठभेड़ की झडी लगी है। सोमवार रात तो पुलिस और बदमाशों के बीच एक के बाद एक मुठभेड़ होती रही। कप्तान संजय कुमार वर्मा ने मंगलवार को पुलिस के इन गुडवर्को को सिलसिलेवार मीडिया से साझा किया। पहली मुठभेड़ फुगाना थाना क्षेत्र में हुई। हबीबपुर मार्ग पर पुलिस ने दो बदमाशों इरफान पुत्र इनाम और युनुस पुत्र इरफान निवासी कैली थाना दौराला को गिरफ्तार कर लिया। घायल इरफान के खिलाफ 18 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। इसी तरह खतौली पुलिस ने गंगनहर पटरी पर लोहे के पुल के पास संदिग्धों की तलाश के दौरान बाइक सवार इरफान पुत्र हमीद उर्फ हामिद निवासी इस्लामनगर को घायल कर दिया। आरोपी गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहा था। शाहपुर पुलिस ने मुठभेड़ में टॉप टैन अपराधी को घायल किया है। इस बदमाश का नाम अरमान पुत्र दीन मौहम्मद उर्फ मोडा निवासी कसेरवा बताया गया है। हिस्ट्रीशीटर अरमान पर नौ अपराधिक मामले दर्ज थे। एसएसपी वर्मा ने बताया कि जानसठ पुलिस की भलवा के पास स्थित एक बन्द पड़े कोल्हू के पास बदमाशों से मुठभेड़ हुई। फायरिंग में एक गोली पुलिस के वाहन में लगी, जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में जावेद पुत्र खलील निवासी सीकरी और जावेद उर्फ सबलू पुत्र इरशाद निवासी कवाल घायल हो गए, जबकि शाहिद उर्फ छाती फटा पुत्र युसुफ निवासी सीकरी और सरताज उर्फ भूरा पुत्र रियाज निवासी पलड़ी भागने में सफल हो गए। घायल बदमाशों के पास से चोरी की चार मोटर साइकिलें भी बरामद हुई है। इस मुठभेड़ के कुछ घंटे बाद पुलिस का फरार शाहिद उर्फ छाती से टकराव हो गया। आमने-सामने की फायरिंग में शाहिद घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुढ़ाना पुलिस से हुई मुठभेड़ गौकशी के अभियोग में वांछित और 10 हजार रूपये का इनामी गौकश घायल हुआ है। पुलिस ने सूचना के आधार पर विज्ञाना के जंगल में घेराबंदी की। इसी दौरान हुई मुठभेड़ में मतलूब पुत्र इस्लामू निवासी मौहल्ला पीरशाह बिलायत घायल हो गया। गौकश मतलूब के खिलाफ नौ आपराधिक मामले दर्ज है। एसएसपी ने बताया कि पकडे गए तीन बदमाशों पर 10 से लेकर 20 हजार रूपये का ईनाम घोषित था। उन्होंने मुठभेड़ में शामिल पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की। पत्रकार वार्ता में एसपी देहात आदित्य बंसल और तमाम सीओ मौजूद रहे।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड
एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल
एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए
पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# सेल्समैन गौरव रहस्यमय ढंग से गायब

## पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे, बाइक मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सेल्समैन गौरव सैन अचानक से रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया। परिजनों को उसकी बाइक एक स्थान पर खड़ी हुई मिली। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेजें को खंगालकर उसकी तलाश की लेकिनष उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव माजरा निवासी संदीप सेन का पुत्र गौरव सैन सेल्समेन है। वह बुढ़ाना की मार्किटों में किरयाना का माल सप्लाई करता है। बीते सोमवार के दिन भी वह रोजाना की भांति लगभग सुबह 11 अपनी बाइक पर सवार होकर बुढ़ाना माल सप्लाई करने के लिए आया तो उसने अपनी बाइक को पुराने बस स्टैंड पर खड़ी कर दी और मार्किट चला गया। उसके बाद से ही वो बीती सोमवार की देर रात तक भी अपने घर नहीं पहुंचा और उसका फोन भी स्विच आफ ही था। पहले तो परिजनों ने उसको इधर उधर संभावित स्थानों पर तलाश किया लेकिन जब वह नहीं मिला तो उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए बुढ़ाना पुलिस को घटना की सूचना दी तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जहां बाइक खड़ी की थी उसके आसपास लगे कैमरों की फुटेजें चौक की लेकिन काफी देर बाद तक भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। दारोगा नंदकिशोर कौशिक ने बताया कि गौरव सैन की तलाश की जा रही है। उधर गौरव सैन के अचानक से गायब हो जाने की दशा में उसके परिजन काफी परेशान बताए जा रहे हैं।

### प्राथमिक विद्यालय में तोड़फोड़, कार्रवाई की मांग

**मोरना।** भोकरहेड़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय मे अज्ञात शरारती तत्व द्वारा तोड़फोड करने का मामला प्रकाश मे आया है। विद्यालय की इंचार्ज अध्यापक सहित वार्ड सभासद ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

थाना भोपा क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार मे स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक मे रात के समय हुई तोड़फोड़ के संबंध मे वार्ड सभासद राहुल गर्ग ने बताया की अज्ञात शरारती तत्व ने किसी प्रकार विद्यालय मे घुसकर वहां लगे वाश वेशन को ईंट मारकर तोड़ दिया गया।तथा अन्य नुकसान किया है। इंचार्ज अध्यापिका वंदना शर्मा ने बताया की इस घटना से विद्यालय की सुरक्षा को लेकर चिंता हो गयी है। वंदना शर्मा ने पुलिस के नाम एक प्रार्थना पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने पदक पहनाकर जिया व उनके पिता नीरज को किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर ।** 30 अप्रैल 2025 से 5 माई 2025 तक नई दिल्ली में आयोजित हुए पीछे अंडर 19 स्कूल नेशनल गेम्स में ग्राम ढांशरी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर की बेटी ने 48 से 51 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। जिसके लिए आज जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में पदक पहनाकर जिया व उनके पिता श्री नीरज सम्मानित किया सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिक. ारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार,नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, जिला खेल अधिकारी भुपेंद्र सिंह , मनीष वूशू प्रशिक्षक , तिलकराम आदि अपस्थित रहे।

## 27 घंटे बाद बुझी पेपर मिल में लगी आग

**मुजफ्फरनगर।** शहर के भोपा रोड पर स्थित सिल्वर टोन पल्प एंड पेपर मिल में 27 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सोमवार दोपहर एक बजे भोपा रोड पर स्थित सिल्वर टोन पल्प एंड पेपर मिल के यार्ड में पडे वेस्ट पेपर में आग लग गयी थी। हवा के कारण आग लगातार विकराल रुप धारण करती रही। सीएफओ अनुराग कुमार जनपद की पांच गाडियां लेकर मौके पर पहुंचे। आग के विकराल रुप को देखते हुए पेपर मिलों के 10 टैंकरों को भी मौके पर बुला लिया गया। शाम के समय आग की स्थिति को देखते हुए मेरठ से दो गाडी, देवबंद से एक गाडी व शामली जनपद से एक गाडी को मौके पर बुला लिया गया। दमकल विभाग के अधिकारी व कर्मचारी रातभर आग बुझाने में जुटे रहे। रातभर की मशक्कत के बाद आग पर कुछ हद तक काबू पाया गया। सीएफओ अनुराग कुमार का कहना कि मंगलवार शाम 4 बजे तक आग पर पुरी तरह का काबू पा लिया गया था। आग बुझाने में दमकल विभाग को 27 घंटे की मशक्कत करनी पडी। पेपर मिल के मालिक संजीव जैन का कहना कि आग में करोडों रुपए का नकुसान हुआ है।

# गौकशी का फरार आरोपी गोली लगने के बाद लगाता रहा जान की गुहार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली पुलिस ने गौकशी के मामले में वांछित चल रहे एक कुख्यात गोतस्कर और गैंगस्टर को मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार किया। घटना कांवड़ पटरी मार्ग पर उस वक्त हुई जब पुलिस चे. कंग कर रही थी। हरिद्वार की ओर से आती एक संदिग्ध बाइक को रोकने पर बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।

सोमवार देर रात खतौली कोतवाली पुलिस कांवड़ पटरी मार्ग पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए सीओ रामा आशीष यादव के निर्देशन में थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम भूड़ चौकी प्रभारी आरिफ अली, तेजवीर सिंह, आकाश शर्मा, अमित चौधरी, मुनीश शर्मा, शीतल देव, धनेश नागर, योगेश कुमार और अजीत कुमार सहित पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान हरिद्वार की ओर से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया जिसके बाद बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान इरफान पुत्र हमीद उर्फ हामिद निवासी इस्लामनगर के रूप में हुई है, जो गौकशी और गैंगस्टर एक्ट में पहले से वांछित चल रहा था। पुलिस ने मौके से बदमाश के पास से एक 315 बोर का तंमचा, कारतूस और बाइक भी बरामद की है। सीओ रामआशीष ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था।

उक्त बदमाश खतौली नवीन मंडी में पकड़ी गई गौकशी में फरार चल रहा था। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। गैंगस्टर एक्ट



और गौकशी में वांछित चल रहे बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। कांवड़ पटरी मार्ग पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले बदमाश को जवाबी कार्रवाई में गोली लगी। घायल होते ही गोतस्कर



पुलिस अधिकारियों के आगे हाथ जोड़कर अपनी जान की भीख मांगने लगा और अधिकारियों के सामने दोबा. रा गौकशी न करने की कसम खाई। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# दाहोड़ गांव में बिना खुदाई के तालाब की सफाई कराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** ब्लॉक क्षेत्र के दाहोड़ गांव में तालाब की सफाई को लेकर बड़ा घोटाला सामने आया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलीभगत कर बिना खुदाई के ही तालाब की सफाई दिखा दी, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। गांव के खसरा संख्या 263 में स्थित यह तालाब करीब 7.5 बीघा में फैला हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में तो तालाब की सफाई पूरी दिखा दी गई, लेकिन मौके पर कोई खुदाई या सफाई नहीं हुई है। यह कार्य विकास खंड अधिकारी की निगरानी में हो रहा है, फिर भी वास्तविकता इसके विपरीत है। गांव के दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें तालाब की मौके पर जांच कराए जाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि यदि जांच की जाए तो यह फजह्लवाड़ा सामने आ जाएगा। उन्होंने ग्राम प्रधान और सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना था कि यह तालाब हमारे गांव के लिए बहुत जरूरी है। इससे खेतों की सिंचाई होती है और बारिश के पानी का संग्रहण भी होता है। अगर इसे सही तरीके से साफ नहीं किया गया, तो आगे चलकर हमें पानी की भारी समस्या हो सकती है। प्रशासन की ओर से अभी तक इस मामले में कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द जांच नहीं कराई गई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। शिकायत करने वाले ग्रामीणों में शनि कश्यप, अजय चौहान, मनोज चौहान, संजना, माला देवी, राहुल कुमार, सोनू कुमार, अंकुर कुमार, सुमित चौहान, किशोरी, महेश, रवि चौहान, शुभम सिंह, उधम सिंह, प्रेम देवी, आदि मौजूद रहे।

# पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित कर किया मोटिवेशन

**भोकरहेडी लाईब्रेरी में युवा जागरूकता मंच की पहल**

**मोरना।** कस्बा भोकरहेडी के मोहल्ला लोकुपुरा दक्षिणी में स्थित लाईब्रेरी मे आयोजित कार्यक्रम मे दक्ष युवा जागरूकता मंच के तत्वाधान में यूपी पुलिस में चयनित युवाओं को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने यूपी पुलिस में चयनित शिवानी राजपूत पुण्डीर, पूजा राजप. ूत पुण्डीर, अभिषेक सहरावत, अभय सहरावत, अभिषेक सहरावत, उदित सहरावत, शुभम कुमार को उपहारस्वरूप बैग भेंट कर उनका स्वागत व सम्मान किया तथा यूपी पुलिस का हिस्सा बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी ने कहा कि सफलता कठिन परिश्रम से मिलती है। लक्ष्य बनाकर किया गया परिश्रम कभी बेकार नहीं जाता। पुलिस सेवा एक बड़ी जिम्मेदारी का कार्य है।जिसमें इंटेलिजेंसी महत्वपूर्ण है।प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक भाग को लगन के साथ सीखें और सेवा को उद्देश्य बनाकर आत्मबिश्वास के साथ आगे बढ़े। पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार ने कहा कि कस्बे के आठ युवक युवतियों का यूपी पुलिस में चयन होना अपने आप में एक उपलब्धि है।ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मार्ग दर्शन की आवश्यकता है।खेल व शिक्षा क्षेत्र मे कस्बे के युवा लगातार आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा नेता राम कुमार शर्मा ने कहा की जहां संस्कार विकसित होंगे वहीं समाज भी विकसित होगा,शिक्षा विकास का माध्यम है। चौयरमैन प्रतिनिधि सचिन वामन ने कहा की कस्बे मे सकारात्मक वातावरण बनाने को वह लगातार प्रयासरत हैं कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अनिल प्रजापति ने अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। जो इस बार चयनित नहीं हो सके, वे निराश न हों और पूरी लगन से तैयारी जारी रखें, सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से तैयारी करने और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की अपील भी की। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे भाजपा किसान प्रकोष्ठ के चौधरी ब्रजवीर सिंह,डॉ. राज कुमार डॉ. विपिन कुमार, रवि आर्य, नवाब मलिक, सुभाष, हर्षित प्रजापति, शिमाल मलिक, अभय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दो वर्ष के कार्यकाल की सराहना कर रही है नगर की जनता

**चरथावल।** नगर पंचायत चेयरमेन के चुनाव की मतगणना को आज पुरे दो साल हो चुके हे स आज ही के दिन दो साल पहले नगर पंचायत के चुनाव की हुई मतगणना मे नगर पंचायत चरथावल की चेयरमेनी का सेहरा मास्टर इस्लाम के सर बँधा था।

मास्टर इस्लाम ने अपने विरा. ेधी सुधीर को पटखनी देते हुए करीब साढ़े पांच सो वोटो से जीत दर्ज कर इतिहास रचा थास मास्टर इस्लाम की पत्नी नसीबा बेगम भी जहाँ रिकार्ड तोड़ वोटो से जीतकर नगर पंचायत की चेयरमेन रह चुकी हे वही सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड भी मास्टर इस्लाम की पत्नी के नाम आज भी दर्ज हे उनसे बड़ी जीत कोई भी चेयरमेन चरथावल मे आज तक नही जीत पाया हे स वही चेयरमेन मास्टर इस्लाम के दो वर्ष के कार्यकाल के बारे मे जहाँ नगरवासियो से बात की गयी तो नगरवासियो ने बताया की जहाँ नगर मे बहुत ही अच्छी सफाई हो रही हे वही नगर की गली गली मे नगर पंचायत की लाईटे लगी हे जिससे नगर पूरी तरह जगमग नजर आ रहा हे वही पानी की आपूर्ति नगरवा. सियो को भरपूर मिल रही हे वही चेयरमेन द्वारा बहुत ही अच्छी क्वालिटी की सड़को का निर्माण कराया जा रहा हे और चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा नगर की जनता



के साथ बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हे आपसी विवादों मे चेयरमेन मास्टर इस्लाम द्वारा नगरवासियो को बिना भेदभाव के फैसले कराए जा रहे हे जिसकी नगरवासी भरपूर सराहना कर रहे हे नगर के ही गणमान्य व्यक्ति भूरा मेंबर, काला मेंबर, मतलूब राइन, नीटू त्यागी, फुरकान अध्यक्ष, मुर. सलीन बक्शी, वाहब त्यागी, प्रवेज त्यागी, उस्मान त्यागी, लियाकत कुरैशी, नोमान अब्बास, सलीम मलिक सहित अनेको नगरवासियो ने नगर पंचायत चेयरमेन मास्टर इस्लाम के दो वर्षो के कार्यकाल की भरपूर सराहना करते नजर आ रहे है।

# एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल मन्सूरपुर का सीबीएसई बाहरवीं के परीक्षाफल में श्रेष्ठ प्रदर्शन
















**96.8 प्रतिशत कक्षा 10**

**मंसूरपुर।** एस. एफ. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल मन्सूरपुर में बाहरवीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही सफल छात्रों में खुशी की लहर दौड पडी। विद्यालय के मान. विकी वर्ग में वर्णिका राजपूत ने 98. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नन्दिनी पुंडीर ने 916 प्रतिशत अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान वर्ग से अभिमन्यु काकरान ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, रोनित राठी ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान ग्रहण किया वहीं वाणिज्य वर्ग से अविशी चौधरी ने 85.4 प्रतिशत अंक ग्रहण करके पंचम स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय, माता- पिता व अध्यापकों को गौरवान्वित किया। सफल छात्रो को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम पवार ने कहा कि इन छात्रों की सफलता का सम्पूर्ण श्रेय विद्यालय के अध्यापको एवं अभिभावकों के साथ-साथ उनकी परिश्रम एवं लगन को जाता है। जिन्होने संयम, लगन और अनुशासन के साथ परिश्रम किया। प्रधानाचार्या पूनम पवार ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगामी सत्रों में भी हमारे छात्र इसी लगन एवं परिश्रम से कार्य करते रहेगे।


### वनस्थली इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



**मुजफ्फरनगर।** माही 93: अंक लेकर प्रथम स्थान पर रही।

वनस्थली इंटरनेशनल स्कूल पुरबालियान का सीबीएसई इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र महीन 93: अंक लेकर प्रथम स्थान पर,सावेज द्वितीय स्थान पर तथा राधिका चौहान तृतीय स्थान पर रही । अध्यक्ष विपिन राणा, प्रबंधक सुधीर कुमार, संजीव बालियान तथा प्रधानाचार्य नीरा चौधरी ने सभी सफल विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र लेकर सम्मानित किया।

## परीक्षाफल आते ही चहक उठे जीडी गोयनका के छात्र-छात्राएं




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम लहराया।

जी .डी. गोयनका विद्यालय के छात्रों ने प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कक्षा 12 में उच्चतम अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय, माता -पिता एवं अपने शिक्षकों का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया।

जिसमें काशी बंसल ने 98.6 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, तनाज बाबर 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान एवं कृतिका बंसल 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान रहे । विद्यालय केअन्य सभी होनहार छात्रों ने विषय अनुसार सभी विषयों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी ने छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि हमें अपने जीवन में पहले से ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए।

## माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल कक्षा 12वीं और 10वीं का रहा शानदार परीक्षा परिणाम

**मुजफ्फरनगर।** माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल के कक्षा 10वी तथा 12वीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सत्र 2024-25 के बोर्ड परीक्षाओं में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और पूरे जनपद का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है।कक्षा 12 के विज्ञान और वाणिज्य वर्गों में तथा कक्षा-10 के विद्यार्थियों ने न केवल शानदार अंक प्राप्त किए, बल्कि अपने अनुशासन, समर्पण और कठिन परिश्रम का परिचय भी दिया।कक्षा-10 के गौरव पूर्ण परिणाम दक्ष त्यागी-97.2 प्रतिशत, आराध्या सिंह - 96.2प्रतिशत, देवांश बंसल व तेजस्वी सिंघल-95.8 प्रतिशत, खुशबू लूथरा- 95.4 प्रतिशत, श्रेया गर्ग-95.2 प्रतिशत, कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग के गौरवपूर्ण परिणामरू युवराज डोगरा ख्र 95.4 प्रतिशत, अधिराज डोगरा एवं पंखुड़ी 91.4 प्रतिशत, नमन चौधरी 85 प्रतिशत,संस्कार मित्तल 82 प्रतिशत, नियति 81.8 प्रतिशत, कक्षा 12 के वाणिज्य वर्ग की उपलब्धियाँ: लव कालरा एवं भव्य गुप्ता 95.4 प्रतिशत, प्रगति चौधरी 90.8 प्रतिशत, सुहानी 89.4 प्रतिशत, भाविका 89 प्रतिशत, योग्य 87 प्रतिशत, विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को इस अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित कीं।

उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में निरंतर प्रगति करते रहने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार इस गौरवपूर्ण क्षण पर सभी को धन्यवाद देता है और भविष्य में भी श्रेष्ठता की परंपरा को बनाए रखने का संकल्प दोहराता है।

# परीक्षा परिणामों से आरजी पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर

**मोरना।** मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10 व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया परीक्षा परिणाम से आरजी पब्लिक स्कूल के बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

मोरना - जानसठ मार्ग पर बेहड़ा सादात मे स्थित आरजी पब्लिक स्कूल में दसवीं का परीक्षा फल 100: रहा जिसमें सर्वश्रेष्ठ 80: अंक प्राप्त कर वैशणवी नागर प्रथम 78: अंक प्राप्त कर लारैब जैदी द्वितीय तथा सुफियान कुरैशी ने 76: अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 90: रहा जिसमें सर्वाधिक 81: अंक प्राप्त कर मोहम्मद कैफ ने प्रथम तथा 75: अंक प्राप्त कर अनुष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा मैनेजर रमेश चंद्र ने भी छात्रों को बधाई देते हुए उनको सम्मानित किया। बच्चों की इस उपलब्धि से आरजी परिवार में खुशी का माहौल है।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-मु.चि.अ./एन.एच.एम./चि.अ./वॉक-इन-इन्टरव्यू 2025-26/-105 दिनांक- 09-05-2025

**-:विज्ञप्ति:-**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद/ब्लॉक स्तर पर सर्जित एम.बी.बी.एस. चिकित्सक (संविदा) हेतु प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में संविदा के आधार पर वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से नियुक्ति की जानी है जिसका विवरण निम्नवत् है।

| क्र० सं० | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | फैसिलिटी का नाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पदों सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू. प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Telly Medicine Under Community Process | Medical Officer | Dist. Hospital (Male) | MBBS Degree With UP Medcial Council Registration | (1-SC) (1-OBC) | 1,00,000-00 |
| 2 | NP-NCD | Medical Officer | CHC-NCD Clinic | MBBS Degree With UP Medical Council Registration | (4-UR) (3-SC) (2-SC) | 1,00,000-00 |
| 3 | NUHM (UPHC) | Medical Officer | UPHC-Subhashnagar | MBBS Degree With UP Medcial Council Registration | (1-UR) | 80,000+ 20,000-00 (PBI) |

**आवेदन हेतु निर्देश-**

1. उपरोक्त विज्ञापित पदों पर आवेदन फार्म **दिनांक 14.05.2025 से दिनांक 03.06.2025 तक** पंजीकृत डाक के माध्यम से या विभागीय डाक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुजफ्फरनगर, पता-रूडकी रोड, 251001 पर जमा करा सकते है। **दिनांक 03.06.2025** के उपरान्त प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ आवेदन फॉर्म, नवीनतम बायोडाटा, समस्त वांछित स्वप्रमाणित शैक्षिक अभिलेख, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, उ. प्र. प्रदेश मेडिकल फैकल्टी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ, ई-मेल आई.डी., व्हाट्सअप मोबाईल नम्बर तथा पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित अवश्य अंकित करें।
2. प्राप्त आवेदनों की स्क्रीनिंग (छटनी) के उपरान्त अर्ह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तिथि, समय एंव स्थान हेतु अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध करायी गयी ई-मेल आई.डी. एंव मोबाईल नम्बर के माध्यम से सूचित किया जायेगा।
3. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की सूची मुजफ्फरनगर एन.आई.सी. के वेबसाइट http://muzaffarnagar.nic.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
4. यह पद पूर्णतया: नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
5. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढाया जा सकता है।
6. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नही होगा।
7. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
8. चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू आरक्षरण नीति का पालन करते हुऐ भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
9. कोई भी प्रतिकूल पृविष्टि/तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त करने का अधिकार जिला स्वास्थ्य समिति में निहित होगा।

**(डॉ. सुनील तेवतिया)**
**मुख्य चिकित्सा अधिकारी**
**मुजफ्फरनगर**



### सार्वजनिक सूचना

मेरा छोटा लडका तालिब मेरे व परिवार के अन्य लोगो के कहने सुनने में नहीं है उसने अपनी शादी घर वालो की मर्जी के खिलाफ की है। गलत लोगों की संगत में रहकर आवारा हो गया है तथा कई दिन घर से गायब रहता है, इसलिए मैने व परिवार के अन्य लोगो ने उसको अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। उसके किसी भी कृत्य व लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

**मौ0 जमशेद पुत्र मौ0 नफीस**
**निवासी- म. न.877,**
**मौहल्ला योगेन्द्रपुरी**
**थाना खालापार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11858/30.10.2021 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र व संबंधित विभाग में उसका नाम सैय्यद हसन अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में इसी नाम से जाना जाएगा। नाम पंजीकरण हेतु आवे. दन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया। कृपया जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कृपा करें।

**मोहम्मद आसिम**
**मकान नंबर 444**
**खालापार साउथ मुजफ्फरनगर**
**मो 9368366691**

### बेदखली सूचना

मेरा पुत्र मौ. नबी व पुत्र वधु शाहजहां मेरे कहने सुनने मे नहीं है। उक्त दोनों के दुर्व्यवहार से तंग आकर मैंने इनसे अपने पारिवारिक -सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए हैं। व उक्त दोनों को अपनी समस्त चल अचल से बेदखल कर दिया है अब मैं इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों का किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं हूँ।

**सलीम अहमद पुत्र मौ. उमर**
**निवासी 228 बागोवाली थाना**
**नई मंडी, मुज़फ्फरनगर उ. प्र.**

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में जनपद का रिजल्ट रहा शानदार, मेधावी बच्च बने प्रेरणा स्रोत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की और से सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओ को हार्दिक बधाई दी। यह परिणाम न केवल छात्र छात्राओ के लिए बल्कि विद्यालय के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हम आशा करते हैं कि छात्र छात्राएँ भविष्य में इससे भी ज्यादा सफलता प्राप्त करते रहेंगे। विशेष रूप से उन छात्रों को बधाई देना चाहते हैं जिन्होंने कक्षा 12वीं और कक्षा 10वीं में विद्यालय का गौरव बढ़ाया।ĥ कक्षा 12वीं में विज्ञान वर्ग में छात्र उत्सव गर्ग ने 91.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। छात्र शगुन शर्मा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पाया और छात्र हर्षित ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं वाणिज्य वर्ग में



अभय वशिष्ठ ने 97.4 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान व शास्मृत गर्ग ने 85.9 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, मिशिका ने 75.8 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान सराफत अली 89.2 प्रतिशत, दूसरा स्थान सुचिता 87.6 प्रतिशत व तीसरा स्थान अंशिका 87.



2 प्रतिशत ने प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापको ने भी बच्चों के उज्जव्वल भविष्य की कामना की। **मंसूरपुर** में स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल मंसूरपुर का परिणाम रहा शत प्रतिशत 93 प्रतिशत अंक के साथ प्रियांशी डागर ,गीतान्श चौधरी और अनोखी चौधरी रहे कक्षा 12 के टॉपर। स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल मंसूरपुर के प्रबंधक संजीव राठी तथा प्रधानाचार्य तरुणा चौधरी ने बताया कि सीबीएसई 12वी



कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रियांशी डागर, गीतांश बालियान और अनोखी चौधरी 93 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर रहे ।

राशि 91: अश्विका मालिक 87: अंशिका चौधरी 85 कार्तिक बालियान 84 अर्श 84 कार्तिक अहलावत 83 खुशी बेलवाल 83 प्रतिशत निकिता 77 प्रतिशत महिमा प्रजापति 76 अंक प्राप्त कर विधालय का गौरव बढ़ाया। स्कूल प्रबंधक संजीव राठी और प्रधानाचार्या तरुणा चौधरी ने सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय का पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। **मोरना में** सीबीएसई बोर्ड का इंटरमीडिएट का परीक्षाफल मंगलवार को घोषित किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्र छात्राओं ने कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षाफल से कॉलेज स्टाफ सहित अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। मेधावी छात्र छात्राओं को गणमान्यों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल मोरना के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में कला वर्ग में तेजस्वी चौरावाला ने 96, अन्नू चौरावाला ने 95, विज्ञान वर्ग में अंशिका राठी छछरौली ने 93, अमन चौधरी भोकरहेडी ने 90, ईशा मोरना ने 89, यश बालियान मोरना ने 88, दिव्या मलिक मोरना ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज सहित क्षेत्र व परिवार का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्रबंधक विराज तोमर ने मेधावी छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। **शाहपुर** सी बी एस ए कक्षा 10 और कक्षा 12 के आज घोषित परिणामों में प्रमुख अग्रणीय शिक्षण संस्था द स्काईलैण्ड स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। विधालय के वंश सिंहल पुत्र मनीष सिंघल ने कक्षा उच्च अंक प्राप्त कर शाहपुर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र छात्राओं की इस सफलता पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है। विधालय प्रबंधक राहुल गोयल व मनोज गोयल तथा प्रधानाचार्य निशा गोयल ने सभी सफल छात्रों को व उनके अभिभावकों को शुभकामना दी।

विद्यालय के शिक्षकों अनुज जैन, अमित गोयल, सचिन चौधरी, विकास भार्गव, कमल सैनी , वंदना मिश्रा, राहुल जिंदल, प्रज्ञा शर्मा, दीपशिखा, रामप्रसाद, हरिकांत, प्रमोद सैनी, अक्षय बालियान, प्रीति सैनी, मीनू जयंत आदि ने सभी बच्चों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी। **बुढाना में** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में जहां एक और इंटरमीडिएट में मेपल्स एकेडमी बुढाना की छात्रा अग्रिमा गुप्ता ने पूरे बुढ़ाना क्षेत्र में सबसे ज्यादा 97.08 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए बाजी मारी तो वहीं इसी एकेडमी की छात्रा अनन्या संगल ने भी हाईस्कूल में सबसे ज्यादा 96.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे बुढ़ाना क्षेत्र में नाम रोशन किया।ĥ सबकी नजरें मेपल्स एकेडमी बुढाना के रिजल्ट पर ही टिकी हुई थी क्योंकि पिछले वर्ष भी मेपल्स एकेडमी की गूंज रही थी और इस बार भी मेपल्स एकेडमी के स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सबसे शानदार रहा। इसके अलावा मेपल्स एकेडमी के इंटर के छात्र हर्षित चौधरी ने दूसरे नंबर पर आकर 96.2 प्रतिशत अंक, छात्रा वैष्णवी सैनी और छात्रा गरिमा ने 96 प्रतिशत अंक और भव्य गर्ग ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि हाईस्कूल में मेपल्स एकेडमी की छात्रा ग्रेसी मलिक दूसरे स्थान पर रही। जिसने 96.06 प्रतिशत अंक, छात्रा अंशिका सिंह ने 96.04 प्रतिशत अंक, छात्रा गोरी गोयल, छात्र देवांश चौहान ने 94.06 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धमाल मचाया। इन सब 10 छात्र छात्राओं में से छात्रों के मुकाबले छात्राओं ने बाजी मारी। मेपल्स का स्टाफ रिजल्ट से उत्साहित है। सब बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी है।



**बघरा।** दून पब्लिक स्कूल के मौ. फाइक पुत्र शाह खुर्रम ने कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया।

## जेवी पब्लिक स्कूल में मेधावी बच्चों का किया सम्मान





**मुजफ्फरनगर।** सी.बी.एस.ई. बोर्ड का 10वीं कक्षा के छात्र हर्षित राठी द्वारा 88: अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए जेवी पब्लिक स्कूल को गौरान्वित किया। विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिषत रहा। विद्यालय में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का विवरण/ परीक्षा परिणाम निम्न प्रकार है-हर्षित राठी 88::प्रथम स्थान रिक्षिता गौर 83.6::द्वितीय स्थान आर्यन पंवार 82.4 प्रतिशत तृतीय स्थान, शुभम राज 82.2 प्रतिशत चतुर्थ स्थान और सी.बी.एस.ई. बोर्ड का 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित होते ही समस्त छात्र/छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। विद्यालय के वाणिज्य वर्ग के छात्र करन प्रताप सिंह द्वारा 76.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नया कीर्तीमान स्थापित करते हुए विद्यालय को गौरान्वित किया। विद्यालय का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।करन प्रताप सिंह 76.4 प्रतिशत प्रथम स्थान श्रेया मिश्रा 75.6 प्रतिशत द्वितीय स्थान गुणी 73.8 प्रतिशत तृतीय स्थान लक्ष्य सहरावत 70.8 प्रतिशत चतुर्थ स्थान, मौ0 अमान खान प्राप्त किया।

### परिधान उद्योग में कैरियर निर्माण पर कार्यशाला सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** परिधान मशीन.री और परिधान उद्योग में कैरियर के अवसर पर ललित कला विभाग में 3 दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

श्रीराम कॉलेज के ललित कला विभाग में ''परिधान मशीनरी और परिधान उद्योग में कैरियर के अवसर'' शीर्षक पर तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ- चढ़कर प्रतिभाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक परिधान मशीनरी के बारे में व्यावहा.रिक जानकारी प्रदान करना और प्रतिभागियों को तेजी से बढते परिधान क्षेत्र में कैरियर की संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन देना रहा। इस अवसर पर देश की प्रतिष्ठित उषा कम्पनी से आये एक्सपर्ट वंश और सूर्यकांत ने 3 दिवसीय कार्यशाला में स्टूडेंट्स को लगभग 300 स्टीचिंग्स और एम्ब्रॉयडरी के बारें में विस्तार से बताया। इस अवसर पर ललित कला विभाग के निदेशक डॉ मनोज धीमान, विभागाध्यक्षा मीनाक्षी काकरान ने बताया कि इस कार्यशाला को सैद्धांतिक ज्ञान और औद्योगिक अभ्यास के बीच की खाई को बाटने के लिए डिज़ाइन किया गया था। प्रवक्ताओं में रजनीकांत, डॉ अनु, बिन्नू पुंडीर, रीना त्यागी, मयंक सैनी, अजित मन्ना, सोनी श्रीवास्तव, सिद्धार्थ, शहज़ादी और करुणाकर शर्मा रहें।

## स्वामी कल्याणदेव डिग्री कॉलज की भूमि ट्रस्ट की नहीं शिक्षा समिति की है: कुंवर देवराज पंवार

**मुजफ्फरनगर।** स्वामी कल्याण देव - डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव कुंवर देवराज पंवार ने आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि बघरा स्थित स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज स्ववित्त पोषित संस्था है। कुंवर देवराज पंवार ने बताया कि सन 2016 में उन्होंने अपने सचिव कार्यकाल मे जो भूमि खरीदी थी। उसे जर्जर विद्यालय भवन के पुनर्निर्माण और अन्य विकास कार्यों के मध्य नजर सात साल बाद तीन गुणा भाव मे बेचा गया। और प्राप्त धनराशि विद्यालय के खाते में सुरक्षित है जबकि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थवश इसको लेकर दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होने बताया कि यह सम्पत्ति सुखदेव आश्रम कल्याण देव ट्रस्ट की नही बल्कि कल्याणकारी शिक्षा समिति सोसायटी की है। और उन्होंने जब विद्यालय की बागडोर संभाली थी



उसे समय विद्यालय बंद होने की कगार पर था तथा प्रबंध समिति को लेकर विवाद बना हुआ था जबकि आज विद्यालय पूरे क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है और उसका निरंतर विकास भी हुआ है। उन्होंने कहा कि भूमि नियमानुसार प्रस्ताव पास कर संस्था के हित को देखते हुए विक्रय की गई है। संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिती में प्रस्ताव पास करके उक्त भूमि बेची गई और सारे धन को कॉलेज के बैंक एकाउंट में जमा कराया गया। अब इस पैसे से कॉलेज के जर्जर हॉल का निर्माण कार्य कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि उनके 16 साल के कार्यकाल मे स्वामी जी के उच्च आदर्शों को स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति प्रकाशित कर महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। प्रेसवार्ता में कार्यकारिणी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिद्धार्थ और गौरवण्वित ने किया स्कूल टॉप

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मैपल्स अकादमी ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं में शानदार परिणाम हासिल किए हैं। कक्षा 12वीं में सिद्धार्थ सिरोही ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जबकि कक्षा 10वीं में गौरवण्वित ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर खतौली में अकादमी का नाम रोशन किया है। अकादमी के छात्रों की इस उपलब्धि पर हम गर्व महसूस कर रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। अकादमी की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने कहा की सभी शिक्षकों, कर्मचारियों की मेहनत और छात्रों की लगन ने इस सफलता को संभव बनाया है।



हमारे छात्रों की इस उपलब्धि से अकादमी का नाम और भी ऊंचा हुआ है और हमें उम्मीद है कि वे भविष्य में भी अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करेंगे। विद्यालय की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विपिन सिंघल तथा सोनम सिंघल ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### धूल भरी आंधी से बत्ती गुल

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की शाम आयी धूल भरी आंधी ने शहर और देहात क्षेत्र की बिजली सप्लाई को चौपट कर दिया। बधाईकलां, नरा, भोपा रोड, जौली आदि स्थानों से आ रही हाईटेंशन लाइनों पर पेडों की डालियां टूटकर गिर गई। जिस कारण हाईटेंशन लाइनों में ब्रेकडाउन हो गया। इस दौरान जनपद के करीब 120 बिजलीघरों से सप्लाई प्रभावित रही। मंगलवार की शाम करीब छह बजे अचानक मौसम में परिवर्तन हो गया। ठंडी हवा चलने लगी और आकाश में काले बदल छा गए। कुछ देर के बाद हवा धूल भरी आंधी में बदल गई। आंधी के कारण मेरठ रोड, भोपा रोड, जानसठ रोड, पचेंडा रोड, बधाईकलां रोड, चरथावल, बघरा, शाहपुर, बुढाना आदि स्थानों पर हाईटेंशन लाइनों पर पेडों की डालियां टूटकर गिर गई। जिस कारण लाइनों में ब्रेकडाउन हो गया।

## सीबीएसई में आवाज़ ए हक़ के अध्यक्ष शादाब खान की बेटी के आए 91.40 प्रतिशत अंक

**मुज़फ्फरनगर।** मंगलवार को सीबीएसई 10 वी के रिजल्ट को लेकर विद्यार्थियों की साँसे रुकी हुई थी,दोपहर को जैसे ही रिजल्ट घोषित हुआ तो एक बार फिर छात्रों से आगे छात्राए निकलती हुई दिखी। मुजफ्फरपुर नगर मे भी लड़कियो नें अपना दबदबा जमाया,इसी कर्म मे समाजसेवी संस्था आवाज़ ए हक़ के सदर शादाब खान की बेटी हुदा खान नें होली एंजिल की दसवीं क्लास मे 91.40 प्रतिशत अंक लाकर परिवार का नाम रोशन किया.। साथ ही बिना टूशन और बिना आधुनिक क्लास के ही हुदा नें यह अंक हासिल कर खालापर की उन गरीब लड़कियां को नई राह दिखाई है जो टूशन के अभाव मे



खुद को कमजोर समझती है। हुदा की इस सफलता पर उनके पिता शादाब खान,चाचा शाहवेज़ खान, रिजवान खान, शाहजमा खान, सहित सभी नें मुबारकबाद दीं है।



**मुजफ्फरनगर।** द्वारिका सिटी स्थित द एसडी पब्लिक स्कूल के छात्र अर्णव त्यागी ने कक्षा 10 में बेहतरीन अंक प्राप्त किए।

### विधवा का कर दिया जीना दुश्वार.....

**बुढ़ाना।** दबंगों ने एक विधवा महिला का जीना दुश्वार कर दिया। पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकमह्न भी बस खानापूर्ति ही कर रहे हैं। जिसके चलते दबंगों के हौंसले बढे हुए हैं और वे विधवा के साथ कभी भी अश्लील हरकतें कर देते हैं। बुढ़ाना कोतवाली की परासौली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की विधवा महिला ने रोते हुए बताया कि उसके मौहल्ले के संजीव, प्रदीप व आशु पुत्रगण अजब सिंह उससे रंजिश व उस पर गलत नजर रखते हैं। आशु ने उसके साथ कई बार अश्लील हरकतें करने की तथा उस पर कई बार शारीरिक सम्बंध बनाने का दबाव बनाया।

## दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी के छात्र-छात्रा परीक्षा परिणाम देखकर झूम उठे

**मुजफ्फफरनगर।** श्री दीवान सिंह पब्लिक स्कूल तितावी मुजफ्फरनगर का कक्षा 12 व कक्षा 10 का परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 12 साइंस स्ट्रीम में आस्था ने प्रथम स्थान देव कुमार ने द्वितीय स्थान ,आरव चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स कक्षा 12 कॉमर्स स्ट्रीम में अक्षी मित्तल ने प्रथम स्थान



अंशिका चौधरी ने द्वितीय स्थान व प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया स कक्षा 10 में वासु ने प्रथम स्थान शगुन ने द्वितीय स्थान अथर्व चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

विद्यालय में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं अन्य सफल छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह प्रधानाचार्य विकास शर्मा एग्जेक्युटिव कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार पुंडीर उप प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी । प्रबंधक ने बताया की स्कूल क्षेत्र के अग्रणी सीबीएसई स्कूलों में से एक है विद्यालय का अनुशासन एवं शिक्षा प्रशंसनीय है ।

### हमदिया ने होली एंजिल्स में पाये 91.4 % अंक



**मुजफ्फरनगर।** सीबीएसई दसवी कक्षा में हमदिया पुत्री मौहम्मद शुऐब निवासी गांव बझेडी, हाल रामपुरम ने 91.4 प्रतिशत अंक लाकर परिवार का नाम रोशन किया है। हमदिया हॉली एंजेल की छात्रा है।

## नसरीन ने राखी पब्लिक स्कूल में पाया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** घोषित सीबीएसई परीक्षा में राखी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 कॉमर्स वर्ग की छात्रा नसरीन, तावली ने 93.60 प्रतिशत अंक ले कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही वंश गोयल, बुढ़ाना ने 90.60 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व आकृति त्यागी, मुबारिकपुर ने 87.60 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में आरव त्यागी, मुबारिकपुर ने 94.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शिवांशु, सोहंजनी तगान ने 93. 80 अंको के साथ द्वितीय व अनुष्का शर्मा, पुरबालियान ने 90.60 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्य व









प्रबंध समिति ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी व अध्यापकों की मेहनत को सराहा। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की निरन्तर सुधरती स्थिति से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती जा रही है और उन्हें शिक्षकों के अच्छे मार्गदर्शन का लाभ अपने सपनों को साकार करने मे मिल रहा है।

### विद्युत एक्सईएन से मिले भाकियू नगर अध्यक्ष

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष और सफीपुर पटी से प्रधान पद के उम्मीदवार मौहम्मद इसरार आज मंगलवार के दिन कुछ भाकियू कार्यकर्ताओ को साथ लेकर बड़ौत रोड पर स्थित विद्युत एक्सईएन कार्यालय पर पहुंचकर विद्युत एक्सईएन अजीत कुमार यादव से मिले और उन्हें सफीपुर पटी में विद्युत संबंधी कुछ काम बताए गये और गांव गढ़ी नौआबाद में एक जोड़े को हटवाए जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही सभी समस्याओं के समाधान का निस्तारण का आश्वासन भाकियू नगर अध्यक्ष मुहम्मद इसरार को दिया और कहा कि उनकी सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समय समय पर निस्तारित कर दिया जाएगा। इस दौरान विद्युत एक्सईएन से मिलने वालों में मुख्य रूप से पिंटू बालियान और मौहम्मद शाहिद सहित अन्य भाकियू कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अध्यक्षा ने 24 घंटे में किया पानी की समस्या का समाधान

**बुढ़ाना।** चुनाव जीतने के बाद से ही महिला सभासद के गायब रहने के बाद लगभग 02 सालों से लावारिस पड़े बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 की सुध अब खुद चेयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल और उनके पुत्र अभिनव त्यागी एडवोकेट ले रहे हैं। उनको बीती सोमवार की देर रात मौहल्ला मिर्दगान के लोगों से शिकायत मिली कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 में सईद मार्किट के पास लगा सरकारी सबमर्सिबल का मोटर लगभग डेढ़ माह बाद फिर से खराब हो गया है और पानी की सप्लाई बंद हो गयी है। टैंकों का पानी भी खत्म हो गया। पानी की कमी को लेकर मौहल्ले के लोग परेशान हैं और सभासद की भी कोई खबर नहीं है।

### एमडीए पर भूमाफियाओं का दबदबा

## अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के बावजूद नहीं लग पा रही लगाम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। खतौली क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में अवैध कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, लेकिन इन पर न तो कोई ठोस कार्रवाई हो रही है और न ही इन पर लगाम कसने में एमडीए सफल हो पा रहा है। सूत्रों की मानें तो एमडीए के पास इन अवैध कॉलोनियों का पूरा हिसाब-किताब मौजूद है।

बावजूद इसके विकास प्राधिकरण की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या इस पूरे मामले के पीछे ष्सेटिंग-गेटिंगष का खेल चल रहा है? एमडीए की नाकामी से न केवल शहरी विकास पर विपरीत असर पड़ रहा है, बल्कि राजस्व को भी करोड़ों रुपये की हानि हो रही है। सरकार की नीति के अनुसार बिना मंजूरी के कोई भी कॉलोनी विकसित नहीं की जा सकती, लेकिन खतौली में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अब सवाल यह है कि क्या एमडीए खुद भूमाफियाओं के सामने घुटने टेक चुका है? या फिर अंदरखाने कुछ ऐसा चल रहा है, जिससे अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई महज औपचारिकता बनकर रह गई है? इस पूरे मामले में उच्चस्तरीय जांच की मांग उठने लगी है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। नगर वासियों का मानना है कि यदि समय रहते इन अवैध कॉलोनियों पर लगाम नहीं लगाई गई तो भविष्य में यह बड़ा शहरी संकट बन सकता है।

### एक ही प्लॉट को कई बार बेचकर गरीबों का किया जा रहा शोषण

शहर की अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। गरीब तबके के लोग, जो अपनी जमा पूंजी से एक छोटा सा प्लॉट लेकर सिर छुपाने की जगह बनाना चाहते हैं, अब भू-माफियाओं की धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। ऐसे कई मामले सामने आए है कि भूमाफिया एक ही प्लॉट को तीन से चार लोगों को बेच दिया जाता है। जब वास्तविकता सामने आती है, तब तक संबंधित लोग कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने को मजबूर हो जाते हैं। कई बार तो स्थिति इतनी बिगड़ जाती है कि मामला मारपीट और खूनखराबे तक पहुँच जाता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि इन माफियाओं के खिलाफ शिकायत करने पर भी पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। जिससे इनका मनोबल और बढ़ता जा रहा है। नाम न छापने की शर्त पर कई लोगों ने बताया कि हहमने जीवन भर की कमाई लगाकर प्लॉट खरीदा, लेकिन अब पता चला कि वही ज़मीन दो और लोगों को भी बेची गई है। अब कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं, पर कोई सुनवाई नहीं हो रही।हपीड़ित लोग प्रशासन से मांग कर रहे है कि भू-माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए और कॉलोनियों के रजिस्ट्रेशन एवं प्लॉट बिक्री की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके।

## धरनारत ग्रामीणों से एसडीएम ने की बातचीत

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर में दिल्ली वाया देहरादून इकोनामिक कॉरिडोर पर लोक निर्माण विभाग की सड़क होने के बावजूद भी अंडरपास नहीं दिया जा रहा है। इसके विरोध में कई दिनों से भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं द्वारा मौके पर ही धरना दिया जा रहा है।

धरने की सूचना पर आज मंगलवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम राजकुमार भारती नायब तहसीलदार अमन सिंह सहित संबंधित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों को लेकर के पहुंचे और धरना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों से वार्ता की। जिसमें भारतीय किसान यूनियन अराजने.तिक के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष अमित सिंह के द्वारा एसडीएम राज.



कुमार भारती को बताया गया कि यहां पर अंडरपास बहुत जरूरी है और इसे हम बनवाकर कर ही रहेंगे। तब एसडीएम बुढ़ाना राज. कुमार भारती के द्वारा सभी आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कर अंडरपास बनवाने का आश्वासन दिया गया। धरनास्थल पर तहसील अध्यक्ष बुढाना अमित सिंह, तहसील उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर, ग्राम अध्यक्ष अक्षय, सौरभ शर्मा, सुनील, मनोज, महेंद्र, मुकेश मास्टर, प्रभात, मोनू, रमन, पिंकू, सोहन, गौरव, विकास शर्मा, सोनू, विकास, ठाकुर अमित सिंह, गुडू, राजीव शर्मा, रामकुमार शर्मा, प्रदीप, नवनीत व पाल्लू कश्यप आदि मौजूद थे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सावी ने 499 अंक हासिल कर शामली का नाम देशभर में किया रोशन


अपने माता-पिता व गुरुजनों के साथ सवी जैन


अर्पण पब्लिक स्कूल थानाभवन


डीसेंट पब्लिक स्कूल झिंझाना


बीएसएम स्कूल शामली


रॉक गोल्ड एकेडमी शामली

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** शामली जिले की सावी जैन ने देश में टॉप किया है। सावी जैन ने 500 में से 499 अंक प्राप्त कर जिले के साथ देश में पहली रैंक हासिल की है। सावी स्काटिश इंटरनेशनल स्कूल की 12वीं की छात्रा हैं।

सावी शामली के मोहल्ला शिव चौक की निवासी हैं और स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनके पिता अंकित जैन स्थानीय स्तर पर फर्नीचर शोरूम संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता कविता जैन गृहिणी हैं। सावी शामली के मोहल्ला शिव चौक की निवासी हैं और स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हैं। उनके पिता अंकित जैन स्थानीय स्तर पर फर्नीचर शोरूम संचालित करते हैं, जबकि उनकी माता कविता जैन गृहिणी हैं। सावी जैन का लक्ष्य सिर्फ अच्छे अंक लाना नहीं है। उनका सपना है कि वे आगे चलकर सिविल सर्विस में जाएं और देश की सेवा करें। सावी जैन का कहना है कि मैं प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हूं ताकि जमीन से जुड़कर समाज के लिए काम कर सकूं। बता दें कि सावी जैन ने 500 में से 499 अंक प्राप्त किए हैं। वह देशभर में सीबीएसई 12वीं की ऑल इंडिया टॉपर बनीं हैं। वह स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, शामली की छात्रा हैं। परिवार, स्कूल और शहर में इस उपलब्धि को लेकर खुशी की लहर है। इस बार 10वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल के छात्र धैर्य गर्ग 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बने। 12वीं में स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सावी जैन ने कला वर्ग में 99।8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद टॉपर बनने के साथ ही ऑल इंडिया स्तर पर रैंक एक पर रहकर जनपद का नाम रोशन किया। सावी ने यह सिद्ध कर दिया है कि छोटे शहरों से भी बड़ी उड़ान भरी जा सकती है।

**शामली।** शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन किया। मंगलवार को सीबीएसई का 12वी का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें रॉक गोल्ड एकेडमी शामली के विज्ञान वर्ग से रितिका वर्मा ने 94.6 प्रतिशत व कृष्णा गोयल ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। आयुष चोधरी व कनिका मलिक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रितिका वर्मा ने अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक अंक 99 व कला में 100 व कृष्णा गोयल ने रसायन विज्ञान व कला में 99 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 50 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में उज्ज्वल चौधरी ने 95.4 प्रतिशत लाकर स्कूल टॉपर रही। वैभव लोचन ने 91.6 प्रतिशत, सम्यंक जैन ने 91 प्रतिशत, वन्दना ने 89 प्रतिशत, मधु ने 87 प्रतिशत, अंक प्राप्त किय। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय चेयरमैन सुनील गोयल, वाइस चेयरमैन शिखर गोयल, प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बहुत शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**थानाभवन।** थानाभवन स्थित अर्पण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं में अनुष्का सैनी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीपांशी ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा स्थान तथा पंखुरी ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त सुहानी ने 94.2 प्रतिशत, कनक तायल ने 94 प्रतिशत, नीतिका सिंह ने 92.2 प्रतिशत, शिवांश ने 91 प्रतिशत, कनिका सैनी ने 91 प्रतिशत, छवि यादव ने 90.8 प्रतिशत, नव्या ने 90.2 प्रतिशत और आकाश ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तम प्रदर्शन किया।कक्षा 12वीं में योजित ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बने। अब्दुल वारिस ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा देवांश सैनी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। इनके अलावा वंशिका ने 91.6 प्रतिशत, आयुषी ने 91.2 प्रतिशत, विशाल राणा ने 91प्रतिशत, इल्मा ने 90.8 प्रतिशत, यश प्रताप ने 90.6 प्रतिशत और श्रेयांश कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनदीप सैनी एवं प्रबंधक अर्पण सैनी ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

**शामली।** मेपल्स एकेडमी शामली का हाईस्कूल व इंटर का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। मेपल्स एकेडमी की कॉमर्स स्ट्रीम से मन चौधरी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को टॉप किया। वही साइन्स स्ट्रीम से अक्षिता ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। साइन्स स्ट्रीम से अर्पित चौधरी व मानवी शर्मा ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया व विघ्यालय के कुछ विघ्यार्थियों ने विभिन्न विषघ्यों से 100 में से 100 अंक पाप्त किए। इसी क्रम में अक्षिता, ईशिता तरार ने पेंटिंग विषय में व मन चौधरी ने म्यूजिक में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए है। कक्षा 10 की नीतिक्षा तरार ने 97 प्रतिशत अंक लेकर विद्घ्यालय को टॉप किया है साथ ही काव्या सैनी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर रही। विघ्यालय के प्रबंधक मुकेश कुमार संगल, चेयरमैन विपिन कुमार संगल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शर्मा, व शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया।

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। 12वीं कक्षा के छात्रों में खुशी और अपर्णा ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय का व अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। केशवी ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आलिया जैदी ने 94.2 प्रतिशत अंक, फाबिया ने 90.4 प्रतिशत अंक, लक्ष्य ने 89.8 प्रतिशत अंक व रिया मलिक ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया। दसवीं कक्षा के छात्रों में भी वेदांत खेवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। अदिति खेवाल ने 92 प्रतिशत अंक, दिव्यांशी देशवाल ने 91.8 प्रतिशत अंक, शिवम कुमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

**झिंझाना।** एसडीएस कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम आते ही खुशी की लहर दौड़ गई। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा गरिमा अहलावत ने 95.2 प्रतिशत, अरहमा ने 93.6 प्रतिशत, शगुन रावल ने 93 प्रतिशत, तन्वी चौहान ने 92.6 प्रतिशत, वहीं कक्षा 10 में वंशिका ने 91 प्रतिशत, वर्तिका चौहान ने 90.6 प्रतिशत, आयुषी चौहान ने 90.2 प्रतिशत तथा जयशिका ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अभिभावकों को दिया। विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर, प्रबंधक पाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश भटनागर जी ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

**झिंझाना।** सीबीएसई बोर्ड के परिणाम में मेरठ करनाल हाईवे स्थित सेंट आर सी स्कूल में कक्षा 12 व कक्षा 10 का परिणाम कक्षा 12 की उमरा ने 92 फीसद, सिमरन गुप्ता ने 90.6 फीसद तथा अनन्या चौधरी ने 90 फीसद अंक प्राप्त कर क्रमश प्रतिशत प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 10 से नंदनी जैन ने 94.2 फीसद, यशस्वी ने 92.4 फीसद व अवनी लाठर ने 92.2 फीसद अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार सरोहा व प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी।

**झिंझाना।** सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल का परीक्षा फल घोषित होने पर कस्बे के डीसेंट पब्लिक स्कूल के छात्र आलेख शर्मा ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन एवं कस्बे वासियों द्वारा घर पर बधाई देने के लिए पहुंचे। आलेख शर्मा ने इसका श्रेय अपने परिजनों एवं गुरुजनों को दिया है। आलेख इंजि. नियर बनना चाहता है ओर उसके लिए वह आगे चलकर ओर ज्यादा मेहनत करेगा। मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। हाईस्कूल में कस्बे के डीसेंट पब्लिक स्कूल के छात्र आलेख शर्मा ने हाईस्कूल में 98 प्रतिशत अंक लाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसके बाद आलेख शर्मा को बधाई देने के लिए स्कूल प्रबंधन सहित कस्बे वासियों का तांता लग गया। आलेख शर्मा ने बताया इसका श्रेय वह अपने परिजनों एवं अध्यापकों को देता है। जनपद में हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले आलेख शर्मा के पिता प्रदीप शर्मा कस्बे के मौहल्ला सैदमीर में रहते हैं।जो कि कस्बे के एसडीएस कांवेंट स्कूल में गणित के अध्यापक हैं व मम्मी ललिता शर्मा गृहणी है जिनकी एक छोटी बेटी राधिका है जो डीसेंट पब्लिक स्कूल में कक्षा पांच में पढती है। आलेख शर्मा के दादा कृष्ण गोपाल शर्मा व दादी शांति देवी ने भी आलेख शर्मा के जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी ओर परिवार में खुशी का माहौल है। हर कोई घर पर बधाई देने के लिए आ रहा है। कृष्ण गोपाल शर्मा ने बताया आलेख बहुत ही लगनशील और मेहनती है। बचपन से ही आलेख पढ़ने का शौकीन है, जो आगे चलकर इंजिनियर बनता चाहता है। हमारा एवं परिवार का आशीर्वाद आलेख के साथ है।

**कैराना।** दि न्यू हाइट्स एकेडमी ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल कायम करते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए हैं। विद्यालय के छात्रों ने मेहनत, लगन और अध्यापकों के मार्गदर्शन से यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की। प्रथम स्थान सौम्या (96 प्रतिशत), द्वितीय स्थान आफिया (90 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान सारा (89) ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मंतशा (85 प्रतिशत) और अब्दुल मुईद (84 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों ने अपने अनुशासन और मेहनत से विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बेहत. रीन प्रदर्शन किया। प्रथम स्थान अदीना (86.4 प्रतिशत), द्वितीय स्थान सुहैल शमशी (78.4 प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान इकरा (76.2 प्रतिशत) ने प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को सिद्ध किया। विद्यालय के चेयरमैन इमरान सिद्दीकी ने इस अवसर पर कहा, यह परिणाम हमारे शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और छात्रों की लगन का प्रमाण है। हम अपने विद्यार्थियों की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्हें जीवन में और भी ऊंचाइयां प्राप्त करने की शुभकामनाएं देते हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल विवेक कुमार उपाध्याय ने कहा, हमारे विद्यार्थियों ने फिर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। यह सफलता हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय परिवार का यह मानना है कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। दि न्यू हाइट्स एकेडमी लगातार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणामों के साथ आगे बढ़ती रहेगी।

**गढ़ीपुख्ता।** गढ़ी अब्दुल्ला खान स्थित एसडीएस पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी गुणवत्ता और उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का परिचय देते हुए सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 10 और 12 में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के छात्रों ने बेहत. रीन अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

मंगलवार को सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए गए। 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राएं जन सेवा केंद्रो और अपने मोबाइलों पर अपने-अपने परिणाम देखने के लिए उत्साह के साथ नजर आए। वहीं एसडीएस पब्लिक स्कूल गढ़ी अब्दुल्ला खा की कक्षा 12 में महक सैनी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप स्थान हासिल किया। अशोक कुमार ने 90.4%, मेहविश ने 88 प्रतिशत, तसमिया खान ने 84% और जेसिका सैनी ने 83% अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में चार चांद लगाए।

वही कक्षा 10 में वंश कुमार ने 90% अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। निशांत पुंडीर ने 85%, युवराज सिंह व कनक शर्मा ने 82% अंक अर्जित किए, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।विद्यालय प्रबन्धक वासर चौहान व प्रधानाचार्य फिरोज चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

**गढ़ीपुख्ता।** द हिन्द गुरु इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी पुख्ता शामली का वर्ष 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित होने पर छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की। कक्षा 12वीं के विज्ञान वर्ग में भानू कुमार ने 90% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने केमिस्ट्री में पूर्ण 100% अंक अर्जित किए। आयुष ने 84% के साथ दूसरा स्थान पाया और अंग्रेजी में 96% अंक हासिल किए। मन त्यागी ने 83.2% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया और अंग्रेजी में 91% अंक पाए। वाणिज्य वर्ग में कशिश राठी ने 85% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अंग्रेजी में भी 90% अंक हासिल किए। अंग्रेजी विषय में कई छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें हाजरा (95%), मोहतशीम (94%), हैदर, इल्हाम व कशिश (सभी 90%) शामिल हैं। कक्षा 10वीं में जोया मालिक 92% अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि उर्वशी शर्मा (90%) और नैतिक गोयल (88%) ने क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नूर नवाज ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। प्रधानाचार्या मती रिया चौधरी ने मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**कैराना।** मंगलवार को सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में 10वीं कक्षा में छात्रा प्रसिद्धि ने 97 फीसदी अंक प्राप्त करके स्कूल टॉप किया। जबकि अर्पण सैनी (90.2 प्रतिशत) द्वितीय, अब्दुल रहमान व राबिया 86.6 प्रतिशत संयुक्त रूप से तृतीय तथा कंगना चौहान 85 प्रतिशत अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक फैसल कुरैशी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, प्रधानाचार्य नोशाद अली ने छात्रों को लगातार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## बत्तीसा खाप के चौधरी का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बत्तीसा खाप के चौधरी और गांव भैंसवाल निवासी बाबा शौकेंद्र मलिक एक मई को सुबह नौ बजे एक अन्य युवक पवन सिंह निवासी थानाभवन के साथ बुलट बाइक से बागपत जनपद के गांव टीकरी में एक तेरहवीं में जा रहे थे। जैसे ही वह शामली कोतवाली क्षेत्र में बलवा बाइपास पर पहुंचे तो एक वैगनआर गाडी ने तेजी व लाप. रवाही दिखाते हुए बुलट बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें बाबा शौक. ेंद्र मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल बाबा को शामली से दिल्ली रैफर कर दिया गया था। दिल्ली के एम्स में बाबा शौकेंद्र मलिक को भर्ती कराया गया था जहां उनके कुल्हे की हड्डी टूटना बताया गया था। अभी हाल ही में बाबा शौकेंद्र मलिक का ऑपरेशन हुआ है।


मेपल्स एकेडमी शामली



एसडीएस स्कूल झिंझाना


सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल झिंझाना


न्यू हाइट्स एकेडमी कैराना


महक सैनी 92.2 प्रतिशत कक्षा 12 | अशोक कुमार 90.2 प्रतिशत कक्षा 12 | मेहविश 88 प्रतिशत कक्षा 12 | तसमिया 84 प्रतिशत कक्षा 12


जैसिका 82 प्रतिशत कक्षा 12 | वंश कुमार 89.4 प्रतिशत कक्षा 10 | निशांत पुंडीर 85 प्रतिशत कक्षा 10 | कनक शर्मा 82 प्रतिशत


कशिश राठी 85 प्रतिशत | मन त्यागी 83.2 प्रतिशत | भानु कुमार 91 प्रतिशत कक्षा 12 | आयुष 84 प्रतिशत कक्षा 12


जोया 92 प्रतिशत कक्षा 10 | उर्वशी 90 प्रतिशत कक्षा 10 | नैतिक गोयल 80 प्रतिशत कक्षा 10

गढ़ीपुख्ता

# जिला उद्योग बंधुओं की डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार शामली में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज जिला उद्योग बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में ऐजेण्डा बिंदु के अनुसार चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए हिण्डन नदी का स्वच्छ अविरल प्रवाह सुनिश्चित हेतु समीक्षा करते हुए संबंधित से की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और निर्देशित किया। समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2025-26 एकल खिड़की योजनाधनिवेश मित्र योजना की भी




समीक्षा कर सरकारी अनुदान परक विभागीय योजनाओं यथा एक जनपद एक उत्पाद, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना,मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति जानते हुए कड़ी फटकार लगाते हुए विभागीय अधिकारियों को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना में प्रगति के निर्देश दिए। बैठक में नेप्स योजना में इकाइयों को लाभ दिलवाने के संबंध में आईद्व टीद्व आईद्व के प्रधानाचार्य की लापरवाही को लेकर जब तक समाधान ना हो उसका वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में साईमां और लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल ने औद्योगिक का स्थान से पूर्वी यमुना नहर तक 03 किलोमीटर तक की नाले की पाइपलाइन बार-बार चौक हो जाती है इसका कोई समाधान नहीं हो पा रहा है जिसके चलते जिला. धिकारी महोदय ने कल बुधवार को 12रू00 बजे सभी अधिकारियों के साथ खुद सर्वे करने का निर्णय लिया।बैठक में विद्युत वितरण खंड प्रथम से संबंधित भी उद्योग बन्धु द्वारा समस्याएं बताई गई जिसके समाधान हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सिंचाई एवं राज्य कर आदि विभाग के बिन्दु आए जिसके संबंध में निर्देशित किया गया।आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उपायुक्त उधोग जेस्मिन,सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग बन्धु के रूप में आशीष जैन,अंकित गोयल आदि उधोग बन्धु मौजूद रहे।

## विद्युत कैंप का उठाएं लाभ

**शामली।** अधीक्षण अभियंता राजेश तोमर ने बताया कि जनपद शामली के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल, शामली के विद्युत वितरण खण्ड-द्वितीय, शामली कैराना रोड निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल खेड़ी करमू शामली कार्यालय के परिसर में दिनांक 15.05.2025, 16.05.2025 एवं 17.05.2025 को जिला स्तरीय वाणिज्यिक मेगा कैम्प का आयोजन किया जाना है।

जिसमें विद्युत बिल जमा कराने, बिल संशोधान करने, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। सभी ग्रामीणों शहरी व औद्योगिक उपभोक्ता मेगाकैम्प का पूर्ण लाभ उठाएं।

# आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में विनय कुमार गौतम द्वारा संचालित एलआईसी मिनी ऑफिस पर एक विशाल आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का नेतृत्व उत्तराखंड के प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. राहुल आर्य ने किया। शिविर में लगभग 100 मरीजों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। डॉ. राहुल आर्य ने बताया कि इस शिविर में अधिकतर मरीज लीवर संबंधी बीमा. रियों से पीड़ित पाए गए, जिन्हें उचित आयुर्वेदिक उपचार और परामर्श प्रदान किया गया। उन्होंने कहा, हृहमारा उद्देश्य है कि हर घर तक आयुर्वेद पहुंचे, क्योंकि समय रहते आयुर्वेदिक उपचार से कई गंभीर बीमारियों का समाधान संभव है। यदि




पीलिया का समय पर इलाज न किया जाए, तो यह लीवर कैंसर का रूप ले सकता है।हृयह थाना भवन क्षेत्र में डॉ। राहुल आर्य का तीसरा चिकित्सा शिविर था। देश सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए उन्होंने घोषणा की कि देश की सेवा में लगे सभी फौजी भाइयों को वे निशुल्क चिकित्सा परामर्श देंगे।शिविर के सफल आयोजन में सुशील सैनी, विनय गौतम, शिवराम मास्टर जी, नरेश शर्मा, अभिषेक, सुशील मालिक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नायब तहसीलदार ने ट्रैक्टर चलाकर चकरोड़ से कब्जा हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में वर्षों से कब्जा किए गए चकरोड को आखिरकार प्रशासन ने मुक्त करा ही लिया। खास बात यह रही कि कार्रवाई के दौरान नायाब तहसीलदार सतीश यादव ने खुद ट्रैक्टर की स्टेयरिंग संभालते हुए अतिक्रमण हटवाया, जिससे प्रशास. निक सख्ती का स्पष्ट संदेश गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी विपिन पुत्र तेजपाल ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर गांव के चकरोड को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ऊन, निधि भारद्वाज ने नायब तहसीलदार ऊन सतीश यादव को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में गठित राजस्व टीम में कानूनगो विनोद



कुमार, हल्का लेखपाल अंशु मलिक, अजीत सिंह, अशोक कुमार, अश्विनी कुमार तथा गढ़ी अब्दुल्ला खां चौकी प्रभारी गौरव चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने मौके पर पैमाइश कर खसरा नंबर 510, 42, 191, एवं 190 पर चकरोड की भूमि को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार, विपक्षीगण विलेंदर, कुत्रा, माडू आदि ने गांव से मुंडेट की ओर जाने वाले सार्वजनिक चकरोड को काटकर अपने खेतों में मिला लिया था। इतना ही नहीं, उन्होंने चकरोड पर अवैध रूप से पेड़ भी लगा दिए थे, जिससे कृषि यंत्रों की आवाजाही और ग्रामीणों की राह में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने अवैध रूप से लगे पेड़ों को हटवाया और चकरोड को पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए बहाल कराया।

**नायब तहसीलदार सतीश यादव की सख्ती बनी मिसाल**

अवैध कब्जा हटवाने की कार्रवाई में नायब तहसीलदार ऊन सतीश यादव ने खुद ट्रैक्टर चलाकर सबको चौंका दिया। मौके पर मौजूद रहकर उन्होंने न सिर्फ निगरानी की, बल्कि कार्रवाई में सक्रिय भूमिका भी निभाई। गांववासियों ने उनकी सख्ती और जमीनी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अधिकारी हों तो अवैध कब्जे खुद ही खत्म हो जाएं।

# युवक को स्मेक देती महिला का वीडियो वायरल

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव जिजौला से सामने आया एक चौंकाने वाला मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक महिला को खुलेआम बाइक सवार युवक को और गली में घूमते हुए स्मैक की पुड़िया सौंपते हुए साफ-साफ देखा जा सकता है। यह . श्य कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है और स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर भी संदेह पैदा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वह महिला अकेली नहीं है। गांव में कई अन्य महिलाएं भी नशे के इस गोरखधंधे में शामिल हैं और इनके पीछे कुछ बड़े मगरमच्छ भी सक्रिय हैं, जो इस जहर को गांव-गांव फैला रहे हैं। पुलिस द्वारा कभी-कभार कार्रवाई जरूर की जाती है, लेकिन यदि कार्रवाई प्रभावी होती तो यह धंधा अब तक बंद हो गया होता। इसके उलट, यह कारोबार



दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की कार्रवाई केवल दिखावा बनकर रह गई है। नशे का यह नेटवर्क हर बार नई चाल, नए चेहरे और नए ठिकानों के साथ फिर से सक्रिय हो जाता है।

कुछ ग्रामीणों ने इस विषय पर चौकी प्रभारी से मिलकर गांव को नशा मुक्त घोषित करने की मांग भी की, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आज तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। इससे ग्रामीणों में निराशा और आक्रोश दोनों का माहौल बना हुआ है। सबसे गंभीर बात यह है कि यह नशा अब युवा पीढ़ी के जीवन से खुला खिलवाड़ बन चुका है।

स्कूल और कॉलेज जाने वाले युवा धीरे-धीरे इस दलदल में फंसते जा रहे हैं, जो न केवल उनके भविष्य, बल्कि पूरे समाज के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई हो, जो इस जहर के कारोबार को चला रहे हैं। साथ ही नशा बेचने वालों और उनके सरपरस्तों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाए। जिजौला में बिक रहा है नशा नहीं, बर्बादी का जहर। प्रशासन के लिए अब भी वक्त हैकृआंखें खोले और सख्त कार्रवाई करे, वरना यह आग पूरे समाज को निगल जाएगी।

# गुरु गोरक्षनाथ का प्रकटोत्सव मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शिव अवतारी बाबा गुरूगौरक्ष नाथ का प्रकट उत्सव राष्ट्रीय उपाध्याय योगी चेतना मंच सेवा समिति संगठन के तत्वधान में मौहल्ला अटल बिहार शामली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया शामली नगर अध्यक्ष विनोद उपाध्याय अशोक उपाध्याय शामली नगर संगठन टीम द्वारा आयोजन किया गया प्रकट उत्सव कार्यक्रम में शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय मुख्य अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य पवन उपाध्याय ने की, कार्यक्रम आयोजक व समाज के गणमान्य लोगों ने विधायक प्रसन्न चौधरी व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय का पकड़ी ओढ़ाकर फूल की मालापहनाकर सम्मान दिया,शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि बाबा गुरूगौरक्ष नाथ महान संत थे जिन्होंने पूरी दुनिया को जगाने का काम किया जनमानस में प्रेम भाव का संदेश देकर नाथ पंत की सनातन धर्म की रक्षा हेतु ज्ञान दिया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बोलते हुए कहा कि गुरूगौरक्ष नाथ ने नाथ सम्प्रदाय की रक्षा के लिए घर घर जाकर अलक जगाकर सर्व धर्म का समय समय पर मार्गदर्शन देने का काम किया ऐस शिव अवतारी महान संत के लिए संगठन भारत सरकार से मांग करता है कि बाबा गुरूगौरक्ष नाथ बोर्ड आयोग का गठन हो सरकारी अवकाश घोषित हो, उपाध्याय योगी समाज को जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी मिले व समाज पर होने वाले अत्याचारों को रोकने की मांग की , शामली नगर संगठन टीम ने सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की और रात्रि में बाबा गुरूगौरक्ष नाथ प्रकट उत्सव पर विशाल जागरण हुआ जिसमें बड़े बड़े कलाकारों ने भजन के माध्यम से उनके जीवन पर संगीत के माध्यम से प्रकाश डाला।

इस दौरान विनोद उपाध्याय, सलेकचंद उपाध्याय, राजकुमार उपाध्याय, संगठन मंत्री सुरेश उपाध्याय, कमल उपाध्याय, सोनू उपाध्याय, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मबीर जोगी नोयडा, मास्टर छतरपाल जोगी, कृष्णपाल फौजी, मती कविता उपाध्याय, सन्दीप उपाध्याय, मास्टर पवन उपाध्याय, धीरज उपाध्याय, रामकिसन उपाध्याय, ओमबीर उपाध्याय, डॉक्टर लाखनउपाध्याय, सन्तलाल योगी, डॉक्टर मनोज उपाध्याय, राज. ेश उपाध्याय,अरविंद उपाध्याय, आशीष उपाध्याय आदि रहे।

# व्यापारी प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर लगाई व्यापारियों की सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग के नेतृत्व में एक व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक राम सेवक गौतम को ज्ञापन देकर कल 12 मई को शामली के फवारा चौक के व्यापारी सुमित बंसल व दीपक बंसल मेसर्स प्रिया मोबाइल को अज्ञात बदमाशों द्वारा 20 लाख रूपए की रंगदारी की चिट्ठी मिलने पर जिसमें रंगदारी के रूपए न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है से व्यापारियों में उत्पन्न असुरक्षा की भावना से अवगत कराते हुए व्यापारी की सुरक्षा की मांग के साथ-साथ अभियुक्तों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की।

ताकि व्यापारियों में पुलिस विभाग के प्रति विश्वास की भावना बनी रहे प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने पुलिस अधीक्षक महोदय को कहा कि व्यापारी सुख शांति से निडर रहकर अपना व्यापार कर रहे थे।

मगर इस प्रकार की रंगदारी की चिट्ठी मिलने से व्यापारियों में भय का वातावरण पैदा हो गया है उन्होंने व्यापारी सुमित बंसल व दीपक बंसल को सुरक्षा मुहैया कराने तथा उन्हें शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग की पुलिस अधीक्षक महोदय ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र अति शीघ्र रंगदारी की चिठी देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

संबंधित व्यापारी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जनपद के हर व्यापारी को पूरी सुरक्षा मिलेगी और कहां की व्यापारी निडर होकर के अपने अपने-व्यापार करें उन्हें



पूरी सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी प्रतिनिधि मंडल में नरेंद्र अग्रवाल नगर अध्यक्ष, अनुज गोयल नगर संगठन महामंत्री, महेश धीमान नगर कोषाध्यक्ष ,सुमित बंसल, दीपक बंसल, महेश बंसल, चंचल जैन, अमित मित्तल,सतीश बंसल ,राजीव गोयल सभासद, आदि दर्जनों व्यापारी उपस्थित रहे।

# व्यापारी को धमकी देने के बाद परिवार में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोबाईल व्यापारी को रंगदारी की चिट्ठी मिलने के बाद व्यापारी व उसके परिवार में दहशत का माहौल है। जिसका प्रमाण यह है कि मंगलवार को व्यापारी ने बच्चों को मिली जान से मारने की धमकी के बाद स्कूल नही भेजा है। वही पुलिस की अभी तक ही जांच में एक बाईक सवार सीसीटीवी फुटेज में दुकान में चिटठी डालता हुआ सामने आया है। जिसकी सरगर्मी के साथ पुलिस पहचान करने में जुटी है। वही पुलिस सूत्रों की माने तो अभी इस मामले में आधा दर्जन से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई है। सोमवार सुबह मौहल्ला ब्राहमणान निवासी मोबाईल व्यापारी सुमित बंसल फव्वारा चौक स्थित अपनी दुकान पर पहुंचा और दुकान खोलते ही रंगदारी की चिटठी पाकर व्यापारी के होश उड गए। बदमाशों द्वारा डाली गई चिटठी में 20 लाख रूपये की रंगदारी न किए जाने पर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई और व्यापारी को भी जान का खतरा बताया था। हालाकि पुलिस ने मामला व्यापारी से रंगदारी मांगने का होने के कारण तत्काल ही कार्यवाही शुरू कर दी और मुकदमा दर्ज कर कई टीमे घटना के खुलासे के लिए लग गई, लेकिन यह भी सच है कि रंगदारी की चिटठी मिलने से व्यापारी को अपने बच्चों की जान का चिंता सताने लगी है। जिसका प्रमाण मंगलवार को देखने को मिला। दोनों भाई सुमित बंसल व दीपक बंसल ने अपने बच्चों को स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के लिए नही भेजा। जबकि स्कूलों में छुटिटयों से पूर्व बच्चों पर पढाई का पूरा जोर है। वही व्यापारी का यह भी कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से घर की महिलाओं ने भी घर से बाहर निकलने से परहेज कर दिया है। पूरे परिवार के साथ साथ अन्य व्यापारी भी खौफ जदा है। वही पुलिस भी इस केस को चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए दिनरात घटना के खुलासे के लिए कार्य कर रही है। पुलिस की भागदौड का परिणाम है कि एक महत्वपूर्ण सुराग पुलिस के हाथ लगा है, जिसमें एक बाईक सवार युवक दुकान पर रंगदारी की चिटठी डालकर जाता हुआ दिखाई दिया है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस का दावा है शीघ्र की खुलासा की ओर पुलिस अग्रसर है।

## एक नजर

### गंगा सहित अन्य नदियों के संरक्षण को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सरकार की नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा सहित विभिन्न नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए देशभर में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थानाभवन नगर में नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता एवं संरक्षण अभियान चलाया गया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों को गंगा नदी सहित अन्य नदियों की सफाई और संरक्षण के



लिए जागरूक किया गया। अभियान के तहत नगर के वार्ड नंबर 2, मोहल्ला नवीपुरा में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों को अपने आस-पास की सड़कों, नालियों और कस्बे से लगी कृष्णा नदी की सफाई के प्रति जागरूक किया गया।गोष्ठी में प्रतिबंधित पॉलिथीन के दुष्प्रभावों पर चर्चा की गई और इसके बहिष्कार का संकल्प लिया गया। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने आस-पास की नालियों और नालों की नियमित सफाई में सहयोग करें।इसके बाद वार्ड नंबर 2 में स्थित संत बूढ़ा बाबू तालाब और पार्क की सफाई की गई। सफाई मित्रों द्वारा तालाब के अंदर और नाले के किनारों पर जमी घास और कूड़े की पूरी तरह से सफाई की गई।इस अभियान में सनातन धर्म पब्लिक हाई स्कूल से प्रधानाचार्य विज. ेंद्र कुमार, अध्यापक अनमोल और मनीष मित्तल, तथा नगर पंचायत थानाभवन से मनीष शर्मा, फैजान उमर पाशा, कांत सहित सफाई मित्र तिलक, मोनू, अर्जुन, सचिन, अनिल, शुभम, विशाल, रवि, रिजवान आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

### अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में नगर महिला इकाई की ओर से सुंदर पाठ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बाला जी धाम में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन नगर महिला इकाई के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर महिला इकाई की अध्यक्ष रश्मी गर्ग ने भगवान हनुमान की भक्ति व सेवा भाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। रश्मी गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान हनुमान भगवान राम के परम भक्त एवं कृपापात्र हैं। उन्होंने निष्कलंक भक्ति और सेवा भाव से प्रभु को प्रसन्न किया। सेवा भाव ही किसी भी पुण्य कार्य की सफलता की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि सेवा भाव के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है और लोगों को उनके सामाजिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने कहा, सेवा भाव हमारे संस्कारों की पहचान है। यह न केवल आध्यात्मिक उत्थान और आत्मिक संतुष्टि देता है, बल्कि समाज में सौहार्द, अमन और भाईचारे की भावना को भी सु.ढ़ करता है। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार के बड़े सदस्यों को अपने आचरण से बच्चों में सेवा भावना का संस्कार विकसित करना चाहिए। सेवा के लिए विनम्रता और सहनशीलता सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं।इस अवसर पर नगर की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं, जिनमें सुनिता अग्रवाल, शोभा तायल, कमलेश रानी, ममता रानी, रिया तायल, अनिता गोयल, दीपा अग्रवाल, कीर्ति रानी, दीपा तायल, पूजा जैन, नेहा गोयल और कविता रानी प्रमुख रहीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक समरसता और सेवा भाव को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### खुद को पुलिसकर्मी बताकर युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली शहर के मोहल्ला रामसागर गली नंबर तीन निवासी सन्नी पुत्र स्व। मांगेराम ने बताया कि 11 मई को दोपहर तीन बजे वह कांधला से शामली लौट रहा था। जब वह गांव लिलौन खेडी में झांसी की रानी की मूर्ति के पास पहुंचा तो कार सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। उक्त लोग प्राइवेट कपड़े पहने थे और उन्होंने बताया कि हम पुलिसकर्मी है और एसओजी में तैनात है। तुम्हारा चालान होगा और इतना कहकर सन्नी को कार में अंदर घसीट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने सन्नी के साथ लास घूसे से मारपीट करते हुए गाली गलौच करते हुए वीडियो बनाई। साथ ही कहा कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देंगे। इसके बाद आरोपियों ने उसे छोड़ दिया। जब सन्नी ने उनके बारे में पता किया तो उनके नाम आफताब पुत्र नानू निवासी नुरानी मस्जिद शामली, ललित पुत्र पूरण निवासी इंदिरा कॉलोनी शामली, भोला उर्फ शाहिद निवासी खेडकरमू हैं। पीड़ित सन्नी ने आरोपियों के खिलाफ शामली कोतवाली में तहरीर दी जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हत्यारों को गिरफ्तार किए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** झिंझाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर हटिया निवासी महिला ने अपनी पुत्री के दहेज हत्यारों को गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर एसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। मंगलवार को झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव बीबीपुर हटिया निवासी बानो पत्नी जमील ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर अवगत कराया है कि 17 अप्रैल को उसकी पुत्री नगमा की पांच ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर दी थी। जिसका मुकदमा थाना झिंझाना पर दर्ज कराया गया था। पुलिस ने मात्र पति तैयब को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जबकि सांस मीना, जेठ बिलाल, इस्तकार व ननंद फरीन गांव सूबरी थाना झिंझाना को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। पीडित महिला ने अन्य चारों नामजदों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की है।

# वैष्णव बैरागी समाज के राष्ट्रीय उपसचिव बने संदीप प्रधान

**कैराना।** छपरौली क्षेत्र के गांव लूम्ब में सत्य प्रकाश हलवाई के आवास पर वैष्णव बैरागी चतुरू सम्प्रदाय स्वामी समाज समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। इस दौरान समाज के अंदर व्याप्त विसंगतियों एवं रूढ़िवादिता को दूर करने पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान के लिए शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सत्य प्रकाश हलवाई को सर्वसम्मति से संगठन का बागपत जिलाध्यक्ष चुना गया, जबकि संदीप प्रधान तीतरवाड़ा को राष्ट्रीय उपसर्ा. चव नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचे अनिल प्रधान व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भोपाल सिंह स्वामी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र प्रदान



किए। साथ ही, पुष्प मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र कुमार स्वामी ने समाज के कल्याण हेतु नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष भोपाल सिंह तथा कुशल संचालन रवि कुमार एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर केपी सिंह, रामेश्वर दयाल, ओम. सिंह, रघुवीर प्रधान, कृष्णपाल प्रधान, भूपेंद्र वैष्णव, बलराम वैष्णव, कंवरपाल वैष्णव, कैमसिंह, रामजीलाल, धर्मवीर वैष्णव, शिवकुमार, नरेश, सोनू आदि मौजूद रहे।

# गांव बंतीखेड़ा में स्वीकृत ओपन जिम का कार्य शुरू

**शामली।** थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के गांव बंतीखेड़ा में ग्रामीणों व रालोद विधायक अशरफ अली के आग्रह पर चौधरी जयंत सिंह द्वारा करीब 8 लाख रूपए की धनराशि ओपन जिम के लिए स्वीकृत की गई थी। जिसके चलते गांव बंतीखेड़ा में ग्राम सचिवालय के पास खाली पार्क में ओपन जिम का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। ओपन जिम में व्यायाम करने की अलग-अलग मशीने लगाई जाएंगी। ओपन जिम से गांव में महिलाओं युवाओं व बच्चों को एक्सरसाइज करने का एक अच्छा स्थान मिलेगा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव बनती खेड़ा चरण स्व. चौधरी चरण सिंह को मानने वाला गांव है और हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह द्वारा गांव में जो ओपन जिम की व्यवस्था की गई है उसे सभी ग्रामीण काफी उत्साहित है। मास्टर शिवकरण, संदीप कुमार, गुड्डू चौधरी, रामकुमार, बिट्टू, विकास, उपेन्दर, संजय, सतेंदर आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितयों में व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** गांव चंदेनामल मार्ग पर संदिग्ध पपरिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के सिर पर हैलमैट लगा था जबकि बाईक बराबर मे पडी थी परन्तु शरीर पर चोट के निशान नही होने से मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस प्रथम .श्टया दुर्घटना मे मौत होना बता रही है।

मंगलवार की सुबह जलालाबाद गांव चन्दैनामल मार्ग पर कबीर अध्यात्म केन्द्र के निकट सडक किनारे गडढे मे एक व्यक्ति को दौड लगा रहे गांव चन्दैनामल के कुछ युवाओ द्वारा देखा गया जिसकी सूचना उनके द्वारा गांव मे व जलालाबाद पुलिस को दी। जिसके बाद चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय मौके पर पहुंचे जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हरेन्द्र उर्फ टीटू पुत्र रणपाल निवासी बुडिना कला थाना तितावी के रूप मे हुई । पुलिस की सूचना पर परिजन थाना थानाभवन पहुचे जिनका कहना था कि सोमवार को शाम 3 बजे टीटू गांव से अपनी बाईक पर तीतरो के लिए निकला था। गांव चन्देनामल कैसे पहुचा उन्हे नही पता । पुलिस की सूचना के बाद वह मौके पर पहुचे है । पुलिस द्वारा हत्या का कारण पोस्टमार्टम मे आने की बात कही है जिसके बाद वह तहरीर देंगे। गांव से मिली जानकारी के अनुसार मृतक पर थाना तितावी मे कई केस दर्ज है। चौकी प्रभारी पवन उपाध्याय का कहना है परिजनो कीओर से कोई तहरीर अभी नही मिली है प्रथम .श्टया देर रात सडक दुघर्टना मे मौत होना लग रहा है बाकी पोस्टमार्टम के बाद स्थिति साफ होगी।

## तमंचा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कैराना।** पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे हैं संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में सोमवार की रात्रि कैराना कोतवाली पर तैनात उपनिरीक्षक अनिरुद्ध कुमार पुलिस टीम के साथ गस्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर एक युवक को अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम अंकित पुत्र प्रमोद निवासी मोहल्ला बनखंडी बताया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालानी कार्रवाई कर दी है।

## 3 किलो 515 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सोमवार रात्रि एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में गश्त के दौरान अलग-अलग स्थानों से दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है,जिनके कब्जे से तीन किलो 515 ग्राम अवैध गांजा व परिवहन में प्रयुक्त दो बाइक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता अरमान खान व माज निवासीगण ग्राम टाण्डा थाना छपरौली जनपद बागपत बताए। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया है।

# तूफान से बिजली आपूर्ति ठप, जनता परेशान

**चौसाना।** मंगलवार की शाम मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ आई आंधी ने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी। तूफान इतना तेज था कि जगह-जगह पेड़ों की टहनियां टूटकर बिजली की लाइनों पर गिर गईं, जिससे विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई।

तेज आंधी के कारण चौसाना क्षेत्र में कई जगहों पर बिजली के खंभों के पास लगे पेड़ों की टहनियां टूटकर लाइन पर गिर गईं, जिससे लाइन में फाल्ट आ गया।

इसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति दो घंटे से ज्यादा समय तक ठप रही। बिजली गुल होने से लोगों को गर्मी और अंधेरे में



परेशानी झेलनी पड़ी।

बिजली जाने के बाद विद्युत विभाग की टीम सक्रिय हुई और लाइनमैन अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर पेड़ों की टहनियों को हटाते दिखे। भारी हवा और अंधेरे के बीच कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर लाइन को ठीक किया।

...............................

विभाग के अवर अभियंता (जेई) मोबीन खान ने बताया कि आंधी के दौरान कुछ पेड़ों की टहनियां बिजली की लाइन पर गिर गई थीं, जिससे फाल्ट आ गया था। सूचना मिलते ही टीम को रवाना किया गया और जल्द ही फाल्ट को दूर कर आपूर्ति बहाल कर दी गई।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परिक्षा परिणाम घोषित, देवबन्द के स्कूलों का रहा शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सीबीएसई का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट का परिक्षा परिणाम घोषित देवबंद के स्कूलों का प्रदर्शन शानदार रहा। कक्षा 12 में नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा वलिया उस्मानी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला जबकि मेपल्स एकेडमी की अनुष्का गोयल ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, मेपल्स एकेडमी के ही कक्षा दस के छात्र मानव त्यागी 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में तीसरे स्थान पर रही दून वैली पब्लिक स्कूल की सोहा अख्तर ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया।

नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य फौजिया नवाज ने बताया कि इंटरमीडिएट में वलिया उस्मानी ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जबकि खदीजा अंसार ने 98.6 अंकों के साथ स्कूल में दूसरा और अर्शी खान ने 94.8 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया है। संस्थापक डा. नवाज देवबंदी ने बेटियों की शानदार कामयाबी पर खुशी का इजहार किया है। मेपल्स एकेडमी की प्रधानाचार्य डा. चित्रा जोशी ने बताया कि कक्षा 12 में अनुशका गोयल ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में दूसरा स्थान पाया है। जबकि श्रेया त्यागी 95.2 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल में दूसरे और आर्यन 94 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा दस में मानव त्यागी 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में तीसरे और देवबंद में सर्वोच्च स्थान पर रहे। जबकि मानिक त्यागी व मारिया फलक 97.8 अंकों के साथ दूसरे और मानवी गर्ग 97.6 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं।

दून हिल्स एकेडमी के डायरेक्टर तनुराज वर्मा ने बताया कि कक्षा 12 में तानिया 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अर्पूवा त्यागी द्वितीय और उत्कर्ष तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दस में राजनंदनी सिंह राणा ने सर्वाधिक 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, आयुषी ने द्वितीय और लकक्षांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक डा. प्रदीप वर्मा प्रधानाचार्य अंजली वर्मा ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

दून वैली पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा सोहा अख्तर ने 92 प्रतिशत सादान इलाही ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया स्कूल की प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने बताया कि कक्षा 12 साइंस ग्रुप में रीति ने 98. 2 प्रतिशत और कॉमर्स ग्रुप में राधिका ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान पाया है। स्कूल चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता ने उज्जवल भविष्य की कामना की। बेनिसन स्कूल के प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने बताया कि कक्षा 12 में मनल ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया। जबकि वंशिका दूसरे और सूफिया तीसरे स्थान पर रही। कक्षा दस में 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ असद राजिक पहले, देवांश दूसरे और मोहम्मद अनस तीसरे स्थान पर रहे। प्रबंधक नदीम चौधरी और शाइस्ता चौधरी ने सभी मेधावियों को मुबारक. बाद दी। सर्वोदय ज्ञान स्कूल के प्रधानाचार्य रुपेश कुमार सैनी ने बताया कि कक्षा 12 में कृष्ण तायल 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, प्राची द्वितीय और सृष्टी तीसरे स्थान पर रही। कक्षा दस में अभिनव राणा 98.6 अंकों के साथ पहले, सौभाग्य दूसरे और कृष्णा तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। आरके पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डा. नीरज लता शर्मा ने बताया कि कक्षा 12 साइंस स्ट्रीम में हर्षिका जबकि कॉमर्स स्ट्रीम में अनुष्का त्यागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में त्रिदेव प्रथम, दिशांत चौधरी द्वितीय, वैष्णवी और श्रेयांशी तीसरे स्थान पर रहीं। चेयरमैन राजेश चौहान व कुलदीप राणा ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।






















# यूनानी चिकित्सा का किया जाएगा विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** यूनानी चिकित्सा पद्धति के विकास एवं उसकी महत्वता का विस्तार करने के लिए देशभर में जगह-जगह यूनानी संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ताकि युनानी चिकित्सा का लोगो को और अधिक लाभ पहुंचे।

जामिया तिब्बिया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक प्रबंधक एवं ऑल इंडिया मेडिकल तिब्बी कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. अनवर सईद ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए बताया कि अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। जिसमें यूनानी चिकित्सा पद्धति से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य की रणनीतियों के बारे में अहम निर्णय लिए गए। उन्होंने बताया कि बैठक में सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम और राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन पर विचार विमर्श के साथ-साथ राष्ट्रीय कार्यसमिति के गठन पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि कार्यसमिति आगामी 24 मई को अखिल भारतीय यूनानी तिब्बी सम्मेलन के मुख्यालय पर औपचारिक बैठक आयोजित करेगी। जिसमें यूनानी चिकित्सा के विकास पर आगामी कार्य योजना को अंतिम रुप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूनानी चिकित्सा के सामने वर्तमान चुनौतियों, इसके शोध और शैक्षणिक क्षेत्रों की उन्नति के अलावा यूनानी चिकित्सा संस्थानों की संरचना व प्रबंधन में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. अनवर ने बताया कि इस कार्यक्रम में चिकित्सकों,



अध्यापकों और छात्रों को विभिन्न आयाम के अंतर्गत संस्था से जोड़ा जाएगा। बताया कि भारत सरकार से यूनानी चिकित्सा संस्थानों को आधुनिक संसाधन, उन्नत शोध सुविधाएं और संस्थागत सहायता प्रदान करने के साथ ही यूनानी चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक और प्रभावी राष्ट्रीय नीति तैयार करने का आह्वान किया गया।

## उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा निदान

**देवबन्द।** विद्युत निगम द्वारा वाणिज्यिक विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तीन दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का निदान किया जाएगा।

विद्युत निगम के उपखंड अधिकारी अनिल कुमार चौरसिया ने बताया कि 15 मई से 17 मई तक निगम कार्यालय पर मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उपभोक्ताओं के बिल जमा करने, बिल संशोधन, नए संयोजक निर्गत करने, लोड बढ़ना, मीटर बदलना समेत अन्य वाणिज्यिक समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अनिल कुमार ने उपभोक्ताओं से मेगा कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# किसानों ने समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) के पदाधिकारियों ने जिला कृषि रक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

भारतीय किसान यूनियन (किसान जनशक्ति) के पदाधिकारियों ने दिये ज्ञापन में शुगर मिलों में अवैध तरीके से किसानों को कीटनाशक व फर्टीलाइजर बेचा जा रहा है। जिसका किसानों को पक्का बिल नहीं दिया जा रहा है। जिन गांवों में शुगर मिल की ओर से सेंटर लगाकर कीटनाशक बेचा जा रहा है उनके पास कोई लाइसेंस भी नही है। एक लाइसेंस 15 गांवों में कीटनाशक व फर्टीलाइजर बेचा जा रहा है। जिससे किसानों के साथ धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है।

किसानों ने 15 दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन देने वालों में अजय कुमार, पवन कुमार, अमित शर्मा, जुग्नू त्यागी, रजत, उमेश त्यगी, नितिन आदि किसान शामिल रहे।

## अदालत ने दुष्कर्म मामले में सुनाई 12 वर्ष कारावास की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी-प्रथम की अदालत ने आठ साल पुराने दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को 12 वर्ष का कठोर कारावास और 55 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि दो अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 8 अगस्त 2017 को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें उसने खडंजा अहमदपुर गांव निवासी गुलफाम, अहतेशाम, शाहआलम पर बहन को नशीला पदार्थ देकर व बहला फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस की सशक्त पैरवी के चलते मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम की अदालत ने सुनवाई करते हुए अभियुक्त गुलफाम को दोषी माना और उसे कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि अहतेशाम और शाहआलम को दोषमुक्त कर दिया है।

## नाबालिग को ले जाने में तहरीर दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** चौकी क्षेत्र के गांव मे नाबालिक लड़की को युवक भाग ले गया इस संबंध में पीड़िता की मां ने पुलिस चौकी में तहरीर दी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है । क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक लड़की को उसके भाई का साला शमी पुत्र मुसाहिद निवासी जसोई बहला फुसलाकर भगा ले गया बाद में रिश्तेदारी का दबाव होने के कारण लड़की को आरोपी का दोस्त गांव के बाहर छोड़कर भाग गया इस संबंध में पीड़िता की मां ने पुलिस चौकी में तहरीर दी है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है।

# आवारा कुत्ते को पीटने का विरोध करने पर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर की हाजी कॉलेनी में गली के आवारा कुत्ते को पीटने का विरोध करने पर हमलावरों ने घर में घुसकर हमला करते हुए मारपीट की। हमले में महिलाओं सहित तीन लोगों को गंभीर चोटे आई है। इस मामले में नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

शहर की हाजी कॉलोनी निवासी नईम चौहान पुत्र जिंदा हसन ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात में करीब 11 बजे उन्हें गली के आवारा कुत्ते को पीटने की आवाज आई। जब उसका पुत्र रहीम घर के बाहर पहुंचा तो वहां पर मामू व ईनाम पुत्रगण जमील व जमील व शहजाद निवासी हाजी कॉलोनी कुत्ते को लाठी डंडों से पीट रहे थे।

बेरहमी से कुत्ते को पीटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौच की। जब रहीम घर में दौड़ता हुआ आया तो उसके पीछे चारो आरोपी घर में घुस गए और उन्होंने लाठी डंडों से परिवार की महिलाओं व पुरुषों पर हमला कर दिया। हमले में रहीम, आसमोहम्मद, मनव्वर को गंभीर चोट आई है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। पीड़ित नईम चौहान ने उसके परिवार के साथ



मारपीट में चारो आरोपियों मामू, इनाम, जमीन व शहजाद के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।

# दादा पीर के मजार पर 15 मई को लगेगा मेला, दूर-दराज से पहुंचेंगे अकीदतमंद

**झिंझाना।** गांव बिडौली सादात में 15 मई को जुमेरात की रात से लेकर जुम्मे के दिन तक दादा पीर के मजार पर परंपरागत मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला क्षेत्र में आस्था और अकीदत का बड़ा केंद्र माना जाता है, जहां दूर-दराज से जायरीन अपनी मन्नतें लेकर पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मेला कई वर्षों से लगातार लगाया जा रहा है। मान्यता है कि जब बिडौली सादात एक समृद्ध और आबाद शहर हुआ करता था, तभी से दादा पीर की मजार यहां मौजूद है। बताया जाता है कि सन 1905 में आए भीषण सैलाब द्धबाढ़ऋ ने पूरे शहर को तबाह कर दिया था। उस समय न तो सड़कें थीं और न ही यमुना नदी पर कोई बांध था। पानी पूरे शहर में भर गया था, लेकिन दादा पीर की मजार की हद तक पानी नहीं पहुंचा। तभी से यह स्थान लोगों की अकीदत और विश्वास का प्रतीक बना हुआ है।

बाढ़ के बाद लोग लगभग एक किलोमीटर दूर जाकर बस गए, लेकिन मजार आज भी वहीं स्थित है और हर साल पांच बार मेला आयोजित होता है। यह मेला 24 घंटे चलता है जुमेरात की रात शुरू होकर जुम्मे की शाम को समाप्त होता है। लोगों का मानना है कि जो भी यहां सच्चे दिल से दुआ करता है, उसकी हर मुराद पूरी होती है। मेले की तैयारी में आयोजन समिति पूरी तरह से जुटी हुई है ताकि आने वाले अकीदतमंदो को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## क्लस्टर सोशल ऑडिटर टीम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश और स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में क्लस्टर सोशल ऑडिटर टीम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद शामली में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय शामली के सभागार में दिनांक 13 मई, 2025 को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश भारत का 10वां राज्य है जहां इस सोशल ऑडिट कार्यक्रम को आरम्भ किया जा रहा है, इसमें सुभारती विश्वविद्यालय को 18 जिले आवंटित किए गए हैं। इस सोशल ऑडिट में मुख्य रूप से परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों व इनमें पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं के अभिभावक, प्रधानाध्यापक और अध्यापक के मूल्यांकन का कार्य भी किया जाएगा। इस मूल्यांकन में जो भी खामियां व उपलब्धियां पाई जाएंगी, उस पर सरकार द्वारा प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में ऑडिट से संबंधित विस्तृत जानकारी के साथ सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ से मास्टर प्रशिक्षक शोकेंद्र सिंह मलिक जी और अंजलि सिंह जी ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की सोशल ऑडिट से संबंधित समझ विकसित की और डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण की बारीकियों पर ध्यान आकृष्ट कराया । प्रो0 डॉ0 अनोज राज, नोडल अधिकारी, समग्र शिक्षा प्रोजेक्ट, स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के बहुमूल्य मार्गदर्शन और निर्देशों के तहत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किए गए । इस दौरान शामली जनपद में प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमे 15 क्लस्टर सोशल ऑडिटर उपस्थिति रहे।

## वृद्धों को सहायक उपकरण के लिए पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अंशुल चौहान ने बताया कि केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय वयो योजना के तहत आज ब्लॉक परिसर कांधला में एलिम्को द्वारा 48 वृद्धजनों का सहायक उपकरण के लिए पंजीकरण किया गया। योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के वे वृद्धजन जिन्हें चलने फिरने या अन्य शारीरिक गतिविधियों में दिक्कत होने पर सहायक उपकरण जैसे बेंत,सीट युक्त फोल्डिंग बेंत, वॉकर, व्हीलचेयर, कमोडयुक्त व्हीलचेयर, सिलिकॉन सीटिंग पिलो, नी ब्रेस, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल सपोर्ट इत्यादि प्रदान किए जाएंगे। शिविर में कुल 48 लाभार्थी सम्मिलित हुए और इन लाभार्थियों में 24 व्हीलचेयर, 19 हियरिंग ऐड, 8 कमोडयुक्त चेयर, 48 बेंत, 45 कमर की बेल्ट, 90 घुटनों की बेल्ट, 5 सर्वाइकल कॉलर, 6 वॉकर व 6 सिलिकॉन सीटिंग तकिया के लिए पंजीकरण किया गया। इस प्रकार 48 लाभार्थियों को मानक के अनुसार उक्त सभी उपकरण वितरण किया जाएगा।



## कांग्रेसियों ने शहीद जवानों व नागरिकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

**कैराना।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने संगठन के जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान के नेतृत्व मे भारत-पाक संघर्ष में शहीद हुए देश के वीर जवानों तथा आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कस्बे के चौक बाजार में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर शहीद जवानों और नागरिकों की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। कांग्रे. सियों ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण करके दिवंगत आत्माओं को नमन किया। कांग्रेसियों ने कायराना आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने सरकार से देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा घटना की पुनरावृत्ति पर रोक लगाए जाने की मांग की। इस अवसर पर शमशीर खान, जावेद अली, सुहैब खान, सुधीर कश्यप, आलिम, साबिर, फरमान, जुनैद, रामलाल, सन्नी मौजूद रहे।

## लवी बालियान ने किया स्कूल का नाम रौशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** जे.एल.एन दिल्ली रोड सहारनपुर में सीबीएसई 12वीं कक्षा की छात्रा लवी बालियान ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जहां स्कूल का नाम रौशन किया,वहीं कक्षा में भी पढ़ाई का अपना परचम लहराया है। माता-पिता के साथ परिजनों ने भी खुशी का इजहार किया और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



## ईरम परवीन ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मोहल्ला नेजो सराय स्थित एमएनके मेमोरियल एकेडमी स्कूल की छात्रा ईरम परवीन पुत्री मोहम्मद राशिद ने वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उसकी सफलता कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल

**धामपुर।** शेरकोट मार्ग पर तेज रफ्तार कार द्वारा ई-रिक्शा को टक्कर मारे जाने से बड़ा हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

घायलों में ई-रिक्शा चालक नदीम पुत्र नसीम निवासी तैय्यब सराय थाना शेरकोट के साथ-साथ सवार शाहनवाज, उनकी पत्नी नाजमी तथा तीन वर्षीय पुत्री शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

डॉक्टरों के अनुसार महिला नाजमी की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल शाहनवाज ने बताया कि वे अपनी ससुराल से लौटकर बरवानान, जनपद मुरादाबाद स्थित अपने घर जा रहे थे। शेरकोट से ई-रिक्शा द्वारा धामपुर की ओर रवाना हुए थे कि अचानक एक तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है तथा कार चालक की तलाश जारी है।

# अहमदाबाद में हो सकता है IPL फाइनल




## 17 मई से टूर्नामेंट, पाक से तनाव के कारण 8 दिन के लिए रोके थे मैच

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 का फाइनल और क्वालीफायर 2 अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा जा सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 3 जून को खेला जाना है।

एक दिन पहले बीसीसीआई ने आईपीएल के बचे 13 मैच का शेडयूल रिलीज किया था। लेकिन प्लेआफ के वेन्यू डिसाइड नहीं किए थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक अहमदाबाद को 1 जून को होने वाला क्वालीफायर-2 और 3 जून को खेला जाने वाला फाइनल की मेजबानी के लिए चुना गया है। प्लेआफ के वेन्यू नहीं बताने का एकमात्र कारण मौसम है। बोर्ड शेडयूल को अंतिम रूप देने से पहले देश भर में मानसून की गति. विधियों पर नजर रख रहा है। वेदर के मुताबिक अहमदाबाद में जून की शुरुआत में बारिश होने की संभावना नहीं है। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं। 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में पहला मैच होगा। जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, मुंबई और अहमदाबाद में बाकी मुकाबले खेले जाएंगे। 27 मई को लीग स्टेज खत्म होगा। 18 और 25 मई को रविवार के दिन 2 डबल हेडर खेले जाएंगे। यानी 11 दिन में लीग स्टेज के 13 मैच होंगे। पंजाब और दिल्ली के बीच धर्मशाला में 8 मई को होने वाला मैच पाकिस्तान से हुए हमलों के बीच रोकना पड़ा था। यह मुक. ाबला अब 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। प्लेआफ मुकाबलों का वेन्यू फिलहाल तय नहीं है। पहले हैदराबाद और कोलकाता में 2-2 प्लेआफ मैच खेले जाने थे। धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच रोका गया मैच 24 मई को जयपुर में खेला जाएगा। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 7 मई तक 57 मैच हो चुके थे, 8 मई को 58वां मैच बीच में रोकना पड़ा था। यानी अब 17 मुकाबले बाकी हैं। इनमें 13 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्लेआफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुकाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्लेआफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें एलिमिनेट हो चुकी हैं। बाकी टीमें अभी प्लेआफ की रेस में बरकरार हैं। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के कुछ प्लेयर्स वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को ध्यान में रखते हुए भारत आने से मना कर सकते हैं। आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल मई की विंडो उपलब्ध होती है।



## कोहली के जल्दबाजी में संन्यास पर उठ रहे सवाल

# 10 हजार रन बनाकर इस फॉर्मेट में तीसरे टॉपर बन जाते

**नई दिल्ली, वार्ता।** 36 साल के विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। वे अगर 1-2 साल और खेलते तो 10 हजार रन बनाकर इस फार्मेट में भारत के तीसरे टॉप स्कोरर बन जाते, लेकिन विराट ने रिकार्ड की परवाह नहीं की। विराट भारत के चौथे टॉप स्कोरर रहे। देश के टॉप-5 टेस्ट स्कोरर में को. हली ने ही सबसे जल्दी संन्यास लिया। सचिन तेंदुलकर ने तो 36 साल की उम्र के बाद 9 टेस्ट शतक और लगा दिए थे। वे 40 साल तक खेले, लेकिन विराट ने इस फार्मेट में अपना करियर लंबा नहीं होने दिया।

विराट कोहली ने 2019 में अपना 27वां टेस्ट शतक लगाया। अगले ही साल कोरोना वायरस आया, मुकाबले कम होने लगे और कोहली ने अपना पीक फार्म खो दिया। 2019 तक उन्होंने करीब 55 की औसत से 7202 रन बना लिए थे। वे अगले 5 साल के 39 टेस्ट में महज 31 की औसत से 2028 रन ही बना सके। इस दौरान उनके बैट से 3 ही सेंचुरी निकलीं। कोहली के खराब फार्म में कोरोना के बाद की बालिंग फ्रेंडली पिचों का योगदान भी बड़ा रहा। महामारी के बाद कोहली ने 37 टेस्ट में 32.09 की औसत से रन बनाए, जो उनके स्टैंडर्ड से बेहद सामान्य रहा। हालांकि, इस दौरान दुनिया भर के टॉप-7 बैटर्स का औसत महज 29.87 का रहा। वहीं को. हली को छोड़कर टीम इंडिया के बाकी टॉप-7 बैटर्स का औसत भी 31.15 का ही रहा। यानी कोहली पिछले 5 साल में दुनिया के टॉप बैटर्स में कम्पीट तो करते रहे, लेकिन उन्हें अपने ही स्टैंडर्ड में गिर जाना नहीं पसंद आया। बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पिछली 3 सीरीज में भी कोहली आउट आफ फार्म नजर आए। वे एक फिफ्टी और एक सेंचुरी ही लगा सके। 3 से 5 जनवरी तक उन्होंने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट खेला और मई में संन्यास ले लिया। गौतम गंभीर अगस्त 2024 में टीम इंडिया के नए हेड कोच बनाए गए। उन्होंने कोच बनते ही बयान दिया था कि वे टीम इंडिया के स्टार कल्चर को खत्म करना चाहते हैं। उनका मानना रहा कि फैंस और मैनेजमेंट का फोकस प्लेयर के रिकार्ड्स से ज्यादा टीम की जीत पर होना चाहिए। गंभीर की एंट्री के बाद बीसीसीआई ने लंबे दौरों पर परिवार के ज्यादा समय साथ रहने पर पाबंदी लगा दी। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और टीम के कुछ सीनियर प्लेयर इस फैसले से नाराज नजर आए। गंभीर के कोच बनने के बाद टीम ने न्यूजीलैंड से घरेलू मैदान और ऑस्ट्रेलिया से उन्हीं के मैदान पर सीरीज हार झेली। जिसके बाद रविचंद्रन अश्विन, रोहित शर्मा और विराट कोहली को संन्यास लेना पड़ गया। गौतम गंभीर की कोचिंग में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट ने टेस्ट से संन्यास लिया।

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के साथ होने वाली श्रृंखला के लिए टीम की घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला के लिए टीमों की घोषणा कर दी है। चयनकर्ताओं ने एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए हैरी ब्रूक को टीम का कप्तान बनाया है। 29 मई से शुरू होने वाली इस श्रृंखला के तहत दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 खेले जायेंगे। लियाम डॉसन की सितंबर 2022 के बाद पहली बार टी-20 प्रारुप में लौटे हैं। इसकी के साथ फिल साल्ट और ल्यूक वुड की भी टी-20 टीम में वापसी हुई है जबकि विल जैक्स दोनों टीमों में खेलेंगे।

**एकदिवसीय टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवर्टन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, जो रूट और जेमी स्मिथ।

**टी-20 टीम:** हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, ब्रायडन कार्से, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल राशिद, फिल साल्ट और ल्यूक वुड।

# सचिन के रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं



### विराट के टेस्ट संन्यास के बाद 100 शतकों का रिकॉर्ड अटूट, भविष्य में भी नहीं दिखता कोई दावेदार

**नई दिल्ली, वार्ता।** कहा जाता है कि रिकॉर्ड बनते ही हैं टूटने के लिए। हालांकि, क्रिकेट के कुछ रिकॉर्ड ऐसे हैं, जो कालजयी बन जाते हैं। इनका टूटना लगभग नामुमकिन माना जाता है। जैसे 50 से ज्यादा टेस्ट खेलने के बाद डान ब्रैडमैन का 99.94 का औसत। इंटरनेशनल क्रिकेट में मुथैया मुरलीधरन का 1347 विकेट का रिकॉर्ड। विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी इसी फेहरिश्त में शामिल हो सकता है। वैसे सचिन के कारनामे से विराट सिर्फ 18 शतक पीछे हैं, लेकिन टेस्ट को अलविदा कहने के बाद उनके लिए अब 100 शतकों तक पहुंचना बेहद मुश्किल है। स्टोरी में आगे जानेंगे कि ऐसा क्यों है। साथ ही यह भी जानेंगे कि वर्तमान और भविष्य का कोई अन्य बल्लेबाज भी इस नंबर तक क्यों नहीं पहुंच सकता है। विराट अब सिर्फ वनडे पर निर्भर पिछले साल भारत को चैंपियन बनाने के बाद विराट ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने टेस्ट को भी अलविदा कह दिया है। अब अगर उन्हें सचिन के रिकॉर्ड तक पहुंचना है, तो वनडे में ही 18 शतक जमाने होंगे। विराट ने हिंट दी है कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक इस फार्मेट में खेलना जारी रख सकते हैं। विराट वनडे में औसतन हर 6 पारी में एक शतक जमा देते हैं। इस रफ्तार से उन्हें 18 शतक के लिए 108 पारियां खेलनी पड़ेंगी। 2020 से भारत हर साल औसतन 16 वनडे खेलता है। इस लिहाज से अगले वर्ल्ड कप भारतीय टीम मुश्किल से 40-50 मैच खेल पाएगी। विराट अगर सभी मुकाबले खेल लेते हैं तब भी वे ज्यादा से ज्यादा 7 से 8 शतक ही लगा पाएंगे। यानी उनके लिए अब 100 शतक तक पहुंच पाना लगभग असंभव है। एक्टिव प्लेयर्स में कोई आस-पास नहीं फैब-4 में शामिल बल्लेबाजों की बात करें तो सचिन के महा रिकॉर्ड के आसपास कोई नहीं है। जो रूट 53, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन 48-48 शतक ही बना सके हैं। इनमें से किसी का 100 शतकों तक पहुंच पाना मुश्किल है। फैब-4 के अलावा, रो. हत शर्मा 49 शतक बना चुके हैं। रोहित भी टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में उनका भी तेंदुलकर के रिकॉर्ड तब पहुंच पाना मुश्किल है। फ्यूचर में और कम होंगे वनडे और टेस्ट तेंदुलकर के महाशतकों का रिकॉर्ड टूटने की संभावना कम है। वनडे और टेस्ट मैचों की संख्या लगातार कम हो रही है।




## डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए

# द. अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया ने टीम घोषित की

### द. अफ्रीका ने टीम की कमान तेम्बा बावुमा को सौंपी, एनगिडी की वापसी से गेंदबाजी होगी मजबूत

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी।

द. अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे। वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई। डब्ल्यूटीसी के फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:- तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन। टीम को लेकर मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि इस टीम ने इंग्लिश परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह की तैयारियाँ की हैं और यह एक संतुलित टीम है। कॉनराड ने कहा कि सबसे पहले, मैं इस टीम के लिए चुने गए प्रत्येक खिलाड़ियों को बधाई देना चाहता हूं। इस समूह के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में भाग लेना एक विशेष क्षण है। पिछले 18 महीनों में, हमने एक प्रतिस्पर्धी रेड-बॉल टीम बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

### जोश हेजलवुड और कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया गया

**ऑस्ट्रेलिया** ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 जून से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए पैट कमिंस की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

चयनकर्ताओं ने चोट से उबर रहे तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को टीम में शामिल किया है। टीम में मिशेल स्टार्क, स्कॉट बोलैंड तथा अनुभवी बल्लेबाज के रूप में उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड और विकेटकीपर एलेक्स कैरी को जगह दी गई हैं। जोश इंगलिस को भी बैकअप विकेटकीपर के रूप में शामिल किया गया है साथ ही युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन स्पिन विकल्प के रूप में नाथन लियोन के साथ शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है और हम भाग्यशाली हैं कि पैट, जोश और कैम फिट होकर वापसी कर रहे हैं। टीम डब्ल्युटीसी खिताब के बचाव और लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीकी टीम का सामना करने के लिए उत्साहित है।

डब्ल्यूटीसी फाइनल के ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:- पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जॉश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जॉश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कोंस्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, स्टीव स्मिथ (उप-कप्तान), मिशेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## मरीन ड्राइव पर राजस्थान के राइडर्स का दबदबा, दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते

### लड़कों की 30 किमी. की रोमांचक रेस में राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप किया

**पटना, वार्ता।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव पर मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 की रोड साइक्लिंग स्पर्धा में राजस्थान के साइकिलिस्टों ने तूफानी प्रदर्शन किया। यहां ठंडी हवाओं और दर्शकों की भारी भीड़ के बीच राजस्थान के राइडर्स ने व्यक्तिगत टाइम ट्रॉयल में अपना दमखम दिखाया और छह में से पांच पदक अपने नाम किए,

जिनमें से दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल हैं। लड़कों की 30 किलोमीटर की रोमांचक रेस में तो राजस्थान के बेटों ने क्लीन स्वीप कर दिया। दोनों ही वर्गों में महाराष्ट्र की जुल गंजम नारकर एकमात्र ऐसी राइडर रहीं, जिन्होंने राजस्थान के दबदबे को चुनौती दी। नारकर ने 20 किलोमीटर की रेस 32 मिनट और 49-291 सेकेंड (औसत रफ्तार 36-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया। लेकिन, स्वर्ण पदक पर कब्जा राजस्थान की मंजू चौधरी ने किया। बीकानेर में अभ्यास करने वाली बाड़मेर की इस बेटी ने 32 मिनट 15-142 सेकेंड (औसत रफ्तार 37-2 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ पहला स्थान हासिल किया। दिलचस्प बात यह है कि मंजू का यह पहला खेलो इंडिया यूथ गेम्स है और वह सिर्फ रोड रेसिंग में ही हिस्सा लेती हैं। मंजू की टीम की साथी रुक्मिणी भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने 33 मिनट 40-233 सेकेंड (औसत रफ्तार 35-6 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल गेम्स की चैंपियन और दो साल पहले ही साइक्लिंग शुरू करने वाली मंजू ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने आई थी और मैं अपने परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। मुझे रोड रेसिंग बहुत पसंद है और मैं सिर्फ टाइम ट्रायल में ही हिस्सा लेती हूं। यहां रेस करने में मुझे बहुत अच्छा लगा। महिलाओं की इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की शिवानी कृष्ण पारित चौथे और मेजबान बिहार की अमृता कुमारी पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग के 30 किलोमीटर टाइम ट्रायल रेस में राजस्थान के रामवतार चिम्पा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लीन स्वीप किया। रामवतार ने 40 मिनट 21:245 सेकेंड (औसत रफ्तार 44.6 किलोमीटर प्रति घंटा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, उनके साथी महादेव सारन ने 40 मिनट 49:486 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.9 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी कर रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक भी राजस्थान के ही महावीर सारन के नाम रहा, जिन्होंने 41 मिनट 43.480 सेकेंड (औसत रफ्तार 43.1 किलोमीटर प्रति घंटा) में रेस पूरी की।

## अटापट्टू पर लगा मैच फीस का 10% जुर्माना



**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू पर आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना हाल ही में श्रीलंका में संपन्न त्रिकोणीय श्रृंखला के ग्रुप चरण के अंतिम मैच के दौरान दक्षिण अफ्रीका के साथ 32वें ओवर में उस समय हुई, जब एनेरी डेरक्सन द्वारा चौका लगाए जाने के बाद अटापट्टू ने अपना चश्मा उतारकर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसके कई टुकड़े हो गए। यह आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन है और अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट से जुड़े उपकरणों का दुरुपयोग और मैदान के उपकरणों के फेंकने से संबंधित है। इस अपराध के लिए अटापट्टू पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जर्माना लगाया गया। इसके अलावा 24 महीने की अवधि में पहले अपराध के तहत अटापट्टू पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

# बीसीबी ने शॉन टेट को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया



**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज शॉन टैट को अपनी टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है।

शॉन टैट का अनुबंध नवम्बर 2027 तक होगा। वह आंद्रे एडम्स का स्थान लेंगे। टैट इस महीने के आखिरी में टीम के साथ शामिल होंगे। टैट ने एक दशक तक चले अपने करियर में ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों में 59 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 95 विकेट लिए है। वह वर्ष 2007 में क्रिकेट विश्वकप जीतने वाले ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा थे। एडम गिलक्रिस्ट के शानदार शतक ने ऑस्ट्रेलिया को 2007 विश्व कप फाइनल में श्रीलंका पर जीत दिलाने में मदद की। अपनी नियुक्ति पर टैट ने मुख्य कोच फिल सिमंस के नेतृत्व में राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि अभी बंगलादेश क्रिकेट टीम के साथ जुड़ना अच्छा समय है। यह एक नए युग की तरह है। बांग्लादेश की हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला बराबर रही थी और उसे अभी संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ भी खेलना है।

## माइक हेसन पाक के वनडे और टी-20 कोच बने

### आईपीएल में बेंगलुरु के कोच रह चुके, आकिब जावेद हाई- परफारमेंस डायरेक्टर बने




**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने माइक हेसन को पाकिस्तान का नया व्हाइट-बाल कोच बनाया है। हेसन वनडे और टी-20 के हेड कोच बने हैं। न्यूजीलैंड के माइक 26 मई से अपना पदभार संभालेंगे। हालांकि पीसीबी ने उनके कान्ट्रैक्ट के बारे में जानकारी नहीं दी। 50 साल के हेसन आईपीएल में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2019-23 में हेड कोच रह चुके हैं। 2012-18 तक वे न्यूजीलैंड मेंस टीम के भी कोच रहे। अभी हेसन पाकिस्तान सुपर लीग में इस्लामाबाद यूनाइटेड को कोचिंग दे रहे थे। इस्लामाबाद यूनाइटेड पीएसएल 2024 की विजेता थी। पाकिस्तान के अंतरिम कोच आकिब जावेद को बोर्ड ने हाई-परफारमेंस डायरेक्टर बनाया है। जावेद पाकिस्तान सिलेक्टर्स टीम का अहम हिस्सा होंगे। पाकिस्तान के कोच के रूप में हेसन का पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज होगी। 25 मई से शुरू होने वाली सीरीज का रीशिडयूल होने की वजह से मैच की तारीख में बदलाव होगा। हेसन अकीब जावेद की जगह लेंगे, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में गैरी कर्स्टन के अचानक इस्तीफे के बाद अंतरिम व्हाइट-बाल कोच के रूप में काम किया था। पीसीबी ने कर्स्टन को अप्रैल 2024 में 2 साल के लिए कोच बनाया था। लेकिन 6 महीने के अंदर ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। पीसीबी प्रेस रिलीज के जरिए नकवी ने कहा, मुझे न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और मशहूर कोच माइक हेसन को व्हाइट-बाल हेड कोच बनाते हुए खुशी हो रही है। माइक अपने साथ अंतर्राष्ट्रीय अनुभव से शानदार ट्रैक रिकार्ड लेकर आ रहे हैं। टीम में आपका स्वागत है, माइक। टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब रहा।

# मासूम बालिका के परिवार से मिला सपा का डेलिगेशन

## देहात विधायक आशु मलिक ने संवेदनाएं जता की आर्थिक मदद, अन्य बेटियों की जिम्मेंदारी का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नाबालिग से रेप व हत्या के मामले में समाजवादी पार्टी का डेलीगेशन पीडित परिवार से मिला और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद प्रदान की।

डेलिगेशन में शामिल पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान, देहात विधायक आशु मलिक बेहट विधायक उमर अली खान, पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, जिलाध्यक्ष चौ. अब्दुल वाहिद, प्रदेश सचिव मंगाराम कश्यप, फैसल सलमानी, अब्दुल गफूर रकीब अली गुलजार सलमानी उमंग जैन जमाल साबरी फरहान खान, बेहट विधानसभा अध्यक्ष रागिब अली, एडवोकेट शाहजमां, विधायक प्रतिनिधि हैदर मुखिया, ने पीडित परिवार को हरसंभव मदद तथा आरो.पी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कराने का भरोसा दिया। विधायक आशु मलिक की तरफ से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी अपनी तरफ से की गई। साथ ही पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से शोक संवेदनाएं व्यक्त की गयी।



विधायक आशु मलिक ने कहा कि दुख की इस घडी में सपा पीडित परिवार के साथ है और हरसंभव मदद कराई जायेगी। उन्होंने पकडे गये हत्यारे वेदप्रकाश को फांसी की सजा दिलाये जाने की बात करते हुए पीडित परिवार की अन्य बेटियों की जिम्मेंदारी लेने का ऐलान भी किया। विधायक उमर अली खान ने कहा कि यदि हत्यारे के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई बरती गई तो सपा आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने पीडित परिवार को आश्वासन देते हुए हरसंभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

- पीड़ित परिवार की होगी हरसंभव मदद: उमर अली खान
- सख्त से सख्त सजा दिलाई जायेगी:हाजी फजलुर्रहमान

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने मासूम बालिका के परिवार को आश्वस्त किया कि दुख की घडी में वह साथ खडे है और इस वारदात को अंजाम देने वाले आरो.पियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने का काम करेंगे।

# मेयर डा.अजय व विधायक गुंबर ने किए सड़कों के निर्माण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुंबर ने आज वार्ड 29 व वार्ड 16 में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की करीब आधा दर्जन सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इन सड़कों के निर्माण से दर्जनों कॉलोनियों के लोगों को लाभ मिलेगा।

महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर व महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नाई ने आज सुबह वार्ड संख्या 29 के शांतिनगर में पांच सड़कों के निर्माण का शुभारंभ पूजा अर्चना करते हुए नारियल फोड़कर व सड़क पर गेंती मारकर किया। इन पांच सड़कों में डॉ.संजीव मिगलानी वाली सड़क के अलावा वाल्मीकि कॉलोनी, सुक्खुपुरा बेरीबाग के क्षेत्र शामिल हैं। इन सड़कों पर करीब 65 लाख रुपये की लागत आयेगी। इसके अलावा वार्ड 16 रणजीत नगर में 49 लाख रुपये की लागत से दिल्ली रोड से रजवाहे की पटरी को जोड़ने वाले लिंक मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



महापौर डॉ. अजय कुमार ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और नगर विकास मंत्री ए के शर्मा के निर्देशन में नगर निगममहानगर में विकास की नयी इबारत लिख रहा है। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर महानगर विकास के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है।महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि महापौर डॉ. अजय कुमार एवं नगर विधायक के नेतृत्व में सहारनपुर विकास की करवट ले रहा है। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, श्रीदेवी विवेक ज्योति, पं. अरुण कुमार, पं. कोदंड, डॉ. संजीव मिगलानी, डॉ. मोहन पांडे, डॉ. राजकुमार सिंह, पार्षद सुलेख चंद, पार्षद दीपक रहेजा, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष सचदेवा सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सीबीएसई कक्षा 12 में वलिया उसमानी व कक्षा 10 में गुरनाम सिंह रहे जिला टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सीबीएसई कक्षा 12 में देवबंद की नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा वलिया उस्मानी ने 99.2 तथा कक्षा 10 में एथेनिया स्कूल की गुरनाम सिंह गुजराल ने 99.4 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप किया है। कक्षा 12 में मेपल्स स्कूल की छात्रा अनुष्का को कॉमर्स विषय में 99 प्रतिशत अंक मिले हैं। वहीं पाइनवुड स्कूल के विनायक शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 10 में पाइनवुड स्कूल की इशिका मदान और इशिका कालरा को 99 प्रतिशत अंक मिले हैं।

देवबंद के नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा वलिया उस्मानी आटर्स विषय में कक्षा 12 में 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया हैं। वलिया उस्मानी ने इंग्लिश में 99, हिंदी में 99, हिस्ट्री 98, पॉलिटिकल











साइंस् में 100, फिजिकल एजुकेशन में 98 और पेंटिंग में 100 अंक हासिल किए हैं। वहीं मेपल्स स्कूल की छात्रा अनुष्का गोयल ने कॉमर्स विषय में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। पाइनवुड स्कूल के विनायक शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विनायक को इंग्लिश में 99, मैथ्स 100, फिजिक्स 96, कैमेस्ट्री 97, फिजिकल एजुकेशन 98 अंक मिले हैं। डीपीएस स्कूल की अन्यया ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। कॉमर्स स्ट्रीम में दिव्यम भट्ट ने 96.2, गौरव सूरी ने 95.6, वेदांश शर्मा व उदय वर्मा ने 90.6, हुमेनेटीज स्ट्रीम में संध्या सैनी ने 91.8, साईंस स्ट्रीम में प्रियांशी जोशी 89.8, मानसी रावत ने 88.2, आर्यन राणा ने 87.4 प्रतिशत अंक हासिल किये। कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें मीनाक्षी गौरी ने 96, नबिया ने 92, शगुन ने 91.6, मनीष ने 87.8, वेदांश ने 87.6, निधि ने 87.4, सौरभ ने 86.4, समद अंसारी व शुभम कुमार ने 86.2 व तनिश ने 85.4 प्रतिशत अंक हासिल किये।

पाइनवुड स्कूल कक्षा 12 कॉमर्स स्ट्रीम में अर्शबीर सिंह को 94.2, आरूषि जैन को 94.2, सारा हनफी को 94.6, अरशा कौशिक को 95.6, हुमेनेटी में तनु सिंह को 95.6, अदीबा अहमद को 97.2, वंश कोहली को 97.8, साइंस स्ट्रीम में ध्रुव गुप्ता को 95.8, ओम सैनी को 95.8, तन्मय जग्गा को 97.8, विनायक शर्मा को 98 प्रतिशत अंक मिले। इसके अलावा कक्षा 10 में अर्शदीप सिंह को 95. 8 प्रतिशत अंक मिले।

रेनबो स्कूल कक्षा 12 में संध्या सिंघल 97.4 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 96 प्रतिशत अंक लेकर रिया सैनी द्वितीय व 95.8 अंक लेकर रचित तीसरे स्थान पर रहे। अभय प्रताप सिंह ने 93.8, धीरेन विरमानी ने 92, सुविधा सेतिया ने 90.6 व रेनिता गुप्ता ने 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किये। कक्षा 10 में अक्षित गुप्ता ने 97.4 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रिंस कुमार 96.2, हरकिरत कौर 96, राधिका अग्रवाल 95.8, धैर्य गुप्ता व यश गुप्ता 94.8, राघव सखूजा 94.4, अग्रिमा गुप्ता 93.6, अभय अग्रवाल 93.2, मुस्कान माटा 93.1, सार्थक मित्तल 93 प्रतिशत अंक मिले।

वरिष्ठ समाजसेवी अमित जैन दादू की पुत्री वानिया जैन ने सीबीएसई कक्षा 10 में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। वानिया जैन ने इसका श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया है।

डीपीएस की छात्रा जाफिरा रहमान पुत्री जोहरा फातिमा ने 96.4 प्रतिशत अंक हासिल किये। वरिष्ठ समाजसेवी फैजानुर्रहमान के पुत्र हमजा रहमान ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। वह पाइनवुड स्कूल का छात्र है।

**नागल।** सी बी एस ई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम मे सोफिया इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा जैनब ने 90-2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा बारह में विज्ञान वर्ग की छात्रा हिबा जबी ने 88-8 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।आयशा ने 87-4 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैनब ने पेंटिंग मे शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में रुदांशी यादव ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्वाति चौधरी ने




















90-8 प्रतिशत एंव आलोक त्यागी ने 90-6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

सभी उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए स्कूल के निदेशक कोणार्क चौधरी ने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात है कि उनके विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।यह विद्यालय के शिक्षकों एंव छात्र छात्राओ के परिश्रम से ही संभव हो पाया है।

**रामपुर मनिहारान।** विजीसीएफ की इकाई रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स द्वारा संचालित बिल क्लिंटन स्कूल के कक्षा 12 छात्र छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं में कामयाबी का परचम लहराते हुए अपना और संस्था का नाम रोशन किया है।

सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 की परीक्षा में बिल क्लिंटन स्कूल पीसीएम स्ट्रीम के 40 छात्र छात्राओं, पीसीबी स्ट्रीम के 32 व कॉमर्स स्ट्रीम के 38 छात्र छात्राएं सम्मलित हुए।कॉमर्स स्ट्रीम में रुपाली चौहान ने 95 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, पीसीएम स्ट्रीम में नवतेज गौतम ने 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं अंशिका पँवार ने 90 प्रतिशत के साथ पीसीएम स्ट्रीम में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

छात्र छात्राओं की इस सफलता पर संस्था के संस्थापक विनोद गुप्ता, चेयरमैन आशुतोष दयाल शर्मा, पूर्व चेयरमैन बीके गोस्वामी, बोर्ड सदस्यों पीके अग्रवाल, विनोद शोबिती, आरपी अग्रवाल, डीके गुप्ता, तनया शर्मा व राज जोशी ने बधाई संदेश प्रेषित किया है।रामरति एजुकेशन कॉम्प्लेक्स की प्रेजिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने छात्र छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान परीक्षा इंचार्ज भूपेश कुमार, सुधा पँवार, रुपाली गुप्ता, अंकित कुमार, पारुल कटारिया,पारुल पुंडीर, कमल कुमार, आदेश, परिणीता अग्रवाल,भावना सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10 व कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में मदरलैंड पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। अनिका सहगल,वंश जैन,सामर्थ मैक्सवेल, अपूर्वा पँवार,आस्था पँवार आदि सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त किए और उच्च स्थान पर रहे। वहीं दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। शगुन पँवार ने 97% ,नव्या ने 89% , मनस्वी ने 88%, हर्षित ने 87%, मानसी ने 86% अंक प्राप्त किये। स्कूल के प्रबंधक सत्य संयम भूर्यान,चेयरपर्सन श्वेता सैनी व प्रधानाचार्य शालू भूर्यान ने बच्चों को बधाई दी।

### इंटरमीडिएट में अभिनव शर्मा ने 98% व हाइस्कूल में कशिश ने 97% अंक प्राप्त कर बाजी मारी

**तल्हेडी बुजुर्ग।** कस्बे के संस्कार भारती कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा कशिश ने हाईस्कूल में सर्वाधिक 97%, राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी की छात्रा अपूर्वा ने 94% और कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा सलोनी कश्यप ने 91% अंक हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।

इसके अलावा इंटरमीडिएट परीक्षा फल में कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अभिनव शर्मा ने सर्वाधिक 98%, राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी की छात्रा शताक्षी ने 96.5% और संस्कार भारती कॉन्वेंट स्कूल के छात्र आरव त्यागी ने 92% अंक हासिल कर अपने स्कूलो का वर्चस्व स्थापित करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## पूर्व मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी की सुपौत्री ने पाई सफलता



**सहारनपुर।** पूर्व कैबीनेट मंत्री डा. धर्मसिंह सैनी की सुपोत्री एवं डा. अमित सैनी की पुत्री अमितांजली सैनी ने सीबीएसई कक्षा 10 में सफलता प्राप्त की है। पूर्व कैबीनेट मंत्री डा. धर्म सिंह सैनी ने अमितांजली सैनी को आशीर्वाद देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डा. कलीम की बेटी अदीबा को 97.2 प्रतिशत अंक



**सहारनपुर।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा. कलीम अहमद की पुत्री अदीवा अहमद ने सीबीएसई कक्षा 12 में 97.2 प्रतिशत अंक हासिल किये। अदीबा ने इसका श्रेय पिता डा. कलीम अहमद व अपनी माता को दिया है।

## बेटी ने चमकाया नाम



**सहारनपुर।** सैन्ट मेरी स्कूल की रमशा पुत्री जुबैर अहमद ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किये। रमशा को इंग्लिश में 79, इकोनोमिक्स व फिजिकल एजुकेशन में 90, बिजनेस स्टडडीज में 78 व एकाउंटेंसी में 78 प्रतिशत अंक मिले।

## रिहान ने हासिल की कामयाबी



**सहारनपुर।** तीतरो के ब्राइट हाॅम इन्टरनेशनल स्कूल के छात्र रिहान खान पुत्र रियाज खान ने सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में 94 फीसदी अंक प्राप्त कर माता पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। रिहान को इंग्लिश में सर्वाधिक 95 अंक मिले।

# कथा में प्रवचनों की अमृत वर्षा

**चिलकाना।** ग्राम पटनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में चल रही श्री राम कथा में राम प्रकट उत्सव के उपलक्ष में प्रवचन करते हुए कथा व्यास दिव्य योगी राज राजेश्वर महाराज ने कहा जब जब धरती पर संकट आता है, अधर्म बढ़ता है और पुण्य का ह्रास होता है तब तब प्रभु अनेकों लीलाएं करते हुए पापियों का विनाश कर धर्म की स्थापना करते है।

मंगलवार की कथा में आचार्य जी ने कहा कि भगवान श्री राम जी के जन्म के कई कारण हैं, जिनमें मुख्य रूप से रावण जैसे शक्तिशाली असुरों का नाश करके धरती पर शांति और सद्भाव स्थापित करना। श्री राम द्वारा धर्म और मर्यादा का आजीवन पालन किया गया, जिससे लोगों को एक आदर्श जीवन जीने का मार्ग मिला। उन्होंने राम राज्य की स्थापना की, जो धर्म और न्याय से युक्त था। भगवान श्री राम ने अपने भक्तों की रक्षा की और उन्हें सुख प्रदान किया, अपने भक्तों को दिए वरदानों को पूरा करने ओर अभिशापों का परायण करने हेतु अवतार धारण किया। भगवान विष्णु ने कश्यप, अदिति, मनु व शतरूपा को वरदान दिया था जिसकी पूर्ति के लिए राम ने अवतार लिया था। कुछ श्राप भी राम जन्म के कारण बताए गए हैं, जैसे कि द्वारपाल जय और विजय का श्राप, तुलसी माता का श्राप और नारद ऋषि का श्राप। महाराज जी से नारद मोह और दशरथ विवाह एवं राम प्रकट उत्सव की भाव पूर्ण कथा का श्रवण कर सभी श्रद्धालू भक्त मंत्र मुग्ध हो गये। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेंद्र गुप्ता, नितिन गोयल, सोमपाल सैनी, विपिन सैनी, सोनू, पवन शर्मा, निशा सैनी, बबीता सैनी, सागर, अंकुर शर्मा व कन्हैया लाल उपस्थित रहे।

# चौकी के निकट खाली जमीन में लगी आग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** नेशनल हाईवे किनारे पुलिस चौकी के समीप खाली जमीन में अचानक आग लग गई।आग लगने की सूचना मिलते ही शाहजहांपुर चौकी पुलिस चौकी पर आए फरियादी,आसपास के ग्राम प्रधान आग बुझाने में जुट गए। तभी दमकल विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंच गई ।बामुश्किल आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि चौकी पर खड़े सीज वहां आग की चपेट में आने से बाल बाल बचे।

मंगलवार सायं करीब 7:00 बजे तेज हवा के चलते शाहजहांपुर पुलिस चौकी के समीप खाली जगह में अचानक आग लग गई।जैसे ही चौकी प्रभारी विनय कुमार शर्मा को आग की तेज लपटे उठती दिखाई दी तो उन्होंने अपनी टीम एवं चौकी पर आए फरियादियों , कुछ ग्राम प्रधान हाथों में फावड़े, झाड़ियां लेकर आग बुझाने में जुट पुलिस कर्मियों एवं मौजूद लोगो में इतना साहस था कि कही हद तक आग पर काबू पा लिया।तभी सूचना मिलते ही सोराणा से पहुंची दमकल विभाग की टीम ने करीब करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बता दे कि जहां आग लगी उसके समीप ही पुलिस पुलिस एवं अन्य विभागों द्वारा पकड़े सीज वाहन खड़े हुए थे। जिससे बड़ा नुकसान हो सकता था।

# चोरी की स्कूटी के साथ पुलिस ने धर दबोचा चोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण करते हुए एक शातिर को धर दबोचा। उसके पास से चोरी की गयी एक स्कूटी बरामद की है।

नगर कोतवाली के मोहल्ला मालियान निवासी अली मुखिया का स्कूटी पार्षद नदीम के घर के सामने से चोरी कर ली गयी थी। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए जनता रोड से एक शातिर को धर दबोचा। उसके पास से चोरी की स्कूटी बरामद की गयी। पकडा गया आरोपी चक हरेटी की वीनू विहार कालोनी का रहने वाला आसिफ है।

## तीसरे पक्ष की जगह नहीं

भारत-पाकिस्तान के बीच यूं तो सीजफायर हो गया और यह भी जायज है, लेकिन सीजफायर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह का श्रेय ले रहे है वह बेहद अटपटा सा ही है। कभी वह कहते है कि भारत-पाकिस्तान को मनाने के लिए उन्होंने काफी गंभीर प्रयास किए और दोनों देशों के नेताओं की इस बात के लिए भी तारीफ करते है कि उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति और विवेकपूर्ण सोच के चलते ही सीजफायर संभव हो पाया, लेकिन एक चीज जो उन्होंने कही वह बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रम्प ने 11 मई को कहा था कि मैं भारत-पाकिस्तान के साथ मिलकर यह देखने कि कोशिश करूंगा कि क्या कश्मीर मुद्दे का कोई हल निकाला जा सकता है। सवाल यह है कि कश्मीर का मुद्दा अचानक कहा से आ गया। उनके इस बयान को लेकर भारत में तरह-तरह के सवाल उठना सवभाविक है जो उठ भी रहे है। क्योंकि भारत का स्टैंड कश्मीर को लेकर बिलकुल साफ रहा है और उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है। भारत ने बार-बार कहा है कि भारत-पाक के बीच किसी भी विवाद को सुलझाने में वह किसी भी तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति भारत के स्टैंड को जानते हुए भी अपनी टांग क्यूं फंसा रहे है। बात तो इस समय आतंकवाद पर होनी चाहिए थी, लेकिन ट्रम्प साहब कश्मीर को बीच में ले आए। जाहिर है यह अमेरिका की दौहरी नीति ही कही जाएगी। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति को सीजफायर का श्रेय देना ही चाहिए इसमें कोई समस्या भी नहीं है दो देशों के बीच में सुलह कराना अच्छे कार्य ही माना जाएगा, लेकिन किसी अच्छे कार्य करने की आड़ में एक नए विवाद को जन्म देना यह कुटिल चालाकी ही कहा जाएगा। यहीं कारण है कि भारत ने तुरंत इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और अमेरिका को भी साफ समझा दिया है कि वह कश्मीर विवाद में ना पड़े। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं है और इस मुद्दे को भारत-पाकिस्तान आपस में सुलझाएंगे। साथ ही जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान को पीओके खाली करना होगा। क्योंकि उनकी नजर में यही मामला एक लम्बित मामला है और इसी पर विवाद बना हुआ है और कभी जब भी बात होगी तो वह पीओके पर ही होगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने माना कि 7 मई से 10 मई के बीच गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति को लेकर भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत होती रही, लेकिन इस बातचीत में कभी व्यापार का मुद्दा नहीं उठा। जाहिर है कि जायसवाल ऐसा कह रहे थे तो वह डोनाल्ड ट्रम्प के 12 मई को दिए उस बयान का हवाला दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के नेताओं से उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि वह सीजफायर के लिए तैयार नहीं होते है तो अमेरिका उनके साथ व्यापार में मदद नहीं करेगा। मलतब साफ है कि व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों पर काम कर गई। जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसका खंडन किया।

## सरकार पुनरावलोकन समिति गठित करे



पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष पर एक पुनरावलोकन समिति गठित की जानी चाहिए, जो कारगिल युद्ध के समय की तरह काम कर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपे, कारगिल युद्ध समाप्त होने के बाद वाजपेयी सरकार ने इस तरह की एक रिपोर्ट तैयार कराई थी और बाद में रिपोर्ट को संसद में पेश किया गया था, कारगिल युद्ध समाप्त होने के ठीक तीन दिन बाद वाजपेयी सरकार ने 29 जुलाई 1999 को कारगिल पुनरावलोकन समिति गठित की थी, इसकी रिपोर्ट 23 फरवरी 2000 को संसद में प्रस्तुत की गई, हालांकि इसके कुछ हिस्सों को अब भी गोपनीय रखा गया और ऐसा होना भी चाहिए, क्या सरकार अब पहलगाम हमले को लेकर एनआईए की जांच के बावजूद इसी तरह का एक स्वतंत्र और व्यापक विश्लेषण के जरिये विस्तृत आकलन कराएगी।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# घरेलू कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनें



**घरेलू कर्मचारियों की आर्थक स्थिति अक्सर कमजोर होती है और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है, कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है**



**विनीत नारायण**

भारत में घरेलू कर्मचारी, जिन्हें आमतौर पर नौकर, बाई, या हेल्पर के रूप में जाना जाता है, कई परिवारों के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में, ये कर्मचारी घरों की सफाई, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल, और अन्य आवश्यक कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हालांकि, उनके साथ व्यवहार करने का तरीका अक्सर सामाजिक, आर्थिक, और नैतिक सवाल उठाता है। आज के माहौल में ज़रूरत इस बात की है कि घरेलू कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक, निष्पक्ष, और संवे. दनशील व्यवहार कैसे किया जाए ताकि एक स्वस्थ और सामंजस्यपूर्ण कार्य वातावरण बनाया जा सके।

घरेलू कर्मचारी भी, भले ही उनकी सामाजिक या आर्थिक स्थिति अलग हो, सम्मान के हकदार होते हैं। भारत में, जहां सामाजिक वर्ग-भेद अभी भी प्रचलित है, यह महत्वपूर्ण है कि हम कर्मचारियों को केवल 'नौकर' के रूप में न देखें, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में समझें, जिनके पास अपनी भावनाएं, जरूरतें, और आकांक्षाएं हैं। कर्मचारी को 'बाई' या 'कामवाली' जैसे सामान्य शब्दों के बजाय उनके नाम से पुकारें तो यह एक छोटा-सा कदम उनके प्रति सम्मान दर्शाता है। कठोर शब्दों या आदेशात्मक लहजे से बचें। उनकी मेहनत को सराहें और धन्यवाद देना न भूलें। उनके व्यक्तिगत जीवन, परिवार या आर्थिक स्थिति के बारे में अनावश्यक सवाल न पूछें। अगर वे स्वयं कुछ साझा करना चाहें, तो सहानुभूति के साथ सुनें।

घरेलू कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति अक्सर कमजोर होती है, और वे अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। इसलिए, उन्हें उचित पारिश्रमिक देना और उनके कार्य की सम्मानजनक स्थिति प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। कई भारतीय शहरों में घरेलू कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है। अपने क्षेत्र के नियमों का पालन करें और बाजार दर के अनुसार वेतन दें। यदि संभव हो, तो समय-समय पर उनकी वेतन भी बढ़ाएं। कर्मचारियों को अनिश्चित समय तक काम करने के लिए मजबूर न करें। उनके साथ स्पष्ट रूप से कार्य का समय और जिम्मेदारियां तय करें। उन्हें साप्ताहिक अवकाश, त्योहारों पर छुट्टी, और आपातकालीन स्थिति में अवकाश देने का प्रावधान करें। बीमारी या पारिवारिक जरूरतों के लिए भी लचीलापन दिखाएं। घरेलू कर्मचारी आपके लिए काम करते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा और आराम का ध्यान रखना आवश्यक है। सुनिश्चित करें कि आपके घर में कोई खतरनाक उपकरण या रसायन कर्मचारी की पहुंच में न हों। उन्हें उपकरणों का उपयोग करने की ट्रेनिंग दें। उन्हें पीने का साफ पानी, बैठने की उचित जगह और यदि वे लंबे समय तक काम करते हैं, तो भोजन भी उपलब्ध कराएं। गर्मियों में पंखे या कूलर और सर्दियों में गर्म कपड़े जैसी मौसमी सहायता देने पर भी विचार करें। यदि संभव हो, उनके लिए स्वास्थ्य बीमा या चिकित्सा खर्चों में सहायता प्रदान करें। यह न केवल धर्मार्थ कार्य है, बल्कि ऐसा करने से आपके और उनके बीच सौहार्द भी बढ़ता है। घरेलू कर्मचारियों के साथ एक स्वस्थ संबंध बनाए रखने के लिए खुला और स्पष्ट संवाद जरूरी है। यदि कर्मचारी अपनी समस्याएं या सुझाव साझा करना चाहें, तो उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनें। उनकी राय को महत्व दें। कर्मचारियों पर अनावश्यक शक न करें। यदि कोई गलती हो, तो उसे शांतिपूर्वक और सम्मानपूर्वक संबोधित करें। कर्मचारियों के साथ दोस्ताना व्यवहार अच्छा है, लेकिन अत्यधिक व्यक्तिगत होने से बचें। स्पष्ट सीमाएं दोनों पक्षों के लिए सहजताबनाए रखती हैं।

भारत में घरेलू कर्मचारियों के अधिकारों को लेकर कानून धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। नियोक्ता के रूप में, आपको इन कानूनों का पालन करना चाहिए। घरेलू कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन, यौन उत्पीड़न से सुरक्षा और कार्यस्थल पर भेदभाव से मुक्ति जैसे अधिकार प्राप्त हैं। इनका उल्लंघन न करें। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को घरेलू कार्य के लिए नियुक्त करना अवैध है। यह सुनिश्चित करें कि आपके कर्मचारी वयस्क हों। यदि संभव हो तो कर्मचारी के साथ एक साधारण लिखित अनुबंध बनाएं, जिसमें वेतन, कार्य घंटे, अवकाश और उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट हों। जिससे बाद में किसी भी तरह का विवाद न हो। घरेलू कर्मचारी भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। फिर भी वे अक्सर उपेक्षित रहते हैं। नियोक्ता के रूप में आप उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव भी ला सकते हैं। यदि आपके कर्मचारी या उनके बच्चे पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें स्कूल या प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ने में मदद करें। उनके कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अपने घर के छोटे-मोटे उत्सवों में शामिल करें, जैसे कि जन्मदिन या अन्य त्योहार। इससे उन्हें अपनापन महसूस होता है। यदि आप देखते हैं कि अन्य लोग घरेलू कर्मचारियों के साथ गलत व्यवहार कर रहे हैं, तो इसका विरोध करें और जागरूकता फैलाएं।

कभी-कभी कर्मचारियों के साथ आपके बीच मतभेद या अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनका समाधान शांतिपूर्वक और समझदारी से करना चाहिए। यदि कर्मचारी कोई गलती करता है, तो उसे डांटने के बजाय समझाएं और सुधरने का अवसर दें। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कर्मचारी शहरी जीवनशैली से अपरिचित हो सकते हैं। उन्हें धैर्यपूर्वक समझाएं और प्रशिक्षित करें। यदि कोई बड़ा विवाद हो, तो परिवार के किसी वरिष्ठ सदस्य या तटस्थ व्यक्ति की मदद लें। घरेलू कर्मचारियों के साथ व्यवहार केवल एक मालिक-कर्मचारी संबंध तक सीमित नहीं है। यह मानवता, करुणा, और सामा. जिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। भारत जैसे देश में, जहां सामाजिक और आर्थिक असमानताएं गहरी हैं, घरेलू कर्मचारियों के प्रति हमारा व्यवहार समाज में बदलाव लाने का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। सम्मान, उचित पारिश्रमिक, सुरक्षा, और संवाद के माध्यम से, हम न केवल उनके जीवन को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि अपने घरों में भी सकारात्मक और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बना सकते हैं। आइए, हम सभी मिलकर एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करें, जहां हर मेहनतकश व्यक्ति को वह सम्मान और अधिकार मिले, जिसका वह हकदार है। आज से 50 वर्ष पूर्व हिंदी की एक प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका में लेख छपा था, 'चाकरी धर्म सबसे मुश्किल'। उसकी कुछ पंक्तियां मुझे याद आ रही हैं। 'आपका सेवक अगर ज़ोर से बोले तो आप कहते हैं कि सिर पर क्यो चढ़ा आ रहा है? धीरे से बोले तो आप कहेंगे कि ज़ोर से क्यों नहीं बोलता? क्या मुंह में दहीं जमा है? अगर वो काम में फुर्ती दिखाए और समझदारी की बात करे तो आप कहते हैं कि ये बड़ा चलता पुर्जा है। अगर काम में सुस्ती दिखाए और कम समझदारी की बात करे तो आप उसे अपमानजनक उपमा देकर सबके सामने उसका मज़ाक उड़ाते हैं।' इसलिए कहते हैं कि सेवा का कार्य सबसे कठिन होता है।

# महामारी संधि के लिए एकजुटता, अमेरिका बाहर

**स्रोत फीसर्च**

**Covid-19 के दौरान वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई, संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है**

तीन साल की बातचीत के बाद, दुनिया के देशों ने आखिरकार एक ऐतिहासिक संधि पर सहमति जताई है, जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए बेहतर तैयारी करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा समर्थित नई वैश्विक संधि, कोविड-19 महामारी के दौरान हुई गलतियों से सीखकर, खासकर टीकों, दवाओं और सूचनाओं के आदान-प्रदान को बेहतर बनाने की कोशिश है। संधि का मुख्य उद्देश्य महामारी से निपटने के तरीकों को त्वरित और निष्पक्ष बनाना है एवं देशों को एकजुट करना है। गौरतलब है कि इस समझौते से एक महत्वपूर्ण पक्ष, यानी अमेरिका, गायब है। शुरुआती बातचीत में अहम भूमिका निभाने के बावजूद, अमेरिका ने इन वार्ताओं से दूरी बना ली है। फिर भी, अधिकांश देशों ने लोगों की भलाई के लिए समझौता वार्ता को जारी रखा। संधि की कुछ मुख्य बातें यहां दी प्रस्तुत हैं।

### स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सुरक्षा

संधि की पहली सहमति स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बेहतर सुरक्षा देने से सम्बंधित है। कोविड-19 संकट के दौरान, अग्रिम पंक्ति के कई कार्यकर्ताओं (डॉक्टर, नर्स, लैब तकनीशियन वगैरह) को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) की गंभीर कमी का सामना करना पड़ा था। संधि में इन अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के लिए बेहतर नीतियां बनाने की बात की गई है ताकि उन्हें सही उपकरण, प्रशिक्षण और समर्थन मिल सके। उनकी सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर स्वास्थ्य कार्यकर्ता बीमार पड़ते हैं तो पूरी स्वास्थ्य प्रणाली ठप हो जाती है।

### नए टीकों व दवाओं को मंजूरी

संधि देशों से आव्हान करती है कि नए टीकों और दवाओं के परीक्षण और मंजूरी प्रक्रिया को, सुरक्षा से समझौता किए बगैर, गति दें। इसका उद्देश्य वैश्विक प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है ताकि जीवन रक्षक उपचार लोगों तक जल्दी पहुंच सकें। इसके लिए संधि में देशों को अपनी दवा नियामक प्रणालियां मज़बूत करने का सुझाव दिया गया है।

### छलकने को थामना

कई महामारियां, जैसे कोविड-19, तब शुरू हुई जब वायरस जीवों से मनुष्यों में पहुंचे। इसे (छलकना) 'स्पिलओवर कहा जाता है। संधि में ऐसे स्पिलओवर का खतरे कम करने के लिए अधिक निवेश का सुझाव है। इसमें जंतुओं में रोगों की निगरानी, वन्यजीव व्यापार पर सख्त नियंत्रण और जीवित जंतुओं के बाज़ारों में स्वच्छता और निगरानी में सुधार शामिल है।

### त्वरित डैट साझेदारी

कोविड-19 के दौरान, वायरस के नमूनों और जेनेटिक जानकारी साझा करने में देरी से टीकों और परीक्षणों के विकास में बाधा आई। संधि में देशों से नए वायरसों और बैक्टीरिया के बारे में जानकारी तुरंत और सार्वजनिक करने की अपील की गई है, ताकि दुनिया भर के वैज्ञानिक मिलकर उपचार विकसित कर सकें।

### पहुंच में समता

पिछली महामारी में, समृद्ध देशों ने ज़रूरत से ज्यादा टीके जमा कर लिए थे, जबकि गरीब देशों को बहुत लंबा इंतज़ार करना पड़ा था। अमीर हो या गरीब, संधि सभी देशों को टीका, उपचार और निदान का उचित हिस्सा, उचित समय पर देने की बात करती है। संधि में उत्पादकों को टीकों वगैरह का एक हिस्सा आपातकालीन स्थितियों में आपूर्ति हेतु दान करने या सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

इस संधि की मुख्य बात यह है कि यह कोविड-19 महामारी के अनुभव से जन्मी है। जिन देशों के पास टीका कारखाने थे, उनके पास टीकों की भरपूर खुराकें थीं, जबकि गरीब देशों को टीके मुश्किल से मिल रहे थे। यदि टीकों का समान वितरण होता तो लाखों संक्रमण और जानें बचाई जा सकती थीं। इसी समस्या के मद्देनज़र, डब्ल्यूएचओ के 194 सदस्य देशों ने दिसम्बर 2021 में एक वैश्विक संधि का मसौदा तैयार करना शुरू किया, ताकि भविष्य में ऐसी दिक्कतों से बचा जा सके।

संधि पर सहमति तक पहुंचना आसान नहीं था। वार्ता में सबसे मुश्किल मुद्दा समानता का था: यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि जो गरीब देश खतरनाक वायरस की जानकारी साझा करें, उन्हें उस जानकारी के आधार पर विकसित टीकों और उपचारों तक भी समान पहुंच मिले। इससे एक नया सिस्टम बना-रोगजनकों तक पहुंच व लाभों की साझेदारी (च्ंजीवहमद ।बबमे ंदक ठमदमपिजें ीतपदह – चठै)। इसे इस तरह समझेंरू अगर कोई देश नया वायरस खोजता है और उसे पूरी दुनिया वैज्ञानिकों के साथ साझा करता है तो उसे इसके खिलाफ विकसित टीकों व दवाइयों का एक उचित हिस्सा मिलना चाहिए। न सिर्फ टीके मिलना चाहिए बल्कि टीका तैयार करने की विधि भी मिलना चाहिए ताकि ऐसे देश खुद अपना टीका बना सकें। एक और प्रमुख बहस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बारे में थी। इसका उद्देश्य विकासशील देशों को अपनी खुद की दवाइयां और टीके बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है। कई निम्न-आय वाले देशों का मानना था कि उन्हें भविष्य में महामारी के दौरान समृद्ध देशों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, और उन्हें खुद को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए।

लेकिन यह कैसे हो? प्रारंभिक मसौदों में कहा गया था कि प्रौद्योगिकी 'आपसी सहमति से तय शर्तों' पर साझा की जाएगी। हालांकि, कुछ समृद्ध देशों ने इसमें 'स्वैच्छिक' शब्द जोड़ने की इच्छा जताई, जिसका मतलब था कि किसी भी देश को प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। गरीब देशों के लिए यह अस्वीकार्य था क्योंकि उन्हें डर था कि इससे संधि कमज़ोर हो जाएगी और भविष्य के लिए गलत मिसाल बनेगी। लंबी चर्चाओं के बाद, दोनों पक्षों ने 'आपसी सहमति से तय शर्तों' शब्द को बरकरार रखा और एक फुटनोट जोड़ा, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि इसका मतलब 'इच्छा से लिया गया' है।

# झूठ फैलाकर उन्माद को हवा देना ठीक नहीं






**तनवीर जाफरी**

**हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स रिपोर्टस को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है**

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच दोनों देशों में 'तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम' अर्थात फ़ायरिंग और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 'भारत और पाकिस्तान के बीच तत्काल और पूर्ण संघर्षविराम पर सहमति बनने' की जानकारी दी गई थी। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल सीज़फ़ायर पर सहमति जताई है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई एक लंबी बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान ने पूर्ण और तत्काल सीजफ़ायर पर सहमति जताई है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और पाकिस्तान व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर राज़ी हो गए हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम शांति का मार्ग चुनने में प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ़ की बुद्धिमत्ता, विवेक और कूटनीति की सराहना करते हैं। यह युद्ध विराम ऐसे समय हुआ है जबकि भारत पाकिस्तान के मध्य तनाव बढ़ता ही जा रहा थे और दोनों और से एक दुसरे पर हमले व जवाबी हमलों के दावे किए जाने लगे थे। बहरहाल बुद्ध के देश से युद्ध विराम पर सहमति तो जता दी गई परन्तु इसमें भी कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार के बाद भारत ने जिसतरह पाक व पाक अधिकृत कश्मीर स्थित आतंक के गढ़ पर आक्रमण किया उससे न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को सन्देश चला गया है कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध किसी पंचायत में फ़रियाद लेकर जाने वाला नहीं बल्कि स्वयं आतंक का मुंह तोड़ जवाब देने वाला देश है।

परन्तु पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑप्रेशन संदूर तक व उसके बाद युद्ध विराम की घोषणा होने तक भारतीय मीडिया ने जिस ग़ैर ज़िम्मेदारी का प्रदर्शन किया है उसकी जितनी भर्तस्ना की जाए वह कम है। ग़ैर ज़िम्मेदाराना प्रसारण के लिए इसी भारतीय मीडिया को देश की उच्च न्यायलय व सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अनेक बार झिड़कियां सुननी पड़ीं हैं। कई बार ऐसे कई अनियंत्रित व भड़काऊ मीडिया चैनल्स को मुआफ़ी भी मांगनी पड़ चुकी है,अनेक बार पुलिस व प्रशासन की ओर से ऐसी बेबुनियाद व झूठी ख़बरों का खंडन किया जा चुका है। हद तो यह है कि इसी तरह के बदनाम शुदा टीवी चैनल्स के रिपोर्टर्स को उनके झूठ फैलाने के चलते ही कई बार भीड़ के आक्रोश का सामना करना पड़ चुका है। ख़ुद उन्हें अपने ही चैनल में अपने ही द्वारा बुलाए गए मेहमानों से ही लाईव कार्यक्रमों में भरपूर बेइज़्ज़ती उठानी पड़ चुकी है। कई कर्तव्यनिष्ठ व ईमानदार पत्रकार ऐसे चैनल्स को छोड़ अपने यूट्यूब चैनल चलाकर अपनी लोकप्रियता व वास्तविक पत्रकारिता का प्रमाण दे रहे हैं। और इन सब का नतीजा यह है कि ऐसे सभी श्गोदी चैनल्स की टी आर पी काफ़ी गिर चुकी है। परन्तु इतना अपमान व ज़लालत सहने के बावजूद ऐसे चैनल्स व उनके पत्रकारों में कोई परिवर्तन आना तो दूर की बात उल्टे उनका स्तर और भी गिरता ही जा रहा है। यहां तक कि भारत पाक के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच भी सरकार को ऐसे चैनल्स को नियंत्रित रहने की सलाह देनी पड़ी। पाक प्रायोजित पहलगाम आतंकी हमले व जवाब में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद, भारत सरकार के सूचना मंत्रालय ने मीडिया को ज़िम्मेदाराना व संवेदनशील रिपोर्टिंग करने की हिदायत भी जारी की थी। मीडिया को सलाह दी गई थी कि वह संयमित रहकर ज़िम्मेदाराना रिपोर्टिंग करे ताकि अफ़वाहें और ग़लत सूचनाएं न फैलें। रक्षा मंत्रालय ने भी 1 मई 2025 को मीडिया से फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरों से दूर रहने की सलाह दी थी। क्योंकि ऐसी कवरेज दुश्मन को फ़ायदा पहुंचा सकती है और सुरक्षाकर्मियों के लिए ख़तरा पैदा कर सकती है। ग़ौरतलब है कि भारतीय सेना की प्रवक्ता के रूप में कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर के बारे में यह बताया गया था कि ऑपरेशन सिन्दूर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। ऑप्रेशन के लक्ष्य के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा था कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत कश्मी में 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें 4 पाकिस्तान और 5 पीओके में थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी निर्दोष नागरिक को निशाना नहीं बनाया गया। ऑपरेशन का उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नष्ट करना और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश देना था कि भारत आतंकवाद को सहन नहीं कर सकता। भारतीय सेना की कर्नल सोफ़िया क़ुरैशी को प्रवक्ता के रूप में पेशकरने के साथ साथ यह भी कहा गया कि पूरा देश, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत द्वारा उठाये जा रहे हर फ़ैसले के साथ एकजुट है।

मगर इस अति संवेदनशील घड़ी में भी भारतीय मीडिया सरकारी निर्देशों की गोया धज्जियां उड़ाने पर आमादा नज़र आया। गोदी मीडिया अपने चैनल्स पर भरपूर अफ़वाहें, ग़लत सूचनाएं और फ़र्ज़ी व भ्रामक ख़बरें प्रसारित करता रहा। युद्धोन्माद भड़काने के लिए इनके ऐंकर्स टी वी पर बन्दर की तरह उछलते व अभद्र शब्दावलियों का प्रयोग करते भी देखे गए। तनाव के दौरान एक ओर भारतीय सेना अपने रक्षात्मक पक्षों को सामने रख रही थी तो भारत का एक चैनल दावा कर रहा था कि पाकिस्तान के पांच शहर तबाह हो गए जबकि एक दूसरा चैनल पाकिस्तान के 25 शहर तबाह बता रहा था।

## डार्क सर्कल्स कम करने के लिए ट्राई करें ये घरेलू नुस्खे

डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है। डार्क सर्कल्स होने के कई कारण हो सकते हैं। डार्क सर्कल्स की समस्या कम करने के लिए कई तरह के उपाय किए जाते हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल बंद करते ही डार्क सर्कल्स की समस्या दोबारा शुरू हो जाती है। लेकिन अगर आप इस समस्या को कम करना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खे ट्राई कर सकती हैं। दरअसल, हम आपको 2 ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका इस्तेमाल करने से यह समस्या कम हो सकती है।

### खीरे का इस्तेमाल...

डार्क सर्कल्स को कम करने के लिए खीरे का इस्तेमाल भी किया जाता है। खीरे में कई गुण पाए जाते हैं। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जोकि चेहरे की सूजन, कालेपन और डार्क सर्कल को कम करने में सहायता करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले खीरे के पतले-पतले स्लाइस काट लें।
- अब इन स्लाइस को फ्रिज में रख दें।



- फिर इन स्लाइस को आंखों के ऊपर रखें।
- सप्ताह में 2-3 बार इसका उपयोग करना चाहिए।

### बादाम तेल से मालिश करें

बादाम का तेल स्किन से जुड़ी समस्या को खत्म करने के अलावा डार्क सर्कल को कम करने में भी उपयोगी माना जाता है। बादाम के तेल में कई सारे गुण पाए जाते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई पाया जाता है, जोकि स्किन संबंधी समस्या को कम करने में सहायक होता है। यह तेल स्किन में नमी बनाए रखने में भी मदद करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल...

- सबसे पहले एक कटोरी में बादाम का तेल लें।
- फिर इस तेल को डार्क सर्कल्स वाली जगह पर लगाएं।
- अब हल्के हाथों से मसाज करें।
- सप्ताह में 2-3 दिन बार इस उपाय को करने से आपको जल्द ही रिजल्ट मिलेगा।

## पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया खुलासा

# पाकिस्तान ने तोड़ी चुप्पी, 11 सैनिकों की मौत स्वीकारी

**इस्लामाबाद।** भारत की ओर से पाकिस्तान के सभी प्रोपेगैंडा को ध्वस्त करने के बाद भी पड़ोसी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान ने मंगलवार को एक बार झूठा दावा करते हुए कहा कि भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के दौरान 11 सैन्यकर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए, जबकि भारत ने सबूतों के साथ बताया था कि उसकी कार्रवाई में पाकिस्ताप के 35 से 40 सैनिक मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने 100 से ज्यादा आतंकियों को मिट्टी में मिलाया। एक बयान में पाकिस्तानी सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। भारत और पाकिस्तान ने चार दिनों तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को एक समझौता किया था। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा करते हुए पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के 11 कर्मी मारे गए और 78 अन्य घायल हो गए। हताहतों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, मुख्य तकनीशियन औरंगजेब, वरिष्ठ तकनीशियन नजीब, कॉर्पोरल तकनीशियन फारूक और वरिष्ठ तकनीशियन मुबाशिर शामिल हैं। बयान में कहा गया कि हमले में मारे गए सैन्य कर्मियों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक दिलावर खान, लांस नायक इकरामुल्लाह, नायक वकार खालिद, सिपाही मुहम्मद अदील अकबर और सिपाही निसार शामिल हैं। सेना ने यह भी दावा किया कि 6-7 मई की रात को सात महिलाओं और 15 बच्चों सहित 40 नागरिक मारे गए और 121 अन्य घायल हो गए। बयान में कहा गया है कि जवाब में पाकिस्तान सशस्त्र बलों ने बुनयान उल मरसूस के माध्यम से प्रतिशोधी हमले किए। पाकिस्तान के सशस्त्र बल, पाकिस्तान के लोगों के साथ मिलकर मृतक नागरिकों और सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि देते हैं।

## मोदी के भाषण को पाक ने भड़काऊ कहा

**इस्लामाबाद।** पीएम मोदी के आदमपुर एयरबेस पर दिए भाषण को लेकर पाकिस्तान ने टिप्पणी की है। पाकिस्तान के फारेन ऑफिस (एफओ) ने बयान जारी कर कहा कि मोदी की बातों में गलत जानकारी, राजनीतिक फायदा उठाने की को. शिश और अंतर्राष्ट्रीय नियमों की अनदेखी साफ दिखती है। एफओ ने कहा कि मोदी की टिप्पणियां बताती हैं कि उन्होंने अपने हमलों को सही ठहराने के लिए झूठी कहानियां गढ़ी हैं। बयान में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान संघर्ष विराम के समझौते का पालन कर रहा है और तनाव कम करने और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि भारत के हमले ने पाकिस्तानी लोगों को एकजुट किया है। इस बीच पाकिस्तानी सेना ने पहली बार माना कि भारत के हमलों में उनके 11 सैनिकों की मौत हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक 78 सैनिक भी घायल हुए हैं।

हालांकि, पूरी दुनिया ने देखा है कि कैसे पाकिस्तान ने आतंक के खिलाफ लड़ाई के जवाब में भारत के मासूम नागरिकों को निशाना बनाया। भारत की ओर से पेश किए गए सबूतों के आधार पर पड़ोसी का नापाक चेहरा दुनिया के सामने उजागर हो गया है।

## देश से किया वादा पूरा किया: पाक आर्मी चीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा कि भारतीय सेना को जवाब देने का देश से किया गया वादा उन्होंने पूरा किया है। मिनट मिरर की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर ने कहा- छोटी सेना अक्सर बड़ी सेना पर भारी पड़ती है। इतिहास में कई ऐसे उदाहरण हैं। हमारी सेना और पाकिस्तान के लोग किसी भी आक्रमण के खिलाफ स्टील की दीवार की तरह एकजुट होकर खड़े हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अपनी क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा, ष्भारत हमें डरा नहीं सकता, चाहे उसके पास कितने भी हथियार हों या वह कितनी भी बड़ी सेना होने का दावा करे।

### उफ गर्मी



आगरा में ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर एक मंदिर के पुजारी श्रद्धालुओं को चिलचिलाती गर्मी से राहत देने के लिए पानी पिलाते हुए।

## पाकिस्तान जेलों से 330 अफगान कैदी रिहा किए

**काबुल।** पाकिस्तान में कैद कुल 330 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान ने पिछले एक सप्ताह के दौरान 330 कैदियों को रिहा किया। मंत्रालय ने बताया कि ए बंदी पिछले सप्ताह दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के जरिए अफगानिस्तान लौट आए। पिछले एक साल में पाकिस्तान ने जेलों में बंद हजारों अफगानिस्तानियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। लगभग 70 लाख अफगानिस्तानी शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज के गए प्रवासी हैं, वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार लगातार अफगानिस्तानी शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी



के रूप में रहना बंद करने और अपने युद्ध-ग्रस्त देश के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए स्वदेश लौटने का आह्वान कर रही है।

## अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाएगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने स्टील और एल्युमीनियम पर अमेरिकी टैरिफ के जवाब में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के मुताबिक रीटेलिएटरी यानी जवाबी शुल्क लगाने की बात कही है। अमेरिका अपने बिजनेस सेफ्टी का हवाला देते हुए इन प्रोडक्ट्स पर 2018 से टैरिफ वसूल रहा है। डब्ल्यूटीओ के अनुसार, इससे भारतीय उत्पाद के 7.6 बिलियन डालर (करीब रु. 64,512 करोड़) के आयात पर असर पड़ेगा, जिसमें करीब 1.91 बिलियन डालर (करीब रु. 16,213 करोड़) का ड्यूटी है। 23 मार्च 2018 को अमेरिका ने भारत के स्टील प्रोडक्ट्स पर 25 प्रतिशत और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स पर 10प्रतिशत टैरिफ लगाया था। जनवरी 2020 में इसे आगे के लिए बढ़ा दिया था। इस साल 10 मई को अमेरिका ने इंपोर्ट ड्यूटी को रिवाइज कर दोनों उत्पादों (एल्युमिनियम और स्टील) पर 25 प्रतिशत कर दिया, जो कल यानी 12 मई से लागू है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को बताया है कि स्टील, एल्युमीनियम और संबंधित उत्पादों पर अमेरिकी सुरक्षा उपायों के जवाब में कुछ रियायतों को समाप्त कर देगा। इससे पहले अप्रैल में भारत ने नए टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले के बाद डब्ल्यूटीओ के सेफ गार्ड एग्रीमेंट के तहत अमेरिका से बातचीत करने की बात कही थी। इसके जवाब में अमेरिका ने डब्ल्यूटीओ को बताया कि टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए गए थे, उन्हें सेफ गार्ड उपायों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने अमेरिकी टैरिफ को सेफ गार्ड उपाय माना है।

## ऑस्ट्रेलिया में पीएम अल्बनीज ने मंत्रिमंडल के साथ ली शपथ

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में हुए संघीय चुनाव में लेबर पार्टी दूसरी बार सत्ता पर काबिज हुई है और दूसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और उनके मंत्रियों ने शपथ ली है। कैनबरा में गवर्नमेंट हाउस में मंगलवार सुबह आयोजित समारोह में ऑस्ट्रेलिया में ब्रिटिश राजशाही के प्रतिनिधि गवर्नर-जनरल सैम मोस्टिन ने अल्बनीज, उनके मंत्रिमंडल, विद. ेश मंत्रालय और सहायक मंत्रियों को आधिकारिक तौर पर उनकी भूमिकाओं की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मंत्रालय के 42 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली, जिसमें उन्होंने घोषणा की कि वे अपने-अपने कार्यालयों में ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल की अच्छी तरह और सही मायने में सेवा करेंगे। बयालीस सदस्यों में कैबिनेट के 23



सदस्य, सरकार के सबसे आंतरिक गर्भगृह, बाहरी मंत्रालय के सात सदस्य और 12 सहायक मंत्री शामिल हैं। अल्बानी के पहले कार्यकाल के अंत से कैबिनेट और बाहरी मंत्रालय में काफी हद तक कोई बदलाव नही हुआ है, जिसमें उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस, कोषाध्यक्ष जिम चाल्मर्स और विदेश मंत्री पेनी वोंग सहित अधिकांश वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता अपनी भूमिकाओं में बने हुए हैं। अल्बनीज़ ने मंत्रियों की सूची की घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रियों और पार्टी के पास ऑस्ट्रेलिया को बेहतर बनाने के लिए असाधारण अवसर है। उन्होंने कहा, चुनाव के साथ मेरी सरकार पर जो भरोसा जताया गया, उससे मैं बहुत अभिभूत हूं और हम निश्चित रूप से इसे हल्के में नहीं लेंगे। अल्बनीज़ के पिछले मंत्रालय में किए गए बदलावों में से एक मिशेल रोलैंड को अटॉर्नी-जनरल के रूप में नियुक्त करना है, जो मार्क ड्रेफस की जगह लेंगे, जिन्हें गुटीय वार्ता के कारण पूर्व विज्ञान और उद्योग मंत्री एड ह्यूसिक के साथ मंत्रालय से हटा दिया गया है। नए मंत्रालय में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए एक नए सहायक मंत्री की भूमिका भी शामिल है, जिसे जूलियन हिल द्वारा भरा गया है।

## बांग्लादेश में गर्मी की आपातकालीन एडवाइजरी जारी

**ढाका।** बंगलादेश के एक बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण आपातकालीन परामर्श जारी कर लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षात्मक उपाय करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के कल यहां जारी एक परामर्श में विशेष रूप से बुजुर्गों, विकलांग लोगों, बाहर काम करने वालों, मोटापे से ग्रस्त लोगों और पुरानी बीमारियों विशेष रूप से हृदय रोग और उच्च रक्तचाप से पीड़ति लोगों को गर्मी और धूप के संपर्क में आने से बचने की चेतावनी दी गई। इस परामर्श में घर के अंदर और बाहर दोनों जगह अनावश्यक शारीरिक परिश्रम करने से बचने का आह्वान भी किया गया है। डीजीएचएस ने लोगों से अपने मूत्र के रंग पर नज़र रखने का भी आग्रह कर यह देखने को कहा कि कही उसका रंग गहरा पीला तो नही है।

## सुरक्षा प्रमुख की मौत की खबर के बीच लीबिया में झड़प

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में प्रतिद्वंद्वी सशस्त्र समूहों के बीच हिसक झड़पें हुईं। रिपोर्टों के अनुसार, ये झड़पें राष्ट्रपति परिषद से संबद्ध स्थिरता सहायता विभाग के प्रमुख अब्दुल-गनी अल-किकली उर्फ घ्घ्गनीवा की मौत की सूचना के बाद शुरू हुईं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अल-किकली (घनीवा) की मौत त्रिपोली मिलिट्री ज़ोन से संबद्ध 444 ब्रिगेड के मुख्यालय में हुई। उनकी वहां मौजूदगी का कारण स्पष्ट नही है। इस घटना के साथ ही त्रिपोली के दक्षिणी इलाकों में भारी हथियारों से गोलीबा. री की आवाज़ें सुनी गईं और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पिछले कुछ घंटों में त्रिपोली और उसके आसपास सैन्य गतिविधियों के वीडियो सामने आए हैं, जिसमें ज़ाविया, ज़्तिान और मिसराता शहरों से सशस्त्र गुटों को राजधानी की ओर बढ़ते देखा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के चिकित्सा आपातकालीन विभाग ने झड़पों के बाद पूर्ण अलर्ट की घोषणा की, जबकि गृह मंत्रालय ने त्रिपोली के निवासियों को उनकी सुरक्षा के लिए घर पर रहने की सलाह दी। मितीगा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने सभी उड़ानें निलंबित कर दी हैं और उन्हें 250 किमी दूर मिसराता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया है। इसके साथ ही त्रिपोली के कुछ हिस्सों में स्कूल भी बंद कर दिए। संयुक्त राष्ट्र लीबिया सहायता मिशन (यूएनएसएमआईएल) ने त्रिपोली में तनाव कम करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वह त्रिपोली और पश्चिमी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों और बढ़ते तनाव पर करीबी से नजर रखे हुए है। मिशन ने सभी पक्षों से उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और संवाद के जरिए विवाद सुलझाने की अपील की है।



## ट्रम्प सऊदी अरब के दौरे पर पहुंचे

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मिडिल ईस्ट दौरे के पहले दिन सऊदी अरब पहुंच गए हैं। इस दौरान सऊदी की वायुसेना ने उन्हें एयर स्पेस में एस्कार्ट किया। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने ट्रम्प का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति को सऊदी की पारंपरिक काफी पिलाई गई। दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प की यह पहली औपचारिक विदेश यात्रा है। इससे पहले वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए 26 अप्रैल को वेटिकन पहुंचे थे। ट्रम्प कल यानी 14 मई को खाड़ी नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और फिर कतर जाएंगे। 15 मई को ट्रम्प अपने दौरे के आखिरी दिन यूएई पहुंचेंगे।

## यूक्रेन हमला, छह रूसियों की मौत

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से घोषित तीन दिवसीय विजय दिवस युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में कुल 23 नागरिक घायल हुए जिनमें छह की मौत हो गई है। रूस के विदेश मंत्रालय के कीव की ओर से किए गए हमलों पर राजदूत रोडियोन मिरोश्निक ने स्पुतनिक को बताया कि तीन दिवसीय युद्धविराम के दौरान यूक्रेनी हमलों में रिहायशी इमारतें, मेडिकल वाहन, आम नागरिकों की कारें और व्यापारिक ठिकाने क्षतिग्रस्त हुए। हमलों में 23 नागरिक घायल हुए, जिनमें से छह की मौत हो गई। कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने एचआईएमआरएस रॉकेट लांचर और विमान बमों जैसे भारी हथियारों का इस्तेमाल किया, जबकि बेलगोरोड क्षेत्र में नौ मई को एक ड्रोन से स्थानीय प्रशासन की इमारत पर हमला किया गया। इस हमले में बेलगोरोड क्षेत्र के उप-गवर्नर अलेक्जेंडर लोरेन्ट्स और एक रूसी नेशनल गार्ड अधिकारी घायल हुए। पांच-11 मई के बीच यूक्रेनी हमलों में 21 लोग मारे गए, जबकि 70 लोग घायल हुए। यूक्रेनी बलों ने 2,636 से अधिक गोले दागे, जिनमें रॉकेट सिस्टम, आर्टिलरी शेल्स, ग्रेनेड, माइन और ड्रोन शामिल थे। मिरोश्निक ने कहा कि अधिकतर हथियार जो यूक्रेनी सेना ने नागरिकों पर हमलों के लिए इस्तेमाल किए, वे पश्चिमी देशों ने बनाए हैं। विजय दिवस से पहले, राष्ट्रपति पुतिन ने स्थानीय समयानुसार आठ मई मध्यरात्रि से 11 मई मध्यरात्रि तक युद्धविराम की घोषणा की थी।

# गाजा में नाकाबंदी, 57 बच्चों की भूख से मौत

### विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे





**गाजा सिटी।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बताया है कि गाज़ा पट्टी में लगभग पांच लाख लोग भयंकर भुखमरी से जूझ रहे हैं और दो मार्च से शुरू हुई इजरायली नाकाबंदी के बाद से अब तक 57 बच्चों की कुपोषण से मौत हो चुकी है। डब्ल्यूएचओ ने बताया कि दो मार्च 2025 से शुरू हुई नाकाबंदी के बाद अब तक कुपोषण से 57 बच्चों की मौत हो चुकी है और यह संख्या वास्तविक आंकड़े से कम हो सकती है।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, अगर हालात नही बदले तो अगले 11 महीनों में पांच साल से कम उम्र के करीब 71 हजार बच्चे कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। गाज़ा की पूरी 21 लाख आबादी लंबे समय से खाद्य संकट का सामना कर रही है, जिसमें करीब पांच लाख लोग कुपोषण, भुखमरी, बीमारी और मौत की स्थिति में हैं। यह दुनिया के सबसे गंभीर भूख संकटों में से एक है, जो इस समय सामने आ रहा है। उल्लेखनीय है कि फलस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को बढ़ाने की अमे. रिकी योजना को अस्वीकार किए जाने के बाद 18 मार्च को, इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए।

## अल जजीरा के संचालन पर हटा प्रतिबंध

**रामल्लाह।** फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने अल जज़ीरा टीवी पर लगाए गए महीनों पुराने प्रतिबंध को हटा लिया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अब यह कतर आधारित मीडिया चैनल मंगलवार से फलस्तीनी क्षेत्रों में फिर से अपना संचालन शुरू कर सकेगा। यह घटना जनवरी में शुरू हुई जब फलस्तीनी प्राधिकरण ने अल जज़ीरा पर उकसावे और नागरिक शांति के लिए खतरे का आरोप लगाते हुए उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब वेस्ट बैंक में अल जज़ीरा के ब्यूरो प्रमुख वालिद अल-ओमारी ने पुष्टि की है कि स्थानीय नियमों और मीडिया प्रोटोकॉल के तहत उनकी टीम फिर से काम शुरू करेगी। फलस्तीनी प्रशासन ने अल जज़ीरा पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। अलजजीरा पर प्रतिबंध के फैसले की आलोचना अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संगठनों और मानवा. धिकार संस्थाओं ने की थी, इसे प्रेस की आज़ादी पर हमला बताया गया था। बहरहाल, प्रतिबंध हटाने की कोई आधिकारिक वजह नही दी गई, लेकिन माना जा रहा है कि यह क्षेत्रीय मीडिया के साथ तनाव कम करने की कोशिश है।

## संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ: अल थानी

**दोहा।** कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने कहा है कि इजरायल और फलस्तीनी आंदोलन हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते को कई उल्लंघनों के कारण पूरी तरह से लागू नहीं किया गया। गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच तीन-चरणीय संघर्ष विराम समझौता जनवरी 2025 में अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के साथ पार्टियों द्वारा किया गया था। हालांकि, मार्च में संघर्ष विराम का पालन नहीं किया गया। अल थानी ने द वाशिंगटन पोस्ट अखबार को बताया, एक मध्यस्थ के रूप में मैं यथासंभव किसी पक्ष की आलोचना न करने की कोशिश करता हूं, लेकिन पहले समझौते में कई समस्याएं और उल्लंघन हुए थे, जिससे हम पक्षों के बीच विश्वास जीतने की अनुम. ति नहीं दे सके और सौदे के दूसरे चरण को जारी रख सकें। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने पश्चिम एशिया के दौरे, जिसमें दोहा की यात्रा भी शामिल है के दौरान फलस्तीनी के पक्ष में बोलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कुछ नहीं सुना, लेकिन यह अंतिम समाधान है। कतर शुरू से ही दो-राज्य समाधान में दृढ़ विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के साथ वार्ता के दौरान कई पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा और रक्षा हैं।

गौरतलब है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के साथ बैठक के बाद कहा था कि गाजा पट्टी में समझौते और बंधकों की रिहाई पर बातचीत जारी रखने के लिए 13 मई को कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजा जाएगा।